रजिस्ट्री सं. डीएल—(एन) 04/0007/2003--18 REGISTERED No. DL—(N) 04/0007/2003—18

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 51] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 22—दिसम्बर 28, 2018 (पौष 1, 1940)

No. 51] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 22—DECEMBER 28, 2018 (PAUSA 1, 1940)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	807
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1017
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	15
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	2959
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	12499
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	2113
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	2403
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	807
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1017
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	15
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	2959
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	12499
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2113
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	2403
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 5 दिसम्बर 2018

सं. 116-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. तबू राम पेगु
   अपर पुलिस अधीक्षक
2. रमन कलिता
   कांस्टेबल
3. हेमंत राजबोंगशी
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28-08-2015 को अपराह्न लगभग 9.45 बजे पुलिस अधीक्षक, चिरांग द्वारा अमगुरी पुलिस स्टेशन के तहत ऑक्सीगुड़ी गांव, जिला चिरांग में एनडीएफबी (एस) काडरों के एक कट्टरपंथी समूह की उपस्थिति के संबंध में उपलब्ध कराई गई विशिष्ट जानकारी के आधार पर, श्री तबू राम पेगु, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), चिरांग पीएसओ और असम पुलिस कमांडो के साथ तेजी से अमगुरी पुलिस स्टेशन पहुंचे और तुरंत ओसी, अमगुरी पुलिस स्टेशन और भारतीय सेना की 7वीं सिख एलआई रेजिमेंट के अधिकारियों के साथ आतंकवादियों को पकड़ने की एक योजना तैयार की।

इसके बाद, श्री पेगु पूरे अभियान दल के साथ लक्षित गांव की ओर आगे बढ़े। अचरज में डालने की स्थिति को बनाए रखने के लिए, श्री पेगु ने भीगी रात में लक्षित गांव के लिए कठिन और घूमकर जाने वाले रास्ते को लेने का फैसला किया। भारी बारिश के बीच लगभग 3 (तीन) घंटे चलने के बाद अभियान दल अगले दिन अर्थात 29-08-2015 को सुबह लगभग 1.30 बजे ऑक्सीगुड़ी गांव पहुंचा। लक्षित गांव पहुंचने पर श्री पेगु ने आतंकवादियों के बचकर भागने के सभी संभावित मार्गों को अवरुद्ध करने के लिए एक प्रभावी घेराबंदी की। सुबह की पहली किरण के समय ही, श्री पेगु ने एक तलाशी दल के साथ गांव के आस-पास के जंगल क्षेत्र में तलाशी अभियान का नेतृत्व किया। सुबह लगभग 5.15 बजे श्री पेगु के नेतृत्व में तलाशी दल ने संदिग्ध एनडीएफबी (एस) काडरों के एक समूह को देखा जिसने बांस के एक झुरमुट (ग्रोव) में शरण ले रखी थी तथा चुनौती दिए जाने पर, आतंकवादियों ने तलाशी दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। श्री पेगु और उनके दल ने तुरंत कवर ले लिया और आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों पक्षों के बीच परस्पर भारी गोलीबारी हुई। इस बीच, आतंकवादियों ने पास में एक धान के खेत की ओर भागना शुरू कर दिया। श्री पेगु ने 02 (दो) कमांडो, नामतः कांस्टेबल-369 रमन कलिता और कांस्टेबल- 494 हेमंत राजबोंगशी के साथ निर्भयतापूर्वक आतंकवादियों का पीछा किया और आतंकवादियों को धान के एक खेत में एक करीबी गोलीबारी में उलझा दिया जिसमें एनडीएफबी (एस) के दो आतंकवादी गंभीर रूप से घायल हो गए तथा उनके कब्जे से अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। गंभीर रूप से घायल दोनों आतंकवादियों को तुरंत वहां से निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, परन्तु चोटों के कारण अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। व्यापक तलाशी की गई और घटना स्थल से निम्नलिखित हथियार/गोला-बारूद, खाली खोखे और अन्य सामान बरामद किए गए:

बरामद सामानः—

1) 01 (एक) एम -16 राइफल, यूबीजीएल के साथ लैस।

2) 04 (चार) एम - 16 मैगजीन।

3) 100 (एक सौ) राउंड एम -16 के जिंदा (लाइव) गोला-बारूद।

4) 02 (दो) मैगजीन पाउच।

5) 01 (एक) एके सीरीज राइफल ।

6) 03 (तीन) एके सीरीज राइफल मैगजीन।

7) 36 (छत्तीस) राउंड एके सीरीज के जिंदा (लाइव) गोला-बारूद।

8) 01 (एक) 7.65 एमएम पिस्तौल।

9) 84 (चौरासी) खाली खोखे।

10) 02 (दो) पॉलीथीन शीट (काले रंग की)।

11) 02 (दो) बैकपैक बैग (काले रंग के)।

तत्काल मुठभेड़ में, श्री तबू राम पेगु, अपर पुलिस अधीक्षक ने कांस्टेबल रमन कलिता तथा कांस्टेबल हेमंत राजबोंगशी के साथ बांस के झुरमुट (ग्रोव) से होकर उग्रवादियों का पीछा करने में असाधारण साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया, जबकि उग्रवादी उन पर गोलियों की बौछार कर रहे थे। श्री पेगु और कमांडो लगातार अपनी पोजिशन को बदलते रहे और इस बात को भलीभांति जानते हुए कि उनकी जान जोखिम में है, वे नजदीक से आतंकवादियों के खिलाफ बहादुरी से लड़े। भारी गोलीबारी के बावजूद श्री पेगु ने अपना संयम बनाए रखा, अपने अभियान दल के साथ समन्वय बनाए रखा और अपने सहयोगियों के हताहत होने से बचने के लिए अपनी चतुराई का सहारा लिया।

इस अभियान में सर्व/श्री तबू राम पेगु, अपर पुलिस अधीक्षक, रमन कलिता, कांस्टेबल और हेमंत राजबोंगशी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29/08/2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 117-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री विनय कुमार शर्मा
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13.04.2000 को सुबह श्री नीरज सिन्हा, पुलिस अधीक्षक, बक्सर, जो कि पहले से मंजूर छुट्टी पर जाने वाले थे, को एक संदेश मिला कि राजपुर पुलिस स्टेशन के तहत गांव जैतपुर में पुलिस और अपराधियों के बीच एक मुठभेड़ चल रही है। उन्होंने अपनी छुट्टी स्थगित कर दी और उपलब्ध सशस्त्र बल के साथ जैतपुर की ओर चल पड़े। वहां पहुंचने पर उन्हें यह बताया गया कि काशी राजभर के घर में कुछ भारी सशस्त्र अपराधी टिपन सिंह नामक एक अपहृत व्यक्ति की रखवाली कर रहे हैं। इस जानकारी के प्राप्त होने पर, ओसी राजपुर पुलिस स्टेशन ने अपने बल के साथ संदिग्ध घर को घेर लिया और तलाशी के लिए उसका दरवाजा खोलने की कोशिश की। घर में छिपे हुए अपराधियों ने पुलिस पर गोलीबारी की। पुलिस को आत्मरक्षा में रूक-रूक कर नियंत्रित गोलीबारी का सहारा लेना पड़ा।

जब श्री सिन्हा घटना स्थल पर पहुंचे, तब अपराधियों और पुलिस के बीच रूक-रूक कर गोलीबारी चल रही थी। गोलीबारी केवल काशी राजभर के ही घर से नहीं हो रही थी, बल्कि कभी-कभी आस-पास के कुछ घरों से भी हो रही थी, जिससे यह आभास हुआ कि अपराधी समय-समय पर इन घरों के बीच आ-जा रहे हैं। गोलीबारी के बावजूद, श्री सिन्हा घटना स्थल के चारों ओर घूमे और पुलिस दल को निर्देश देते रहे कि उन्हें कहां और किस तरह से पोजिशन लेनी चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए। काशी राजभर के घर का दरवाजा खुलवाने की कोशिश करने के लिए श्री सिन्हा ने एक टीम गठित की, जिसमें श्री अनवर हुसैन, निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा और उप निरीक्षक श्री कांत राम शामिल थे और उन्होने टीम के सदस्यों को अभियान की रणनीति तथा सावधानियों के बारे में अवगत कराया। टीम सतर्कता से आगे बढ़ी, जबकि श्री सिन्हा ने कवरिंग गोलीबारी प्रदान की। गांव के भाग रहे कुछ डरे ग्रामीणों ने गुप्त रूप से श्री सिन्हा को सूचित किया कि गांव में छिपे हुए अपराधी सुरेश राजभर के कुख्यात गिरोह से संबंधित थे जिसने कई गंभीर अपराध किए थे। उन्होंने यह भी बताया कि जैतपुर और पड़ोसी गांवों में मुख्य रूप से सुरेश राजभर की जाति के लोगों की आबादी है जिनके इन गांवों में कई समर्थक हैं। इसलिए श्री सिन्हा ने पुलिस दलों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की चेतावनी दी। अंधेरा होने के तुरंत बाद, पुलिस दलों पर कई दिशाओं से अचानक भारी गोलीबारी होने लगी। श्री सिन्हा ने तुरंत पुलिस दलों को पोजिशन लेने और जवाबी गोलीबरी करने का निदेश दिया। पुलिस दलों ने तुरंत जवाबी गोलीबारी की। श्री सिन्हा ने देखा घिरे हुए अपराधियों के सशस्त्र समर्थक जैतपुर गांव के बाहर खेतों में बड़ी संख्या में इक्कट्ठे हो गए हैं, और पुलिस पर भारी गोलीबारी कर रहे हैं। यह वास्तव में पुलिस के लिए अग्नि परीक्षा थी। अंधेरे में और विभिन्न दिशाओं से भारी गोलीबारी की भयावाह आवाजों के बीच, कई पुलिस दलों के सदस्य ऐसे स्थानों की सही पहचान नहीं कर पाए, जहां से उन पर गोलीबारी की जा रही थी। वहां मौजूद अधिकांश पुलिस कर्मी रात की गोलीबारी के अभ्यस्त नहीं थे। श्री सिन्हा ने पुलिस कर्मियों को जवाबी गोलीबारी करने का निदेश दिया। गांव के भीतर अपराधियों द्वारा रूक-रूक कर गोलीबारी निरंतर जारी रही। श्री सिन्हा ने आकलन किया कि गांव में छिपे हुए अपराधियों ने बहुत सुरक्षित और मजबूत पोजिशन ली हुई है। इसलिए गोलीबारी से उन्हें उनकी पोजिशन से हिलाने में सफलता की संभावना नहीं थी। उन्हें अपनी पोजिशन छोड़ने के लिए मजबूर करने के लिए ग्रेनेड आवश्यक प्रतीत हुए, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। अतः उन्होंने वायरलेस पर ग्रेनेडों के लिए अनुरोध किया। मध्यरात्रि के बाद एसपी रोहतस श्री एस. के. सिंघल ग्रेनेड से सुसज्जित एक पुलिस दल के साथ पहुंचे। अंधेरे में अपराधियों द्वारा रूक-रूक कर गोलीबारी के बावजूद, श्री सिन्हा और श्री सिंघल ने घटना स्थल के निकट और उसके दक्षिण में पोजिशन ले ली। अपराधियों और पुलिस के बीच रात भर रूक-रूक कर गोलीबारी जारी रही। दिनांक 14.4.2000 को सुबह होने के बाद श्री सिन्हा के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने संदिग्ध घरों की तलाशी शुरू कर दी। काशी राजभर के घर से, टिपन सिंह को बरामद किया गया, जिनका सशस्त्र अपराधियों द्वारा फिरौती के लिए अपहरण किया गया था। उक्त घर से एक देसी राइफल, जिसके चैंबर में जिंदा (लाइव) गोली थी, कई खाली कारतूस, कई पुलिस वर्दियां, आईपीएस बैज के साथ एक पीक कैप, सीआरपीएफ बैज के साथ एक टोपी और एक राइफल साफ करने की रॉड भी बरामद हुई। श्री तपन सिंह ने बताया कि 5 सशस्त्र अपराधियों ने उन्हें उक्त घर में रखा हुआ था तथा दिनांक 13.4.2000 को जब पुलिस पहुंची थी तब 2 अपराधी बच कर भाग निकले थे और शेष 3 अपराधी एक सीढ़ी का उपयोग करके सटे हुए घर में भाग गए थे। जब पुलिस एक संकीर्ण गली के माध्यम से विश्वनाथ राजभर के घर की तरफ आगे बढ़ रही थी, तब अचानक घर के अंदर से पुलिस पर कई राउंड गोलियों की बौछार की गई। जब तक पुलिस कवर ले पाती, तब तक कांस्टेबल ललन सिंह को उनकी बाईं कोहनी के पास एक गोली लग गई तथा हवलदार हीरा प्रसाद को उनके बाएं घुटने के नीचे गोली की चोटें लग गईं। अपराधियों ने उक्त घर से पुलिस पर भारी गोलीबारी जारी रखी। श्री सिन्हा ने अपराधियों को उनकी पोजिशन से हटाने के लिए ग्रेनेड का उपयोग करने का फैसला किया। लेकिन इन ग्रेनेडों का बहुत अधिक प्रभाव नहीं पड़ा। तब श्री सिन्हा ने उस कमरे, जिसमें अपराधी छिपे हुए थे की दीवार में छिद्र बनाने और इन छिद्रों के माध्यम से ग्रेनेड डालने का निर्णय लिया। जब अपराधियों को कवरिंग गोलीबारी से उलझाए रखा गया था, तब निरीक्षक कुमार, एसआई ए के मिश्रा, वी के शर्मा और एस के राम सहित कुछ अधिकारी रेंगकर विश्वनाथ राजभर के घर तक गए और उन्होने दीवारों में छिद्र बना दिए। फिर श्री सिन्हा, श्री सिंघल और कांस्टेबल सुधीर कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, रवीन्द्र राय और राधे श्याम प्रसाद ग्रेनेड से लैस होकर रेंगते हुए कवरिंग गोलीबारी का फायदा उठाते हुए उक्त घर तक पहुंच गए। अपराधी दीवारों में बनाए गए छिद्रों के माध्यम से भी गोलीबारी कर रहे थे। जान को गंभीर खतरे का सामना करते हुए, श्री सिन्हा और श्री सिंघल तथा ग्रेनेड टीम के सदस्यों ने दीवारों में बनाए गए छिद्रों के माध्यम से चार हथगोले फेंक दिए। लेकिन घर के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। इसके बाद, विश्वनाथ राजभर के घर और सटे हुए घरों की तलाशी ली गई। विश्वनाथ राजभर के घर के आंगन में एक अज्ञात अपराधी का शव पाया गया, जिसके पास से एक नियमित डीबीबीएल बंदूक, 12 जिन्दा (लाइव) और कई खाली कारतूस मिले। इसी घर के दक्षिण-पूर्वी कमरे में एक और अज्ञात अपराधी का शव मिला जिसके पास से एक माउजर राइफल, 170 जिन्दा (लाइव) कारतूस, 5 अन्य जिन्दा कारतूस, एक ग्रेनेड, इसका फ्यूज, और तीन विस्फोटक जिलेटिन स्टिक मिलीं। घर के दक्षिण-पश्चिमी कमरे में एक तीसरे अज्ञात अपराधी का शव मिला, जिसके पास से दो नियमित राइफल, 107 लाइव राइफल कारतूस तथा कई खाली राइफल कारतूस मिले।

इस अभियान में, श्री विनय कुमार शर्मा, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13/04/2000 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 118-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अमोल कुमार खाल्खो,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

कांकेर जिले के केशकोरी गांव में सीपीआई (माओवादी) कॉडरों की मौजूदगी के संबंध में विश्वसनीय आसूचना संबंधी जानकारी के आधार पर, दिनांक 02-02-2016 को निरीक्षक अमोल खाल्खो की समग्र कमान में डीईएफ, एसटीएफ और बीएसएफ की 140वीं बटालियन का एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। श्री अमोल कुमार खाल्खो ने गांव की क्रमशः दाईं और बाईं ओर से घेराबंदी करने के लिए अभियान दल को दो समूहों में अर्थात डीईएफ/एसटीएफ और बीएसएफ में बांट दिया।

जैसे दल केशकोरी गांव की ओर आगे बढ़े, लगभग 16.30 बजे पुलिस कार्मिकों को गंभीर रुप से हताहत करने के इरादे से भारी सशस्त्र नक्सलियों ने अचानक पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्यदल के कमांडर ने तुरंत अपने कार्मिकों को सतर्क कर दिया और उन्हें पोजिशन लेने तथा चतुराई से नक्सलियों के स्थान की तरफ आगे बढ़ने का आदेश दिया। सैन्यदल के कमांडर ने सैन्यदल की पहचान की घोषणा की और नक्सलियों को अंधाधुंध गोलीबारी रोकने के लिए चेतावनी दी। बार-बार चेतावनी के बावजूद, नक्सली पुलिस दल पर भारी गोलीबारी कर रहे थे। सुरक्षा बलों ने खुद को फिर से छोटी यूनिटों में गठित किया और चतुराई से उस स्थान की ओर आगे बढ़े जहां से नक्सली गोलीबारी कर रहे थे। आत्मरक्षा में, सैन्यदल के कमांडर ने अपने कार्मिकों के साथ गोलीबारी शुरू कर दी।

इस महत्वपूर्ण अभियान में, उन्होंने व्यवस्थित योजना का प्रर्दशन किया तथा श्री अमोल कुमार खाल्खो, निरीक्षक ने साहस, बहादुरी, नेतृत्व गुणों, कर्तव्यपरायणता का दुर्लभ और असाधारण उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने संयुक्त दल के सभी बलों का व्यवस्थित योजना और कुशल नेतृत्व के साथ मार्गदर्शन दिया। श्री अमोल कुमार खाल्खो ने बहुत सारे नक्सली अभियानों में योगदान किया है और उन्हें सफलता भी मिली है। फिर उनकी प्रतिभा और कर्तव्य को पूरा करने के लिए अपने को न्यौछावर कर देने वाले चरित्रपूर्ण नेतृत्व से भी नक्सली अभियानों में लाभ मिला है तथा खाल्खो के नेतृत्व में पुलिस को नक्सली अभियानों में कॉफी सफलता मिली है।

इस अभियान में, श्री अमोल कुमार खाल्खो ने साहस, बहादुरी, नेतृत्व गुण, भारत माता के प्रति कर्तव्यपरायणता का एक दुर्लभ और असाधारण उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस अभियान में श्री अमोल कुमार खाल्खो, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02/02/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 119-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. राजेश देवदास,
निरीक्षक

02. अनंत प्रधान,
उप निरीक्षक

03. मंगल माझी,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04-08-2016 को पुलिस अधीक्षक, दांतेवाड़ा को भैरमगढ़ एरिया कमांडर संजय की अपने सदस्यों के साथ उपस्थिति के बारे में जानकारी मिली। यह जानकारी विशेष आसूचना शाखा के कांस्टेबल, मंगल सिंह माझी द्वारा जुटाई गई थी। मंगल सिंह माझी ने एसपी दांतेवाड़ा को बताया कि कुंडर गांव के जंगल में 15-20 सशस्त्र माओवादी मौजूद हैं और वे अलनार और कुंडेनर के रास्ते इंद्रवती नदी को पार करने की योजना बना रहे हैं। श्री राजेश देवदास, निरीक्षक, पुलिस स्टेशन दांतेवाड़ा के एसएचओ, श्री विनोद एक्का, उप निरीक्षक, संग्राम सिंह, एएसआई, श्री भिश्नसेन भारती तथा पुलिस स्टेशन फरसपल के दो हेड कांस्टेबलों, 12 कांस्टेबलों, 04 सहायक कांस्टेबलों और दांतेवाड़ा के डीआरजी के एक संयुक्त दल को प्रभावी घेराबंदी करने और माओवादियों के इरादे को नाकाम करने के लिए तैनात किया गया। एसपी दांतेवाड़ा ने पुलिस दल को जानकारी से अवगत कराया और पुलिस दल को विस्तृत हिदायत दी गई।

पुलिस दल लक्षित क्षेत्र की ओर चल पड़ा और उन्होंने कच्चा वैली में कुंडर के पास घात लगाई। दिनांक 05.08.2016 को लगभग 05.45 बजे, कुछ ग्रामवासियों ने पुलिस दल को देखा और माओवादियों को सतर्क कर दिया। माओवादियों ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने भी अभूतपूर्व वीरता और बहादुरी से जवाबी गोलीबारी की। निरीक्षक श्री राजेश देवदास और उप निरीक्षक अनंत प्रधान ने सामने से पुलिस दल का नेतृत्व किया और विभिन्न पुलिस सैन्यदलों के साथ बड़े पैमाने पर समन्वय स्थापित किया। पुलिस दल के पलड़े को भारी देखकर माओवादी पीछे हट गए और घने जंगल का फायदा उठाकर पहाड़ की ओर भाग गए। मुठभेड़ में दो पुरूष और एक महिला माओवादियों को निष्क्रिय कर दिया गया। इन माओवादियों की पहचान फागू तेलम उर्फ निशांत निवासी पुरमेल, पुलिस स्टेशन मिर्तुर के रूप में हुई तथा एक मजल भरी हुई बंदूक बरामद की गई। दूसरे माओवादी की पहचान अजीत मुरिया निवासी जगरगुंडा (जगरगुंडा एलओएस के सदस्य) के रूप में हुई तथा एक 0.315 बोर देसी राइफल बरामद की गई। महिला माओवादी की पहचान मनीला उर्फ मनकी उर्फ गीता निवासी पुसलंका, पुलिस स्टेशन कुत्रू (एनआईबी कंपनी की सदस्या) के रूप में हुई।

निरीक्षक राजेश देवदास और उप निरीक्षक अनंत प्रधान ने माओवादियों की अंधाधुंध गोलीबारी में निडर साहस और असाधारण बहादुरी का प्रदर्शन किया। माओवादियों की घेराबंदी में उनका नेतृत्व महत्वपूर्ण था। उनकी योजना और त्वरित निर्णय लेने के कारण माओवादी को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा, और माओवादियों के भारी संख्या में होने के बावजूद पुलिस दल को कोई नुकसान नहीं हुआ।

यह केवल विशेष आसूचना शाखा के कॉन्स्टेबल मंगल माझी की इस विशिष्ट जानकारी के कारण था, जिससे पुलिस दल माओवादियों को भारी नुकसान पहुंचा पाया और सशस्त्र माओवादियों को मार गिराया गया।

इस कार्रवाई में श्री राजेश देवदास, निरीक्षक और श्री अनंत प्रधान, उप निरीक्षक ने संकट के समय अपने सैन्यदलों को अनुकरणीय नेतृत्व प्रदान किया। जब उनके दल पर माओवादियों ने हमला किया, तो उन्होंने अत्यधिक सूझबूझ तथा उत्कृष्ट अभियान बोध का प्रदर्शन किया। श्री राजेश देवदास, निरीक्षक और श्री अनंत प्रधान, उप निरीक्षक अपने जीवन की परवाह किए बिना लड़े, उन्होंने अपने साथियों को एक-दूसरे की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया, उनके कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व के तहत पुलिस कार्मिक भलीभांति यह जानते हुए कि हर कदम घातक हो सकता है, नक्सली हमले का सामना करने के लिए आगे बढ़ते रहे।

इस अभियान में सर्व/श्री राजेश देवदास, निरीक्षक, अनंत प्रधान, उप निरीक्षक और मंगल माझी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05/08/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 120-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रमन उसेन्डी,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री रमन उसेन्डी, निरीक्षक वर्ष 2004 में कांस्टेबल के रूप में पुलिस बल में शामिल हुए थे और उन्हें वन टाइम प्रमोशन स्कीम के तहत वर्ष 2012 में उप-निरीक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया था। दिसम्बर, 2015 में उन्हें अत्यधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात किया गया था।

दिनांक 01.01.2016 को, 10:30 बजे डीआरजी दल कुतुल की निकटतम पहाड़ी तक पहुंचा और कुतुल की ओर बढ़ रहा था। रास्ते में उन्होंने पहाड़ी की दूसरी तरफ सशस्त्र नक्सलियों को देखा। डीआरजी बल ने तुरंत एक से अधिक फॉरमेशन बनाकर नक्सलियों की घेराबंदी करने का फैसला किया। पुलिस दल को अपनी ओर आते देखकर, नक्सलियों ने पुलिस दल को हताहत करने के इरादे से गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने आत्मरक्षा के उद्देश्य से जवाबी गोलीबारी की। पुलिस दल को हावी होता देखकर, नक्सली सभी दिशाओं में भागने लगे। डीआरजी दल ने नक्सलियों का पीछा किया और उन्हें सभी दिशाओं से घेर लिया। यह देखकर नक्सलियों ने घायल नक्सलियों को अपने साथ लेकर पहाड़ी की ओर भागना शुरू कर दिया परन्तु पुलिस दल ने उनका पीछा किया और वे पहाड़ी पर चढ़ गए। यह देखकर नक्सलियों ने फिर से गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका जवाब पुलिस पक्ष ने गोलीबारी से दिया। श्री रमन उसेन्डी, उप निरीक्षक ने अपनी पुलिस फॉरमेशन के साथ नक्सलियों का पीछा किया, परस्पर भारी गोलीबारी हुई तथा उपर्युक्त कार्मिकों ने कठिन परिस्थिति में अदम्य वीरता और बहादुरी का प्रदर्शन किया। पुलिस पार्टी के प्रभुत्व को देखकर, नक्सली जंगल में भाग गए। पुलिस दल के प्रभारी श्री रमन उसेन्डी ने क्षेत्र की तलाशी कराई तथा लख्खू क्वाशी और कमालु दंडामिआंड नाम के दो नक्सलियों के शव मिले तथा तीन नक्सली चैतू वर्दा, विकास उसेन्डी और नरका वर्दा गिरफ्तार किए गए। पुलिस दल ने घटनास्थल से एक 303 राइफल, तीन 315 राइफल, तीन 12 बोर राइफल, एक देसी राइफल (भरमार), 315 राइफल के 35 राउंड, एसएलआर राइफल के 6 राउंड तथा अन्य विध्वंसक सामग्री, दो काली वर्दियां आदि बरामद कीं।

इस अभियान में, श्री रमन उसेन्डी, उप निरीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01/01/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 121-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रोशन कौशिक,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

निरीक्षक रोशन कौशिक ने दिनांक 05-10-2016 को नारायणपुर जिले के जंगलों में नक्सलियों के साथ पारस्परिक गोलीबारी के दौरान असाधारण साहस और सूझबूझ का प्रदर्शन किया। आसूचना संबंधी जानकारी मिलने पर, श्री कौशिक ने तुरंत अपने दल को अवगत कराया तथा बिना कोई विलंब किए वे दिनांक 04-10-2016 को लक्षित क्षेत्र के लिए चल पड़े। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि दल पूरी तरह से नक्सल रोधी तथा तलाशी अभियान के लिए आवश्यक हथियार-गोला बारूद और विशेष उपकरणों से लैस है।

दिनांक 05-10-2016 को, जैसे ही श्री कौशिक अपने दल के साथ कुंडुल-गुमचुर क्षेत्र में पहाड़ी के समीप पहुंचे, पहाड़ी के पास छिपे हुए नक्सलियों ने एके -47, एलएमजी, आईएनएसएएस, एसएलआर आदि जैसे अपने स्वचालित हथियारों से पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। श्री कौशिक ने तुरंत अपने सैनिकों को उचित कवर लेने और आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी करने का निर्देश दिया। इसके परिणामस्वरूप, नक्सलियों और पुलिस दल के बीच भारी पारस्परिक गोलीबारी हुई। इस बीच, नक्सली अपनी जान के डर से, पहाड़ी की तरफ भाग गए ताकि वे पहाड़ी बनावट का लाभ उठा सकें।

यह भांपकर, निरीक्षक कौशिक ने 4-5 पुलिसकर्मियों के साथ रेंगते हुए आगे बढ़ना शुरू कर दिया, जबकि गोलियां उनके ऊपर से निकल रहीं थी। पारस्परिक गोलीबारी लगभग एक घंटे तक जारी रही और फिर आखिरकार नक्सली जंगलों में भाग निकले। क्षेत्र की तलाशी करने पर, पुलिस दल ने आईएनएसएएस राइफल-01, भरमार - 01, 315 राइफल-01 के साथ एक वर्दीधारी नक्सली का शव बरामद किया। आईएनएसएएस आईएमजी मेक-02, आईएनएसएएस राइफल मेक-02, आईएनएसएएस राउंड-46, चाकू-01, टॉर्च-01, ब्लैक बैल्ट-01, कॉम्फ्लॉज कैप-02, फ्लैश कैमरा-02, पॉउच-01 तथा अन्य दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं भी बरामद की गई। पुलिस दल में कोई हताहत नहीं हुआ। बाद में यह पता चला कि पारस्परिक गोलीबारी नक्सलियों की कंपनी नंबर 5 के साथ हुई थी, जो कि भारी सशस्त्र थी। मृत नक्सली की पहचान उसके प्लाटून कमांडर सैंटू पिनेम निवासी भैरमगढ़ (बीजापुर) के रूप में हुई। इस प्रकार, निरीक्षक रोशन कौशिक ने न केवल मोर्चे की अगुवाई करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया बल्कि अपनी जान की परवाह किए बिना तुरंत कार्रवाई की।

इस अभियान में श्री रोशन कौशिक, निरीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05/10/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 122-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का 7वां बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	संजीव कुमार यादव, उप पुलिस आयुक्त	(वीरता के लिए पुलिस पदक का 7वां बार)
02.	ललित मोहन नेगी, निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
03.	हृदय भूषण, निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
04.	रमेश चन्द्र लांबा, निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05.	सुखबीर सिंह, उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिल्ली और हरियाणा के सबसे बेखौफ अपराधी नामतः सुरेंद्र मलिक उर्फ नीतू दाबोधा और संदीप चितानिया (जिसकी दिनांक 17 मई 2012 को सोनीपत, हरियाणा में हरियाणा पुलिस के साथ मुठभेड़ में मृत्यु हो गई थी) दिनांक 2 अप्रैल, 2012 को उस समय द्वारका क्षेत्र में हरियाणा पुलिस की हिरासत से भाग निकले थे, जब उन्हें साकेत कोर्ट में पेशी के बाद भोंडसी जेल वापस ले जाया जा रहा था।

जब विशेष सेल ने अभियुक्त सुरेंद्र मलिक उर्फ नीतू को गिरफ्तार करने के अपने प्रयासों को बढ़ा दिया, तब यह पता चला कि उन्होंने अपने सहयोगियों नामतः आलोक गुप्ता और किसी काले के साथ मिलकर दिनांक 25/26.11.2012 के बीच की रात के दौरान पुलिस स्टेशन कंझावाला, दिल्ली में तैनात दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल राम किशन की हत्या कर दी थी, जिसने कंझावाला, दिल्ली में जोंटी पुलिस पिकेट पर उन्हें पिकेट जांच के दौरान रोका था। दिनांक 18.02.2013 को, विशेष सेल और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीमों तथा अभियुक्त सुरेंद्र मलिक उर्फ नीतू दाबोधा उर्फ मोहित और उसके सहयोगियों के बीच सरदूलगढ़, जिला मनसा, पंजाब में एक मुठभेड़ हुई, जिसमें अभियुक्त नीतू दाबोधा गोली लगने से घायल हो गया, लेकिन वह भागने में सफल हो गया, परंतु उसके सहयोगी दयानंद निवासी हरियाणा और तीन अन्य स्थानीय सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उस मुठभेड़ में अभियुक्त दयानंद भी गोली लगने से घायल हो गया था।

दिनांक 24.10.2013 को एक विशिष्ट जानकारी मिली कि अभियुक्त सुरेंद्र मलिक उर्फ नीतू दाबोधा और उसके सहयोगी, जिनकी संख्या का कोई पता नहीं था, के शाम के समय देर से होटल ग्रैंड, वसंत कुंज से सटी हुई सर्विस रोड़ पर स्थित पेट्रोल पंप के पास कहीं एक सफेद हुंडई आई-20 कार में आने की संभावना है जिसमें दिल्ली की नंबर प्लेट 3716 है। यह भी जानकरी मिली कि नीतू की यह यात्रा फिरौती के लिए किसी अज्ञात व्यक्ति के सनसनीखेज अपहरण की योजना बनाने के लिए अपने किसी मध्यस्थ से मिलने के लिए है। तदनुसार, अपराधियों की संदिग्ध कार का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए एक छापे (रेड) का आयोजन किया गया।

रात्रि के लगभग 10.30 बजे संदिग्ध कार को तीन सवारियों के साथ पेट्रोल पंप के समीप देखा गया। तथापि, पुलिस की मौजूदगी को भांपकर कार में सवार लोग अपनी कार से होटल ग्रैंड से सी-5 ब्लॉक, वसंत कुंज की ओर जाने वाली लिंक रोड पर भाग गए। विशेष सेल की टीमों द्वारा विभिन्न वाहनों में उनका पीछा किया गया।

एक छोटे से पीछे के बाद, एसीपी मनीषी चन्द्र द्वारा तेजी से बांई ओर मुड़कर स्वयं उनके द्वारा चलाई जा रही स्कार्पियो कार से अपराधियों की आई-20 कार को रोक लिया गया। अपराधियों ने ब्रेक लगाने के बजाय अपनी आई -20 कार को स्कार्पियो कार में भिड़ा दिया। इसके तुरंत बाद सभी तीन अपराधी अपनी कार से उतर गए और अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे। आगे की ओर बाईं तरफ बैठे अपराधी ने मनीषी चन्द्र, एसीपी द्वारा चलाई जा रही स्कार्पियो कार पर गोली दागी और वह आगे की ओर भागा जबकि चालक और पीछे की सीट पर बैठा तीसरा सवार अंधाधुंध गोली चलाते हुए पीछे की ओर होटल ग्रैंड की तरफ भागे। इस बीच निरीक्षक हृदय भूषण, उप निरीक्षक रविंदर जोशी के नेतृत्व वाली टीम ने संदिग्ध अपराधियों की दुर्घटनाग्रस्त आई-20 कार और स्कार्पियो कार को ओवरटेक कर लिया और दुर्घटनाग्रस्त कारों के सामने पोजिशन ले ली तथा टीम के सदस्यों ने उतरकर उपयुक्त पोजिशन ले ली।

अपराधी, जिसकी पहचान बाद में अभियुक्त सुरेंद्र मलिक उर्फ नीतू दाबोधा के रूप में हुई, जो स्कार्पियो कार पर गोली चलाने के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के सामने की तरफ भाग गया था, को डीसीपी संजीव कुमार यादव और निरीक्षक हृदय भूषण और दल के अन्य सदस्यों द्वारा अपनी पहचान का खुलासा करके चुनौती दी गई तथा उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन इसके बजाय, उसने पुलिस दल के सदस्यों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की। उसके द्वारा दागी गईं बंदूक की दो गोलियां उप निरीक्षक रवीन्द्र जोशी को उनके द्वारा पहनी गई बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगीं। आत्मरक्षा में और अपनी जान बचाने के लिए, पुलिस दल के सदस्यों द्वारा भी अपराधी पर गोलियां चलाई गईं, जो घायल हो गया और सड़क के किनारे गिर गया। उसके बगल में एक 'वेबले' रिवाल्वर पड़ी हुई पाई गई। एक छोटी सी दौड़ के बाद, उनमें से एक बाईं तरफ सड़क पार कर गया और उसे निरीक्षक ललित मोहन नेगी के दल, जिसमें उप निरीक्षक सुखबीर सिंह और अन्य कार्मिक शामिल थे द्वारा रोका गया। ललित मोहन नेगी ने अपनी पहचान का खुलासा किया और अपराधी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन इसके बजाय उसने पुलिस दल के सदस्यों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा उसके द्वारा दागी गई एक गोली उप निरीक्षक सुखबीर सिंह द्वारा पहनी गई बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। आत्मरक्षा में और अपनी जान बचाने के लिए, पुलिस दल के सदस्यों द्वारा भी अपराधी पर गोलियां चलाई गईं, जो घायल हो गया और सड़क के किनारे गिर गया। उसकी पहचान बाद में अभियुक्त आलोक गुप्ता निवासी कन्नौज (यूपी), अभियुक्त नीतू दाबोधा के करीबी सहयोगी के रूप में हुई। एक स्टील रंग की पिस्तौल उसके बगल में पड़ी पाई गई।

तीसरा अपराधी, जो सड़क के दाहिने तरफ होटल ग्रैंड की तरफ जाने वाली सड़क पर दौड़ रहा था तथा अपने हाथ में हथियार पकड़े हुए था, को निरीक्षक रमेश चन्द्र लांबा के दल द्वारा रोक दिया गया था। रमेश चन्द्र लांबा ने संदिग्ध अपराधी के समक्ष अपनी पहचान का खुलासा किया और उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन इसके बजाय उसने पुलिस दल के सदस्यों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा उसके द्वारा दागी गई एक गोली निरीक्षक रमेश चन्द्र लांबा द्वारा पहनी गई बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। आत्मरक्षा में और अपनी जान बचाने के लिए, पुलिस दल के सदस्यों द्वारा भी अपराधी पर गोलियां चलाई गईं, जो घायल हो गया और सड़क के किनारे गिर गया। उसकी पहचान बाद में अभियुक्त दीपक गुप्ता निवासी उत्तम नगर, दिल्ली, अभियुक्त नीतू दाबोधा के सहयोगी के रूप में हुई। उसके बगल में एक रिवाल्वर पड़ी मिली, जिस पर "मेक इन यूएसए'' उकेरा हुआ था। सभी तीन घायल अपराधियों को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां सभी तीन को मृत लाया घोषित कर दिया गया।

इस अभियान में सर्व/श्री संजीव कुमार यादव, उप पुलिस आयुक्त, ललित मोहन नेगी, निरीक्षक, हृदय भूषण, निरीक्षक, रमेश चंद्र लांबा, निरीक्षक और सुखबीर सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24/10/2013 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 123-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. नीवा जैन, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

02. नासिर अहमद, अपर पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

03. कुलजीत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

04. संजीव सिंह स्लाथिया, निरीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20/03/2015 को प्रातः 6:15 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष कठुआ में एक जानकारी प्राप्त हुई कि युद्धक वर्दी पहने दो भारी सशस्त्र फिदायीन राजबाग पुलिस स्टेशन में घुस गए हैं और उन्होंने भारी गोलीबारी की है जिससे एक संतरी और एक नागरिक की मौके पर ही मौत हो गई है। जानकारी प्राप्त होने पर एसपी कठुआ अधिकारियों के एक दल, जिसमें श्री नासिर अहमद, अपर एसपी, कठुआ, श्री मुशीम अहमद, डीएसपी मुख्यालय, कठुआ, श्री कुलजीत सिंह, डीएसपी, डीएआर और निरीक्षक संजीव स्लाथिया, एसएचओ कठुआ शामिल थे, के साथ हमले का जवाब देने तथा और क्षति को रोकने के लिए न्यूनतम संभव समय में राजबाग पुलिस स्टेशन की ओर रवाना हो गए। मौके पर पहुंचने पर श्री दिवाकर सिंह, एसडीपीओ सीमा चडवाल द्वारा एसपी कठुआ को फिदायीनों की उपस्थिति के बारे में स्थिति की जानकारी दी गई, जो पुलिस स्टेशन की इमारत के अंदर छिपे हुए थे। पुलिस स्टेशन भवन की घेराबंदी करने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गईं ताकि फिदायीन भवन से न भाग पाएं और भागने के सभी रास्तों को तुरंत सील कर दिया गया। श्री दिवाकर सिंह, एसडीपीओ सीमा चडवाल, और निरीक्षक संजीव स्लाथिया, एसएचओ कठुआ पुलिस स्टेशन, ने अपने पीएसओ और अन्य पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस स्टेशन के सामने के भाग को कवर किया जबकि श्री मुशीम अहमद, डीएसपी मुख्यालय, कठुआ और श्री कुलजीत सिंह, डीएसपी डीएआर कठुआ ने पर्याप्त कर्मियों के साथ पुलिस स्टेशन भवन के दाहिने हिस्से को कवर किया, जहां पर भागने के एक रास्ते का पता चला था और इस तरह फिदायीनों के भागने की किसी भी संभावना को समाप्त कर दिया गया। इस बीच पुलिस स्टेशन भवन की चाहरदीवारी के बाहर बाईं ओर तथा पीछे की ओर दो दलों को तैनात कर दिया गया। एसपी कठुआ स्थिति का जायजा लेने के लिए श्री नासिर अहमद, अपर एसपी कठुआ के साथ सटे हुए भवन (फैमिली क्वार्टर) की छत पर गए क्योंकि सीआरपीएफ के जवान जो कि पुलिस स्टेशन भवन की पहली मंजिला पर फंसे हुए थे, सबसे पहले उन्हें बिना किसी नुकसान के बाहर निकाला जाना था। इस बीच फिदायीनों के द्वारा भीतर से भारी गोलीबारी जारी रही, जिसका सामने से श्री दिवाकर सिंह तथा निरीक्षक संजीव स्लाथिया, एसएचओ कठुआ पुलिस स्टेशन के नेतृत्व वाले तथा दाईं ओर को कवर कर रहे डीएसपी मुख्यालय कठुआ श्री मुशीम अहमद और डीएसपी डीएआर, श्री कुलजीत सिंह के नेतृत्व वाले दलों द्वारा प्रभावी रूप से जवाब दिया गया। श्री दिवाकर सिंह, एसडीपीओ सीमा, चडवाल और निरीक्षक संजीव स्लाथिया के नेतृत्व वाले दलों ने सामने की तरफ से और श्री मुशीम अहमद, डीएसपी मुख्यालय, कठुआ तथा श्री कुलजीत सिंह, डीएसपी डीएआर कठुआ के नेतृत्व वाले दलों ने दाईं तरफ से कवर फायर प्रदान करके फिदायीनों को उलझा दिया और पुलिस स्टेशन भवन के प्रथम तल पर फंसे हुए सीआरपीएफ के जवानों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गया। बाहर निकाले गए सीआरपीएफ के जवानों से पूछताछ करने पर यह साफ हो गया कि एक फिदायीन पहले तल पर छिपा हुआ है जबकि दूसरा भूतल पर छिपा है। एसपी कठुआ तथा

अपर एसपी, कठुआ नासिर अहमद द्वारा सीआरपीएफ के जवानों को निकाले जाने के बाद, अन्य दो दलों के प्रमुखों श्री दिवाकर सिंह, एसडीपीओ सीमा चडवाल, श्री मुशीम अहमद, डीएसपी मुख्यालय कठुआ, श्री कुलजीत सिंह, डीएसपी डीएआर कठुआ और निरीक्षक संजीव स्लाथिया के साथ एक रणनीति बनाई गई। जबकि एसपी कठुआ और उनके दल ने कवर गोलीबारी देने के लिए पोजिशन संभाली, चाहरदीवारी को दो तरफ (सामने और दाएं तरफ) से 6 अलग-अलग स्थानों से पंक्चर किया गया। परन्तु पुलिस स्टेशन भवन के अंदर से भारी गोलीबारी जारी रही, जिसका पंक्चर की गई जगहों से प्रभावी रूप से जवाब दिया गया। फिदायीनों और पुलिस दलों के बीच पारस्परिक गोलीबारी लगभग डेढ़ घंटे तक जारी रही, लेकिन फिदायीनों को भागने का कोई भी अवसर नहीं दिया गया। आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने निरंतर गोलीबारी करते हुए प्रस्ताव को ठुकरा दिया। फिदायीन भारी मात्रा में हथियारों से लैस थे, जिन्होंने पुलिस दल को मारने की मंशा से हथगोले फेंके और गोलीयां दागीं। पुलिस दलों ने भी आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की जिसके दौरान श्री दिवाकर सिंह, एसडीपीओ सीमा चडवाल, निरीक्षक संजीव स्लाथिया, एसएचओ कठुआ पुलिस स्टेशन, श्री मुशीम अहमद, डीएसपी मुख्यालय कठुआ, श्री कुलजीत सिंह, डीएसपी डीएआर कठुआ द्वारा आंसू गैस के गोले और ग्रेनेड भी फेंके गए। कुछ समय बाद भवन के अंदर से गोलीबारी रूक गई और अवसर का लाभ उठाकर साहसिक कार्रवाई करते हुए एसपी कठुआ, अपर एसपी कठुआ, डीएसपी मुख्यालय कठुआ और डीएसपी डीएआर कठुआ एक बीपी बंकर में पुलिस स्टेशन के गेट के भीतर घुस गए, जबकि श्री दिवाकर सिंह, एसडीपीओ सीमा चडवाल और निरीक्षक संजीव स्लाथिया एसएचओ कार्यालय की ओर भागे और अपनी जान की परवाह किया बिना एक खिड़की से अंदर घुस गए। अत्यधिक साहस का प्रदर्शन करते हुए, श्री दिवाकर सिंह, एसडीपीओ सीमा चडवाल और निरीक्षक संजीव स्लाथिया ने एसएचओ कार्यालय से फिदायीनों पर गोलीबारी की और फिदायीनों को घायल कर दिया, जो अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए भवन से बाहर भागे, परन्तु फिदायीन दोनों तरफ से अर्थात एक तरफ से एसपी कठुआ सुश्री नीवा जैन, आईपीएस, श्री नासिर अहमद, एसपी कठुआ, श्री मुशीम अहमद, डीएसपी, मुख्यालय कठुआ, श्री कुलजीत सिंह, डीएसपी, डीएआर कठुआ, चडवाल और दूसरी तरफ से श्री दिवाकर सिंह, एसडीपीओ सीमा चडवाल और निरीक्षक संजीव स्लाथिया द्वारा भारी जवाबी गोलीबारी के बीच आ गए। इसके परिणामस्वरूप, फिदायीन को निष्क्रिय कर दिया गया। बंदूक की लड़ाई के दौरान, श्री दिवाकर सिंह, एसडीपीओ सीमा को एक गोली लगी, तथापि निरीक्षक संजीव स्लाथिया, एसएचओ पुलिस स्टेशन कठुआ ने अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना श्री दिवाकर सिंह, एसडीपीओ सीमा चडवाल को मुठभेड़ स्थल से बाहर निकाला। चतुराई से आगे बढ़ते हुए सुश्री नीवा जैन, आईपीएस, एसपी कठुआ, श्री नासिर अहमद, अपर एसपी कठुआ, श्री मुशीम अहमद, डीएसपी मुख्यालय कठुआ और श्री कुलजीत सिंह, डीएसपी डीएआर डीपीएल कठुआ पुलिस स्टेशन के प्रथम तल की ओर बढ़े जहां पर दूसरा फिदायीन छिपा हुआ था और उन्होंने कई गोलियां दागीं और ग्रेनेड फेंके। पुलिस दलों ने अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया और साहसी तरीके से न केवल सीआरपीएफ के 7 जवानों को पुलिस स्टेशन से सुरक्षित बाहर निकाला, बल्कि अपनी जान गंभीर खतरे में होने के बावजूद दो फिदायीनों को भी निष्क्रिय किया।

इस अभियान में, सर्व/श्री नीवा जैन, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, नासिर अहमद, अपर पुलिस अधीक्षक, कुलजीत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक और संजीव सिंह स्लाथिया, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20/03/2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 124-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री आशीष कुमार मिश्रा, आईपीएस
अपर पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 16/17-06-2016 के बीच की रात को लगभग 01:00 बजे सोपोर पुलिस ने हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन के दो आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में एक विशिष्ट जानकारी के आधार पर 22-आरआर, सीआरपीएफ की 92 और 179 बटालियनों के

सैन्य दल के समन्वय से चान मोहल्ला बोमाई सोपोर की पूरी बस्ती की घेराबंदी कर ली। भागने के सभी संभावित मार्गों को बंद कर दिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छिपे हुए आतंकवादियों को घेराबंदी को तोड़ने का कोई मौका न मिले।

अगले दिन सुबह होते ही, घर-घर जाकर तालाशी शुरू की गई जिसके दौरान तलाशी दल द्वारा लक्षित घर पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इस बीच, यह देखा गया था कि कुछ नागरिक लक्षित क्षेत्र में फंस गए हैं, जिन्हें सावधानीपूर्वक निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। तथापि, लक्षित घर से निवासियों को बाहर निकालने के लिए एक सुनियोजित रणनीति तैयार की गई और परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। समुचित विचार-विमर्श के बाद अभियान को आगे बढ़ाया गया और 22-आरआर के एक दल के साथ श्री जावेद इकबाल, एसपी पीसी, श्रीनगर और श्री आशीष कुमार मिश्रा-आईपीएस एसडीपीओ सोपोर के नेतृत्व में दो अग्रिम (एडवांस) दलों का गठन किया गया जिनमें क्रमशः शौकत अहमद डार, केपीएस-116067 और श्री गुलाम हसन, केपीएस-116210 और अन्य लोग शामिल थे तथा उन्होंने लक्षित घर को सील कर दिया।

इस बीच, श्री जावेद इकबाल, एसपी पीसी श्रीनगर की अगुवाई वाले पुलिस दल ने लक्षित घर के सामने की ओर सटे हुए घरों को अपने कब्जे में ले लिया तथा श्री आशीष कुमार मिश्रा-आईपीएस के नेतृत्व वाले दूसरे दल ने लक्षित घर के पीछे की ओर वाले घरों को अपने कब्जे में ले लिया। दोनों दलों ने सभी दिशाओं से लक्षित घर को घेरना शुरू कर दिया। अपनी गर्दन के चारों ओर फंदा कसते देख छिपे हुए आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने और मौके से भागने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी करना शुरू कर दिया। तथापि, श्री जावेद इकबाल, एसपी पीसी, श्रीनगर और श्री आशीष कुमार मिश्रा-आईपीएस एसडीपीओ सोपोर के नेतृत्व वाले अग्रिम, दल जिसमें शौकत अहमद डार और श्री गुलाम हसन और अन्य लोग शामिल थे, ने असाधारण साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया और प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दिया, जिससे आमने-सामने से बंदूक की लड़ाई शुरू हो गई। बंदूक की लड़ाई कुछ समय तक चली और यह छिपे हुए दो आतंकवादियों के खात्मे के साथ समाप्त हुई, जिनकी पहचान बाद में अल्ताफ अहमद मीर पुत्र अब्दुल रशीद मीर निवासी ब्राथ कलान, सोपोर और इम्तियाज अहमद लोन पुत्र अब्दुल खालिक लोन निवासी वासन खुई पट्टन बारामुला के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से हथियारों और गोला बारूद का बड़ा जखीरा बरामद हुआ तथा इस संबंध में सोपोर पुलिस स्टेशन में धारा 307 आरपीसी तथा 7/27 आई ए. अधिनियम के तहत एफआईआर संख्या 62/2016 दर्ज है।

हमला दल के श्री जावेद इकबाल, एसपी पीसी, श्रीनगर और श्री आशीष कुमार मिश्रा-आईपीएस द्वारा चुनौतीपूर्ण स्थिति में सूझबूझ को बनाए रखने, आक्रामक स्थिति में लक्ष्य तक साथ-साथ पहुंचने में प्रदर्शित पेशेवरता तथा उत्कृष्ट साहस वास्तव में हर दृष्टि से वीरतापूर्ण था। यह अभियान अत्यंत सर्जिकल था जिसमें नागरिकों को कोई नुकसान नहीं हुआ, यद्यपि शरारती तत्वों ने बाहरी घेराबंदी पर तैनात सुरक्षा बलों पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया था और दोनों मोर्चों पर अर्थात, आतंकवादियों का खात्मा करने और पत्थरबाजों से निपटने के मामले में स्थिति अत्यंत प्रतिकूल थी।

इस अभियान में, श्री आशीष कुमार मिश्रा, आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17/06/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 125-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. फयाज हुसैन शाह,
   उप पुलिस अधीक्षक

2. अब्दुल रहमान,
   हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23-06-2016 की भोर में कुपवाड़ा जिले के वाटरखानी ड्रगमुला क्षेत्र में आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में एक जानकारी प्राप्त हुई। जिला पुलिस, कुपवाड़ा और 47 आरआर के पुलिस घटक द्वारा संयुक्त अभियान की योजना बनाई गई और इसे शुरू किया गया। पुलिस घटक का नेतृत्व श्री एजाज अहमद, एसएसपी कुपवाड़ा, श्री फयाज हुसैन एएसपी, कुपवाड़ा, श्री फयाज हुसैन, डीएसपी (मुख्यालय) कुपवाड़ा, एसएचओ कुपवाड़ा और आई/सी पीपी, ड्रगमुला कर रहे थे। तलाशी तेज कर दी गई और घेराबंदी और तलाशी अभियान में अतिरिक्त बलों और पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया। वाटरखानी में पत्थर की एक खदान में छिपे हुए आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने और मौके से भागने के लिए तलाशी दल पर अंधाधुध गोलीबारी शुरू कर दी। तलाशी दल काफी सर्तक था और हमले में किसी को चोट नहीं आई। उन्होंने प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दिया और इस तरह आतंकवादियों को उलझा दिया, जो कि घने पेड़ वाले जंगलों से घिरी पत्थर की खदान में जमे हुए थे।

इस बीच, पर्यवेक्षण अधिकारी द्वारा जमीनी वास्तविकता के आधार पर एक सामरिक योजना तैयार की गई। श्री फयाज हुसैन, डीएसपी (मुख्यालय), कुपवाड़ा और एचसी अब्दुल रहमान संख्या 136/केपी और कुछ अन्य अधिकारी हमला टीम का हिस्सा बनने के लिए स्वेच्छा से आगे आए। डीएसपी फयाज हुसैन ने गुणवत्तापूर्ण नेतृत्व का प्रदर्शन किया और टीम को लक्ष्य के करीब ले गए, जिसके दौरान उन्हें छिपे हुए आतंकवादियों से कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, परन्तु टीम ने फौलादी इरादे को बनाए रखा और गोलीबारी का कुशलता से जवाब दिया और आतंकवादियों को घेरने में सफल रहे। बाद में, श्री फयाज हुसैन, डीएसपी (मुख्याकलय), कुपवाड़ा और एचसी अब्दुल रहमान 136/केपी के नेतृत्व वाली हमला टीम लक्ष्य के करीब पहुंच गई और इसने एक-एक करके तीन आतंकवादियों का खात्मा कर दिया। अभियान बिना किसी संपार्श्विक क्षति के पूरा हुआ, जो डीएसपी श्री फयाज हुसैन के गुणवत्तापूर्ण नेतृत्व तथा टीम के सभी सदस्यों विशेष रूप से एचसी अब्दुल रहमान की निःस्वार्थ निष्ठा और समर्पण को दर्शाता है। कराई गई जांच से पता चला कि सभी तीन आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा संगठन के थे और हाल ही में इस तरफ घुसपैठ की थी। ये आतंकवादी सुरक्षा बलों और पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे।

अभियान के दौरान, श्री फयाज हुसैन डीएसपी (मुख्याईलय), कुपवाड़ा और एचसी अब्दुल रहमान की भूमिका साहसी, निःस्वार्थ और सराहनीय रही। दोनों अपने जीवन की परवाह किए बिना लड़े। उनके गुणवत्तापूर्ण नेतृत्व, निःस्वार्थ निष्ठा, साहस तथा सच्चे सहयोगी के जज्बे ने इन तीन कट्टर आतंकवादियों के खात्मे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अभियान में, सर्व/श्री फयाज हुसैन शाह, उप पुलिस अधीक्षक और अब्दुल रहमान, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23/06/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 126-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मोहम्मद हुसैन वानी,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

हंदवाड़ा पुलिस द्वारा आतंकवादी की उपस्थिति के बारे में जुटाई गई एक विशिष्ट जानकारी के आधार पर, हंदवाड़ा पुलिस द्वारा 21-आरआर की सहायता से दिनांक 23-06-2016 को वुडर बाला गांव और आसपास के वन क्षेत्रों में एक संयुक्त अभियान की योजना बनाई गई/कार्यान्वित की गई। छिपे हुए आतंकवादी की उपस्थिति की पुष्टि करने के बाद, उसके पलायन को रोकने के लिए लक्षित क्षेत्र को और घेर लिया गया। अभियान कर्मियों की मौजूदगी को भांपकर, छिपे हुए आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिससे क्षेत्र में मौजूद नागरिकों के बीच अफरातफरी फैल गई। तथापि, निरीक्षक तारिक अहमद संख्या 4483/एनजीओ और एचसी मोहम्मद हुसैन संख्या 182/एच ने फंसे हुए नागरिकों को बाहर निकालने की ज़िम्मेदारी लेने के लिए खुद को आगे किया। प्रतिकूल परिस्थिति के बावजूद, उन्होंने असाधारण साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया तथा गोलियों की बौछार के बीच फंसे हुए नागरिकों को बाहर निकालने में सफल रहे।

इस बीच, परिणाम उन्मुख अभियान के लिए, मौके पर ही हमला टीमों का गठन किया गया जिसका नेतृत्व निरीक्षक तारिक अहमद कर रहे थे और इसमें एचसी मोहम्मद हुसैन भी शामिल थे, जो स्वेच्छा से इस कार्य के लिए आगे आए तथा हमला टीमों को विभिन्न दिशाओं से छिपे हुए आतंकवादी की ओर बढ़ने का निर्देश दिया गया और इस प्रकार घेराबंदी को और कस दिया गया और आतंकवादी के हमले का तुरंत जवाब दिया गया। चूंकि आतंकवादी भारी मात्रा में शस्त्रों से लैस और अत्यधिक प्रशिक्षित था, इसलिए उसने हमला टीमों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और ग्रेनेड फैंके और इस तरह हमला टीमों के लिए आगे बढ़ने का कार्य और दुश्कर हो गया। तथापि, निरीक्षक तारिक अहमद और एचसी मोहम्मद हुसैन अपनी जान की परवाह किए बिना, फौलादी इरादों का प्रदर्शन करते हुए जवाबी गोलीबारी करते हुए खतरनाक आतंकवादी की ओर आगे बढ़े और छिपे हुए आतंकवादी के करीब पहुंच गए। छिपे हुए आतंकवादी पर निर्णायक हमले के दौरान हमला टीमों ने उन्हें कवर गोलीबारी प्रदान की तथा इसका समापन छिपे हुए आतंकवादी के खात्मे के साथ हुआ जिसकी पहचान बाद में पाकिस्तान निवासी जुबैर के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से हथियारों/गोला बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद हुआ तथा इस संबंध में हंदवाड़ा पुलिस स्टेशन में धारा 307, 7/27 आयुध अधिनियम के तहत एफआईआर संख्या 233/2016 दर्ज है।

पूरे अभियान में, निरीक्षक तारिक अहमद और एचसी मोहम्मद हुसैन ने अतुलनीय साहस और कर्तव्य के प्रति सर्वोच्च स्तर के निःस्वार्थ समर्पण का प्रदर्शन किया और नागरिकों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की। उनके द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय पहलों के कारण यह अभियान बिना किसी संपार्श्विक क्षति के सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस अभियान में श्री मोहम्मद हुसैन वानी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23/06/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 127-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. दाऊद अयूब,
   अपर पुलिस अधीक्षक

2. रईस अहमद भट,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21.09.2016 को, चक मोहल्ला चापरण अरागम के शेर अहमद चीची पुत्र शाह जमान के घर में फिदायीन आतंकवादी की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट जानकारी के आधार पर, लगभग 2300 बजे एसएसपी बांदीपुरा की निगरानी में बांदीपुरा पुलिस द्वारा 13 आरआर और सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन के सैन्यदल के साथ संयुक्त घेराबंदी/तलाशी अभियान शुरू किया गया।

परिणाम उन्मुख अभियान के लिए, दो एडवांस टीमों का गठन किया गया जिनमें से एक का नेतृत्व श्री दाऊद अयूब, एएसपी बांदीपुरा और 13 आरआर के मेजर एच.एन. सौनलिअन कर रहे थे और दूसरी टीम का नेतृत्व मीर मुर्तजा हुसैन डीएसपी पीसी, बांदीपुरा और 13 आरआर के मेजर सुनील सिंह कर रहे थे तथा लक्षित घर को प्रभावी ढंग से घेर लिया गया। जबकि, सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन को लक्षित क्षेत्र में शरारती तत्वों के घुसने को रोकने के लिए पुलिस के घटकों के साथ कानून और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सबसे बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया।

इस बीच, अभियान कर्मियों की गतिविधि को भांपकर, छिपे हुए आतंकवादी ने घेराबंदी को तोड़ने और मौके से भागने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी करना शुरू कर दिया। तथापि, लक्षित और सटे हुए घरों से फंसे हुए नागरिकों को बाहर निकालना प्राथमिकता थी। इन नागरिकों को बाहर निकालने के लिए, श्री दाऊद अयूब एएसपी बांदीपुरा के नेतृत्व वाली टीमों, जिसमें सहयोगी कांस्टेबल रईस अहमद

संख्या 353/बीपीआर थे और मीर मुर्तजा हुसैन डीएसपी पीसी बांदीपुरा शामिल थे, ने उन्हें बाहर निकालने का कार्य शुरू कर दिया और अन्य अभियान सहयोगियों द्वारा प्रदान की गई कवर गोलीबारी का सहारा लेकर वे सभी फंसे हुए नागरिकों को बाहर निकालने में सफल रहे। यह बेहद कठिन काम था, जिसे अनुशंसित अधिकारियों ने प्रतिकूल परिस्थितियों, छिपे हुए आतंकवादी के द्वारा गोलियों की बौछार के बावजूद, अपने जीवन की परवाह किए बिना पूरा किया।

अब महत्वपूर्ण चरण छिपे हुए आतंकवादी को निष्क्रिय करना था। निर्णायक हमला शुरू करने से पहले, छिपे हुए आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उसने मना कर दिया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, श्री दाऊद अयूब, एएसपी बांदीपुरा ने कांस्टेबल रईस अहमद के साथ, 13 आरआर के मेजर एच.एन. सौनलिअन ने अपनी टीम के साथ, मीर मुर्तजा हुसैन डीएसपी पी.सी. बांदीपुरा ने उप निरीक्षक गुरदीप सिंह के साथ और 13 आरआर के मेजर सुनील सिंह ने अपनी टीम के साथ अलग अलग दिशाओं से लक्षित घर पर धावा बोलना शुरू कर दिया। जैसे ही सभी दिशाओं से एडवांस टीमें लक्षित घर के पास पहुंची, छिपे हुए आतंकवादी ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप आमने-सामने की बंदूक की लड़ाई शुरू हो गई। बंदूक की लड़ाई कुछ समय तक चली और इसकी समाप्ति छिपे हुए आतंकवादी के खात्मे के साथ हुई, जिसकी पहचान बाद में पाकिस्तान निवासी उर्फ हाफिज के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से हथियारों/गोला बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया और इस संबंध में धारा 307 आरपीसी, 13 यूएलए अधिनियम, 7/27 आईए अधिनियम के तहत एक मामला एफआईआर संख्या 36/2016 दर्ज है।

इस अभियान में सर्व/श्री दाऊद अयूब, अपर पुलिस अधीक्षक और रईस अहमद भट, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21/09/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 128-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. गौहर अहमद खान,
उप पुलिस अधीक्षक

02. इरशाद अहमद वानी,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17-09-2013 को पट्टन पुलिस द्वारा गौशबुग में आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में एक विशिष्ट जानकारी के आधार पर, एसपी बारामुला/डीएसपी (ऑपरेशंस) पट्टन द्वारा 29 आरआर के साथ एक अभियान की योजना बनाई गई। अभियान की योजना बनाने के बाद, पुलिस/सेना की संयुक्त टीमें गौशबुग की ओर निकल पड़ीं और वहां जाकर क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। गौहर अहमद, डीएसपी (ऑपरेशंस) पट्टन, जो संदिग्ध क्षेत्र के एक हिस्सा में तलाशी कर रहे थे, ने महसूस किया कि आतंकवादी हायर सेकेंडरी स्कूल गौशबुग में छिपे हुए हैं और किसी भी नागरिक/सुरक्षा बल के हताहत होने से बचने के लिए उन्होंने तुरंत अपनी पार्टी को भवन में न जाने का निर्देश दिया। डीएसपी गौहर अहमद ने कुछ पुलिस कर्मियों की बचाव टीम बनाई, जिसमें कांस्टेबल इरशाद अहमद 840/आईआर-7वीं बटालियन शामिल थे और उन्होंने इसकी अगुवाई की। पुलिस/सेना के दो अलग-अलग संयुक्त बचाव दल भी बनाए गए, जो लक्षित भवने से सटे हुए घरों से नागरिकों को बचाने में लग गए। जैसे ही डीएसपी गौहर अहमद और उनके साथी लक्षित स्थल की ओर बढ़े, आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी कर दी। तथापि, नागरिकों के हताहत होने से बचने के लिए कोई जवाबी गोलीबारी नहीं की गई और उस कमरे के करीब आने का प्रयास किया गया जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे। जैसे ही निकासी कार्रवाई पूरी हुई, एक संयुक्त हमला दल तैयार किया गया और ऐसे ही एक दल, जिसमें डीएसपी गौहर अहमद/कांस्टेबल इरशाद अहमद 7वीं बटालियन तथा अन्य कार्मिक शामिल थे, को कमरे के भीतर जाकर कार्रवाई करने की भूमिका सौंपी गई। दोनों हमला दल संयुक्त अभियान दलों के

बाहरी कवर सहयोग से, भवन के बहुत करीब चले गए, जिससे बंदूक की भीषण लड़ाई शुरू हो गई। सर्वप्रथम, आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंके और गोलियों की बौछार शुरू कर दी तथा घेराबंदी को तोड़ने का प्रयास किया। तथापि, डीएसपी गौहर अहमद और उनके साथी अडिग रहे और उन्होंने आतंकवादियों को भवन से बाहर आकर घेराबंदी को नहीं तोड़ने दिया। हमला दलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी घंटों तक जारी रही जिसके दौरान डीएसपी गौहर अहमद और उनकी टीम ने उच्च स्तर के सच्चे सहयोगी के जज्बे का प्रदर्शन किया और बहुत की कम दूरी से गोलीबारी का जवाब दिया। अधिकारी ने कांस्टेबल इरशाद अहमद 7वीं बटालियन और अन्य कार्मिकों के साथ मिलकर जवाबी गोलीबारी को और तेज कर दिया जिसके परिणास्वरूप वे भवन में घुस सके और उस कमरे की तरफ और आगे बढ़ सके जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे। अपनी जान की परवाह किए बिना अधिकारी ने उस कमरे की ओर गोलियों की बौछार शुरू कर दी जहां पर आतंकवादी छिपे हुए थे और आतंकवादियों की ओर से तुरंत ही जवाबी गोलीबारी की गई। डीएसपी गौहर अहमद, कांस्टेबल इरशाद अहमद 7वीं बटालियन और आतंकवादियों के बीच पास से बंदूक की लड़ाई 15 मिनट से अधिक समय तक जारी रही जिसका अंत हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन के दो स्थानीय आतंकवादियों के खात्मे के साथ हुआ जिनकी पहचान बाद में हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन के "सी" श्रेणी के आतंकवादी आकिब रशीद सोफी उर्फ याकूब निवासी सोफी मोहल्ला पलहल्लन पट्टन तथा हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन के बिलाल अहमद भट निवासी न्यू कॉलोनी पलहल्लन पट्टन के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादियों से हथियार/गोला बारूद बरामद किया गया है। इस घटना के लिए, सुम्बल पुलिस स्टेशन में धारा 307, आरपीसी, 7/27 आईए अधिनियम के तहत मामला एफआईआर संख्या 174/2013 दर्ज है। यह उल्लेखनीय है कि मारे गए दोनों आतंकवादी काफी समय से बारामुला जिले के पट्टन और सोपोर क्षेत्र में सक्रिय थे और उन्होंने उक्त क्षेत्र के लोगों/मुख्य धारा के राजनीतिक कार्यकर्ताओं/सरपंचों में आंतक का राज बना लिया था। ये आतंकवादी अति विशिष्ट व्यक्तियों, सुरक्षा बलों और पुलिस एजेंसियों के लिए बड़ा खतरा थे और युवाओं को आतंकवादियों के रैंक में शामिल होने के लिए भी प्रेरित कर रहे थे।

इस अभियान में, सर्व/श्री गौहर अहमद खान, उप पुलिस अधीक्षक और इरशाद अहमद वानी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17/09/2013 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 129-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीबर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एजाज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2. बिलाल अहमद पर्रे, एसजीसीटी (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. जावेद अहमद खान, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10-10-2016 को, पर्यवेक्षक जम्मू-कश्मीर ईडीआई पम्पोर ने पम्पोर पुलिस स्टेशन को सूचित किया कि जम्मू-कश्मीर ईडीआई के छात्रावास की इमारत की अटारी में आग लग गई है। तदनुसार, अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग को सूचित करने के बाद, पम्पोर पुलिस स्टेशन से पुलिस टीम मौके की ओर रवाना हो गई। इस बीच, जब अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के कर्मी आग से जूझ रहे थे, तो उक्त परिसर में छिपे हुए फिदायीन दल के आतंकवादियों ने उन पर गोली चलाई। जैसे ही उच्च स्तर पर जानकारी को साझा किया गया, पुलिस ने 50-आरआर और सीआपीएफ की 110वीं बटालियन की सहायता से पूरे परिसर की घेराबंदी कर दी।

मजबूत घेराबंदी सुनिश्चित करने के बाद, छिपे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। परिणामोन्मुख अभियान के लिए तथा संपार्श्विक क्षति से बचने के लिए, श्री मोहम्मद जैद, एसएसपी अवंतीपोरा की निगरानी में एक व्यापक योजना तैयार की गई और फंसे हुए आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के अलावा यह सुनिश्चित करने के लिए कि लक्षित क्षेत्र में कोई नागरिक न फंसा हो, श्री मोहम्मद जैद केपीएस, एसएसपी अवंतीपोरा, श्री एजाज अहमद-केपीएस, डीएसपी (पीसी) पम्पोर, श्री मंज़ूर अहमद, (निरीक्षक) एसएचओ, पम्पोर पुलिस स्टेशन तथा उप निरीक्षक मदसर नसीर संख्या 438/पीएयू ने एक पुलिस दल, जिसमें एसजीसीटी मोहम्मद यासीन संख्या 527/एडब्ल्यूटी, एसजीसीटी हंस राज संख्या 366/आईआर 12वीं बटालियन, एसजीसीटी निसार हुसैन संख्या 499/एपी 9वीं, एसजीसीटी फैजान उल्लाह संख्या 529/एडब्ल्यूटी, एसजीसीटी बिलाल अहमद संख्या 263/एडब्ल्यूटी, एसजीसीटी करनैल सिंह संख्या 776/आईआर पांचवीं बटालियन, कांस्टेबल तनवीर अहमद संख्या 670/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल जाहिद अहमद संख्या 582/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल शमीम अहमद संख्या 455/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल मंजूर अहमद संख्या 445/एडब्ल्यूटी शामिल थे, ने 12 एसपीओ के साथ सभी दिशाओं से लक्ष्य को घेरना शुरू कर दिया। जब वे परिसर में घुसे, तो छिपे हुए आतंकवादियों ने उन्हें हताहत करने और घेराबंदी को तोड़ने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, एडवांस टीम, जिसमें अनुशंसित पदाधिकारी शामिल थे, ने असाधारण साहस/दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया और प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दिया। एक आमने-सामने की लड़ाई शुरू हो गई, जो तीन दिन तक चली और इसका अंत छिपे हुए आतंकवादियों के खात्मे के साथ हुआ। मुठभेड़ के दौरान 9 पैरा का सेना का एक जवान घायल हो गया। मुठभेड़ स्थल से हथियारों/गोला बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद हुआ और इस संबंध में धारा 436, 307, 7/27 आयुध अधिनियम, यूएलए (पी) अधिनियम की धारा 16, 18, और 20 के तहत एक मामला एफआईआर संख्या 177/2016 पम्पोर पुलिस स्टेशन में दर्ज है।

इस अभियान में, सर्व/श्री एजाज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक, बिलाल अहमद पर्रे, एसजीसीटी और जावेद अहमद खान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10/10/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 130-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. असहाक हुसैन पारा,
   निरीक्षक

2. मोहम्मद इकबाल,
   उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12/02/2016 को, चौकीबल क्षेत्र के मरसारी गांव में आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में एक विशिष्ट जानकारी प्राप्त हुई। तदनुसार, कुपवाड़ा पुलिस द्वारा 41 आरआर और 16 ग्रेनेडियर के सहयोग से श्री एजाज अहमद, एसएसपी कुपवाड़ा की निगरानी में एक संयुक्त अभियान की योजना बनाई गई/इसे शुरू किया गया। पूरे गांव की घेराबंदी करने के बाद, तलाशी अभियान शुरू किया गया और यह पता लगाया गया कि आतंकवादी मोहम्मद कासिम वानी के परित्यक्त घर में छिपे हुए हैं। जब लक्षित घर के चारों ओर घेराबंदी की जा रही थी, तब छिपे हुए आतंकवादियों ने अभियान दल के सदस्यों की उपस्थिति को देखकर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और फिर ग्रेनेड फेंका जिसके परिणास्वरूप सेना के 6 जवान घायल हो गए। तथापि, एडवांस पार्टी, जिसमें श्री असहाक हुसैन, ईएक्सके-001757, एसएचओ क्रालपोरा तथा उप निरीक्षक मोहम्मद इकबाल, एआरपी-109315 शामिल, थे ने गोलीबारी का जवाब दिया और छिपे हुए आतंकवादियों को घेराबंदी को तोड़ने और मौके से भागने का कोई अवसर नहीं दिया।

उस समय सबसे बड़ी प्राथमिकता सेना के घायल जवानों को निकालना थी और एडवांस टीम, जिसमें अनुशंसित व्यक्ति शामिल थे, दल के अन्य सहयोगियों द्वारा प्रदान की गई कवर गोलीबारी की सहायता से सेना के घायल जवानों को निकालने में सफल हुई। परन्तु दुर्भाग्य से 41 आरआर के सिपाही शहादन मारूति मोरे, संख्या 15228018-एच और एनके सिकंदर शेनकर चंद्र भान संख्या 2799285डब्ल्यू की चोटों के कारण मृत्यु हो गई।

चूंकि अंधेरा हो रहा था, इसलिए घेराबंदी को कसने और लक्षित क्षेत्रों में रोशनी करने सहित सभी उपायों को सुनिश्चित करने के बाद अभियान को अगले दिन तक के लिए स्थगित कर दिया गया। रात के दौरान, छिपे हुए आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने के कई प्रयास किए, परन्तु उन्हें सफल होने का कोई भी मौका नहीं दिया गया। अगले दिन, निर्णायक हमले के लिए, अभियान कर्मियों द्वारा छिपे हुए आतंकवादियों को सामने की ओर से उलझा दिया गया तथा उस, टीम जिसमें श्री असहाक हुसैन, निरीक्षक, एसएचओ क्रालपोरा पुलिस स्टेशन तथा उप निरीक्षक मोहम्मद इकबाल संख्या 109/पीएयू शामिल थे, ने पीछे की तरफ से हमला किया जिससे आमने-सामने की बंदूक की लड़ाई शुरू हो गई, जिसका अंत 05 कट्टर आतंकवादियों के खात्मे के साथ हुआ जिनकी पहचान बाद में फहद, माज़, हाफिज तथा छोटा दुजाना और उकाशा के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से हथियारों/गोलाबारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद हुआ तथा इस संबंध में धारा 307 आरपीसी, 7/27 आयुध अधिनियमके तहत एक मामला एफआईआर संख्या 0/2016 क्रालपोरा पुलिस स्टेशन में दर्ज है। यह उल्लेखनीय है कि मारे गए आतंकवादी कुपवाड़ा जिले में वर्ष 2013 से सक्रिय थे और कई आतंकवादी हमलों में शामिल थे।

इस अभियान में, सर्व/श्री असहाक हुसैन पारा, निरीक्षक और मोहम्मद इकबाल, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12/02/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 131-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सैयद सज़ाद हुसैन, उप पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2. संदीप भट, उप पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. कुलदीप कुमार कौल, उप-निरीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
4. लखबीर सिंह, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05.12.2014 को ईएसयू राजबाग को भारत के माननीय प्रधानमंत्री के दौरे से पहले श्रीनगर शहर में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा संभावित फिदायीन हमले के बारे में जानकारी मिली। तदनुसार, उप निरीक्षक मोहम्मद अल्ताफ 3642/एस, आई/सी ईएसयू राजबाग ने अपनी टीम के साथ स्रोतों को सक्रिय किया और टीमों, जिनमें एसपी सिटी दक्षिण श्रीनगर, आई/सी ईएसयू दक्षिण श्रीनगर अपने जवानों के साथ, पीसी श्रीनगर तथा एसपी हजरतबल श्रीनगर के पुलिस दल शामिल थे, ने एसएसपी श्रीनगर की समग्र निगरानी में अवंतीभवन में 90 फीट रोड़ पर नाका लगा दिया।

लगभग 1300 बजे, नाका कर्मियों द्वारा एक सैंट्रो को रोका गया, नाका दलों की उपस्थिति को देखकर, दो सशस्त्र आतंकवादी नीचे उतरे और उन्होंने नाका दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और बाद में वे अवंतीभवन आवासीय क्षेत्र की तरफ भागे। तदनुसार,

एसएसपी श्रीनगर ने अतिरिक्त बलों को बुलाया और 1325 बजे अभियान शुरू किया गया। अभियान को शुरू करने से पहले, क्षेत्र की घेराबंदी करने के लिए टीमों का गठन किया गया। सभी अभियान नफरियों को तीन दलों में बांटा गया, पहला दल जिसमें हजरतबल जोन की नफरी और सीआरपीएफ की 144 बटालियन की एफ-कम्पनी की नफरी शामिल थी, ने बाहरी घेराबंदी की, दूसरे दल का नेतृत्व डीएसपी फुरकान कादिर कर रहे थे जिसमें श्रीनगर पुलिस के कर्मी शामिल थे तथा इसने मोहल्ले के कुछ घरों की घेराबंदी की, जबकि श्रीधर पाटिल, एसपी, सिटी दक्षिण श्रीनगर के नेतृत्व वाले तीसरे दल, जिसमें डीएसपी अभियान सैयद सजाद हुसैन, डीएसपी (अभियान) संदीप भट, उप निरीक्षक कुलदीप कौल एआरपी-046125, उप निरीक्षक मोहम्मद इरफान ईएक्सके-109318, हेड कांस्टेबल फारूक अहमद 309/एपी7वीं, कांस्टेबल (अब हेड कांस्टेबल) लखबीर सिंह 1446/एस, एसजीसीटी तारिक अहमद 142/एस और अन्य लोग शामिल थे, ने उन घरों की अंदरूनी घेराबंदी की, जहां पर आतंकवादी छिपे हुए थे।

उस अवस्था में, डीआईजी सीकेआर श्रीनगर, श्री अफहदुल मुजतबा-आईपीएस, जो कि अभियान दलों के प्रभारी भी थे, ने आगे दो और छोटे दल गठित किए, एक का नेतृत्व डीएसपी सैयद सज़ाद हुसैन कर रहे थे तथा उसमें डीएसपी अभियान संदीप भट, एएसआई अथर परवेज 2084/पीडब्ल्यू, सार्जेंट तारिक अहमद 142/एस और अन्य लोग उनकी सहायता कर रहे थे, दूसरे दल का नेतृत्व श्रीधर पाटिल-आईपीएस, एसपी सिटी दक्षिण कर रहे थे तथा उसमें उप निरीक्षक कुलदीप कौल एआरपी-046125, उप निरीक्षक मोहम्मद इरफान ईएक्सके-109318, हेड कांस्टेबल फारूक अहमद 309/एपी7वीं, कांस्टेबल (अब हेड कांस्टेबल) लखबीर सिंह 1444/एस तथा अन्य लोग शामिल थे। जैसे ही दूसरे दल ने मोहल्ले में प्रवेश करने का प्रयास किया, आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंके, जो बिना कोई नुकसान पहुंचाए फट गए। तथापि, श्रीधर पाटिल-आईपीएस, एसपी दक्षिण के नेतृत्व वाली टीम ने चतुराई से तथा अपनी जान की परवाह किए बिना आस-पास के घरों से लोगों को निकाल लिया। परन्तु यहां आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने और भागने के प्रयास में फिर से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, श्रीधर पाटिल और डीएसपी सैयद सज़ाद हुसैन के नेतृत्व वाले दोनों दल लक्ष्य स्थल तक पहुंच गए और सर्वोच्च स्तर की वीरता का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने गोलीबारी का प्रभावी रूप से जवाब दिया और इन दोनों आतंकवादियों का सफलतापूर्वक खात्मा कर दिया, जिनकी पहचान बाद में पाकिस्तान निवासी कारी असरार तथा शाहिद उल इस्लाम मलिक उर्फ हसन पुत्र मोहम्मद शफी मलिक निवासी ईदगाह मोहल्ला अरवानी, बिजबेहरा के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से 2 एके-47 राइफल, 06 एके मैजगीन, 01 ग्रेनेड, 02 पाउच, तथा एके 47 के 27 राउंड बरामद हुए। इस संबंध में धारा 307 आरपीसी, 7/27 आईए अधिनियम के तहत एक मामला एफआईआर संख्या 133/2014 सौरा पुलिस स्टेशन श्रीनगर में दर्ज है।

इस अभियान में, श्रीधर पाटिल-आईपीएस, एसपी दक्षिण श्रीनगर, डीएसपी सैयद सजाद हुसैन, डीएसपी संदीप भट, उप निरीक्षक कुलदीप कौल एआरपी-046125, तथा कांस्टेबल (अब हेड कांस्टेबल) लखबीर सिंह 1446/एस ने सूचना के जुटाए जाने से लेकर अभियान के पूरे हो जाने तक असाधारण प्रदर्शन किया। पूरे अभियान के दौरान ये कार्मिक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद अडिग रहे।

इस अभियान में, सर्व/श्री सैयद सज़ाद हुसैन, उप पुलिस अधीक्षक, संदीप भट, उप पुलिस अधीक्षक, कुलदीप कुमार कौल, उप-निरीक्षक और लखबीर सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05/12/2014 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 132-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. मीर मुर्तजा हुसैन सोहिल, उप पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2. रशीद अकबर मकायी, उप पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
3. एजाज अहमद भट, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

4. अल्ताफ नाजिर शाह, (वीरता के लिए पुलिस पदक)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 22.11.2016 को, बोनखान मोहल्ला हाजिन में फिदायीन दस्ते के विदेशी आंतकवदियों की उपस्थिति, जो क्षेत्र में आतंकवादी हमले की योजना बना रहे थे, के बारे में विशिष्ट जानकारी के आधार पर 13 आरआर तथा सीआरपीएफ की 45वीं बटालियन के सहयोग से एसपी, बांदीपोरा की समग्र निगरानी में घेराबंदी की गई। तलाशी अभियान के दौरान, लक्षित क्षेत्र को चिन्हित किया गया और पुलिस तथा सेना के जवानों वाली टीम द्वारा उन्हें घेर लिया गया जिसमें श्री दाऊद अयूब, एएसपी बांदीपोरा, मीर मुर्तजा हुसैन, डीएसपी पीसी बानीपोरा, रशीद अकबर एसडीपीओ सुंबल शामिल थे और जिसका नेतृत्व श्री जुल्फिकार आज़ाद, एसपी बांदीपोरा कर रहे थे।

लक्ष्य को सभी तरफ से घेरने के बाद, श्री शेख जुल्फिकार आज़ाद, एसपी बांदीपोरा और 13 आरआर के कर्नल व्रिकम जीत सिंह सीओ की समग्र निगरानी में एडवांस पार्टी को दो टीमों में बांटा गया, एक का नेतृत्व श्री दाऊद अयूब, एएसपी बांदीपोरा, रशीद अकबर एसडीपीओ सुंबल, 13 आरआर के मेजर पीके पाठक कर रहे थे जिसमें कांस्टेबल अल्ताफ नाजिर, ईएक्सके-111724, कांस्टेबल मोहम्मद अशरफ, एआरपी -078304 और अन्य कार्मिक शामिल थे तथा इस टीम को लक्ष्य की उत्तरी से दक्षिणी ओर की घेराबंदी करने का दायित्व सौंपा गया, जबकि मीर मुर्तजा हुसैन डीएसपी, पी.सी. बांदीपोरा 13 आरआर के मेजर मलय बैद्य के नेतृत्व वाली दूसरी टीम, जिसमें कांस्टेबल एजाज अहमद, एआरपी-078317, कांस्टेबल तवसीफ अहमद, ईएक्सके-116732 और अन्य कार्मिक शामिल थे, को लक्ष्य की पूर्वी से पश्चिमी ओर की घेराबंदी करने का दायित्व सौंपा गया। सीआरपीएफ की 45 वीं बटालियन के जवानों को पुलिस के सहयोग से घेराबंदी तथा कानून और व्यवस्था संबंधी कार्य सौंपा गया।

इस बीच, छिपे हुए आतंकवादियों ने अपनी गर्दन के चारों ओर शिंकजा कसते देखकर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि, यह देखा गया कि कुछ नागरिक लक्षित क्षेत्र में फंस गए हैं। फंसे हुए नागरिकों को निकालने का काम श्री जुल्फिकार आज़ाद, एसपी बांदीपोरा की निगरानी में गठित उपर्युक्त टीमों को सौंपा गया। टीमें अन्य अभियान कर्मियों के द्वारा प्रदान किए गए सुरक्षा कवर के अंतर्गत, कई प्रयासों में फंसे हुए नागरिकों को निकालने में सफल हईं। निकासी प्रक्रिया के बाद, छिपे हुए आतंकवादियों को निष्क्रिय करना महत्वपूर्ण चरण था। अंतिम हमला शुरू करने से पहले, छिपे हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया और इसकी बजाय अंधाधुंध गोलीबारी और ग्रेनेड फेंकना शुरू कर दिया। उन्हे निष्क्रिय करने के लिए श्री दाऊद अयूब, एएसपी बांदीपोरा, रशीद अकबर एसडीपीओ सुंबल और उनके साथियों की टीम, जिसमें कांस्टेबल अल्ताफ नाजिर, संख्या 836/बीपीआर, कांस्टेबल तवसीफ अहमद, संख्या 446/बीपीआर शामिल थे तथा 13 आर आर के मेजर पी.के. पाठक और उनके साथियों की टीम जिसमें मीर मुर्तजा हुसैन डीएसपी, पी.सी. बांदीपोरा, कांस्टेबल एजाज अहमद संख्या 560/आईआरपी 8वीं बटालियन और कांस्टेबल मोहम्मद अशरफ संख्या 569/आईआरपी 8वीं बटालियन तथा 13 आर आर के मेजर मलय बैद्य शामिल थे, ने श्री शेख जुल्फिकार आज़ाद, एसपी बांदीपोरा और 13 आर आर के कर्नल व्रिकम जीत सिंह सीओ के नेतृत्व में सभी तरफ से लक्ष्य को घेरना शुरू कर दिया जिससे आमने-सामने की बंदूक की लड़ाई शुरू हो गई जिसका अंत छिपे हुए आतंकवादियों के खात्मे के साथ हुआ, जिनकी पहचान बाद में लश्कर-ए-तैयबा संगठन के उर्फ अली तथा उर्फ बाबर के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से हथियारों/गोला बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद हुआ तथा इस संबंध में धारा हाजिन पुलिस स्टेशन में 307 आरपीसी, 7/27 आईए अधिनियम के तहत एक मामला एफआईआर संख्या 72/2016 दर्ज है।

पूरे अभियान के दौरान, श्री शेख जुल्फिकार आज़ाद, (एसपी बांदीपोरा), श्री दाऊद अयूब (एएसपी बांदीपोरा), श्री मीर मुर्तजा हुसैन (डीएसपी पी.सी. बांदीपोरा), श्री रशीद अकबर (एसडीपीओ सुंबल), कांस्टेबल एजाज अहमद संख्या 560/आईआरपी 8वीं बटालियन, कांस्टेबल मोहम्मद अशरफ संख्या 569/आईआरपी 8वीं बटालियन, कांस्टेबल तवसीफ अहमद संख्या 446/बीपीआर और कांस्टेबल अल्ताफ नाजिर संख्या 836/बीपीआर ने फंसे हुए नागरिकों को निकालने और छिपे हुए आतंकवादियों को निष्क्रिय करने में असाधारण साहस, दृढ़ संकल्प, वीरता के कृत्य का प्रदर्शन किया।

यहां यह उल्लेख करना संगत है कि मीर मुर्तजा हुसैन सोहिल, डीएसपी पी.सी. बांदीपोरा ने दिनांक 10.01.2017 को पारेर्रे मोहल्ला हाजिन बांदीपोरा में चलाए गए अभियान में भी अनुकरणीय भूमिका निभाई थी, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा संगठन का "ए" श्रेणी का पाकिस्तान निवासी आतंकवादी नामतः अबू माविया मारा गया था तथा श्री रशीद अकबर मकायी, डीएसपी एसडीपीओ सुंबल ने भी दिनांक 19.01.2017 को खोस मोहल्ला हाजिन बांदीपोरा में चलाए गए अभियान में हिस्सा लिया था, जिसमें "ए+" श्रेणी का लश्कर-ए-तैयबा का डिवीजनल कमांडर नामतः अबू मुसैब उर्फ मूसा उर्फ माज मारा गया था।

इस अभियान में सर्व/श्री मीर मुर्तजा हुसैन सोहिल, उप पुलिस अधीक्षक, रशीद अकबर मकायी, उप पुलिस अधीक्षक, एजाज अहमद भट, कांस्टेबल और अल्ताफ नाजिर शाह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22/11/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 133-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. हरमीत सिंह, पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)

02. ज़िया-उर-रहमान, उप-निरीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

03. सज्जाद अहमद खान, एसजीसीटी — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

04. दाऊद अहमद भट, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13/14.12.2016 की मध्यवर्ती रात को लगभग 01 बजे पूर्वाह्न एलईटी संगठन के एक पाक आतंकवादी कमांडर की मौजूदगी के बारे में सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सोपोर पुलिस ने सीआरपीएफ की 92/177 एवं 179 बटालियनों के सहयोग से गांव दोनी मुहल्ला एडीपुरा, बोमई की पूरी बस्ती को घेर लिया। 22 आरआर की टुकड़ियां भी बाद में अभियान में शामिल हो गईं। पूरी तरह घेराबंदी सुनिश्चित करने के पश्चात, लक्ष्य क्षेत्र से नागरिकों को बाहर निकालना पहली प्राथमिकता थी और इस उद्देश्य के लिए एसआई ज़िया-उर-रहमान, संख्या. एआरपी-109257, एसआई प्रवीण कुमार, संख्या एआरपी-085601, कांस्टेबल मुहम्मद युनूस, संख्या 743/एसपीआर, ईएक्सके-118709 एवं कांस्टेबल अब.रशीद, संख्या 548/एसपीआर, ईएक्सके-107833, एसजीसीटी सज्जाद अहमद संख्या 366/पीडब्लयू एवं कांस्टेबल दाउद अहमद संख्या 09/एसपीआर को शामिल करते हुए श्री हरमीत सिंह, पुलिस अधीक्षक, सौपोर के समग्र पर्यवेक्षण में पुलिस और सेना की टुकड़ियों के एक संयुक्त एडवांसड दल का गठन किया गया। दल ने लक्ष्य क्षेत्र से भोर होने से पूर्व फंसे हुए नागरिकों को बाहर निकालने में उच्च कोटि के पेशेवर गुणों और साहस का प्रदर्शन किया।

भोर के समय तलाशी अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों के स्थान को चिह्नित किया गया, जिन्होंने अभियान दल के कार्मिकों की मौजूदगी की भनक पाते ही अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, एडवांसड दल जिसमें सिफारिश किए गए लोग शामिल थे, ने प्रभावशाली रूप से जवाबी गोलीबारी की जिससे बंदूक की घमासान लड़ाई शुरू हो गई। फंसा हुआ आतंकवादी बचकर निकलने में सफल होने के लिए अभियान को शाम होने तक खींचने के लिए बेहतर स्थिति में था। तथापि, एडवांसड दल, जिसमें श्री हरमीत सिंह, पुलिस अधीक्षक, सोपोर के नेतृत्व में एसआई ज़िया-उर-रहमान, एसआई प्रवीण कुमार, कांस्टेबल मुहम्मद युनूस एवं कांस्टेबल अब.रशीद, एसजीसीटी सज्जा द अहमद, कांस्टेबल दाऊद अहमद शामिल थे, लक्ष्य की तरफ और आगे बढ़ने लगा ताकि लक्षित मकान पर धावा बोल सकें। जब एडवांसड दल, जिसमें सिफारिश किए गए व्यक्ति शामिल थे, लक्षित मकान पर धावा बोल सके, के आहतें तक पहुंचने में सफल हुआ तभी छिपे हुए आतंकवादियों ने फिर से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और लक्षित मकान की पहली मंजिल पर आ गए। तथापि, सिफारिश किए गए व्यक्तियों सहित एडवांसड दल चट्टान की तरह डटे रहे और प्रभावी रूप से जवाबी गोलीबारी की। आमने-सामने की गोलीबारी छिपे हुए आतंकवादी की मौत के बाद खत्म हुई, जिसकी पहचान बाद में अबु बकर, निवासी-पाकिस्तान, एलईटी के डिविजनल कमांडर, उत्तर-कश्मीर के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से हथियार/गोला बारूद का बड़ा भंडार बरामद हुआ था और इस संबंध में बोमई पुलिस स्टेशन में 307/आरपीसी,7/27 आयुध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी संख्या 151/2016 दर्ज है। यहां यह उल्लेखनीय है कि मृतक आतंकवादी उत्तर कश्मीर में एलईटी के डिविजनल के कमांडर के रूप में कार्य कर रहा था और घुसपैठियों की मदद करने और

उन्हें उनके अभियान स्थल तक पहुंचने में सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ नई घुसपैठ कराने का व्यवस्था करता था। पूरे अभियान के दौरान श्री हरमीत सिंह, पुलिस अधीक्षक, सोपोर, एसआई ज़िया-उर-रहमान, एसआई प्रवीण कुमार, कांस्टेबल मुहम्मद युनूस एवं कांस्टेबल अब. रशीद, एसजीसीटी सज्जाअद अहमद और कांस्टेबल दाऊद अहमद ने वीरता एवं मैत्रीभाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। श्री हरमीत सिंह, पुलिस अधीक्षक, सोपोर ने अत्यंत प्रतिकूल परिस्थिति में उच्च कोटि के नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

इस अभियान में सर्व/श्री हरमीत सिंह, पुलिस अधीक्षक, ज़िया-उर-रहमान, उप-निरीक्षक, सज्जा द अहमद खान, एसजीसीटी और दाऊद अहमद भट, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.12.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 134-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. शाहनवाज अहमद पडे, सहायक उप-निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

02. फारूख अहमद डार, हेड कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

03. निसार अहमद, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 06/07.05.2016 की मध्यवर्ती रात के दौरान अवन्तीपुरा पुलिस को गांव पंजगाम के गुलाम हसन शेरगोजरी के घर के आतंकवादियों के मौजूद होने के बारे में विशिष्ट जानकारी प्राप्त हुई। तदनुसार, पुलवामा एवं श्रीनगर पुलिस द्वारा 55 आरआर/130 बटालियन सीआरपीएफ की सहायता से लक्षित मकान की घेराबंदी कर दी गई। दो हमला दलों का गठन किया गया जिसमें एक का गठन श्री श्रीधर पाटिल-आईपीएस, पुलिस अधीक्षक अवन्तीपुरा एवं दूसरे दल का गठन श्री संदीप चौधरी, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक (पीसी) श्रीनगर के नेतृत्व में किया गया। लक्षित मकान की पहचान करने के बाद, परिवार के सदस्यों को बाहर आने के लिए कहा गया। तथापि, छिपे हुए आतंकवादियों ने अंधाधुध गोलीबारी शुरू कर दी और परिवार के सदस्य लक्षित मकान के भूतल में फंस गए। जवाबी कार्रवाई करने से पूर्व छिपे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने और परिवार के सदस्यों को बाहर आने देने के लिए कहा गया। तथापि, उन्होंने मना कर दिया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए, श्री श्रीधर पाटिल-आईपीएस, पुलिस अधीक्षक अवन्तीपुरा के नेतृत्व वाले एडवांस दल ने मकान में प्रवेश किया, जिसके बाद छिपे हुए आतंकवादियों की ओर से भारी मात्रा में गोलीबारी की गई। श्री संदीप चौधरी-आईपीएस, पुलिस अधीक्षक (पीसी), श्रीनगर के नेतृत्व में एएसआई शाहनवाज अहमद संख्या 3656/एस, एच सी फारूख अहमद, संख्या 309/एपी, सातवें एसजीसीटी ज़हूर अहमद, संख्या 1070/एस, एसजीसीटी शबीर अहमद संख्या 1506/एस, कांस्टेबल मुख्तार अहमद, संख्या 4546/एस, कांस्टेबल मेहराज़ उद्दीन, संख्या 3172/एस, कांस्टेबल शोकत अहमद, संख्या 1070/एस, कांस्टेबल मोहम्मद अल्ताफ संख्या 4529/एस, कांस्टेबल मो. शफी, संख्या 4535/एस, फॉलो.फयाज़ अहमद, संख्या 89/एफ-आईआर सेकेंड ने पांच एसपी के साथ एसपीओ ने आतंकवादियों को अपनी नोक पर रखा और उन्हें गोलीबारी में उलझाए रखा जबकि श्री श्रीधर पाटिल, आईपीएस, एसपी अवन्तीपुरा, एएसआई मंजूर अहमद संख्या 223/अवन्तीपपुरा, एएसआई इरशाद अहमद

संख्या 346/अवन्तीपपुरा, एसजीसीटी मोहम्मद असलम संख्या 811-आईआर 11वीं, एसजीसीटी अल्ताफ अहमद संख्या 804/पीएल, कांस्टेबल सरताज अहमद संख्या 629/अवन्तीपुरा, कांस्टेबल शबीर अहमद संख्या 597-आईआर 11वीं बटालियन, कांस्टेबल निसार अहमद संख्या 805/एपी 12वीं बटालियन के साथ आठ एसपीओ सहित कमरे में प्रवेश के लिए तेजी से आगे बढ़े। पुलिस पार्टी को

आगे बढ़ते देख, एक आतंकवादी फियादीन के रूप में मकान के पीछे की खिड़की से चुपके से बाहर आया और मकान की दीवार से सटकर पोजिशन ले ली ताकि वह वहां से आगे बढ़ रही पुलिस पार्टी, जो कि मकान में प्रवेश करने वाली थी, को आसानी से निशाना बना सके। पुलिस अधीक्षक 'पुलिस कम्पोनेंट' श्रीनगर ने आतंकवादी को देख लिया और पलभर में पांच एसपीओ के साथ उसका सामना किया और एक संक्षिप्त गोलीबारी में उसे मार गिराया। एसपी अवन्ती पुरा के नेतृत्व में पार्टी सावधानीपूर्वक मकान में दाखिल हुई, तथापि, कोरीडोर में मौजूद दूसरे आतंकवादी द्वारा उन्हें चुनौती दी गई। पुलिस पार्टी ने सीढ़ियों के पीछे आड़ ले ली और जवाबी गोलीबारी की। कांस्टेबल निसार अहमद संख्या 805/एपी 12वीं बटालियन को प्रारंभिक हमले में छाती के निकट गोली लगी लेकिन सौभाग्य से उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ क्योंकि उन्होंने बुलेटप्रूफ गजैट पहन रखा था। संक्षिप्त गोलीबारी में, आतंकवादी को कोरीडोर में मार गिराया गया। बाद में, परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। नागरिकों को बाहर निकालने के पश्चात, एसपी अवन्ती पुरा के नेतृत्व में आठ एसपीओ के साथ एएसआई इरशाद अहमद, एसजीसीटी मोहम्मद असलम, एसजीसीटी अलताफ अहमद, कांस्टेबल सरताज अहमद, कांस्टेबल शबीर अहमद, कांस्टेबल निसार अहमद को शामिल करते हुए रूम इंटरवेंशन पार्टी गोलीबारी का कवर लेते हुए मकान में दाखिल हुई। मकान के अंदर मौजूद आतंकवादी ने अचानक पार्टी पर गोलीबारी कर दी और प्रभावी जवाबी कार्रवाई में उस आतंकवादी को भी मार गिराया गया। सभी तीन मृतक आतंकवादियों की पहचान इश्फाक हमीद डार पुत्र अब.हमीद डार, निवासी- डोगरीपुरा (ए श्रेणी), हसीब अहमद पाल पुत्र गुल पाल, निवासी- ब्राव बंडिना (ए श्रेणी) एवं इश्फाक बाबा पुत्र गुलाम कादिर बाबा, निवासी- तहाब पुलवामा (बी श्रेणी) के रूप में की गई। इस संबंध में अवन्तीपुरा पुलिस स्टेशन में 307 आरपीसी, 7/27 आयुध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी संख्या 60/2016 दर्ज है।

इस अभियान में सर्व/श्री शाहनवाज अहमद पडे, सहायक उप-निरीक्षक, फारूख अहमद डार, हेड कांस्टेबल एवं निसार अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07.05.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 135-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री/

01. दाऊद अयूब, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

02. गुरदीप सिंह, निरीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

03. निसार अहमद डार, हेड कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19.01.2017 को, खोस मोहल्ला, हाजिन में निकट की पुलिस/सेना स्थापना में फिदायीन हमला करने के इरादे से कुछ विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर, इस सूचना को सेना, 13 आरआर एवं सीआरपीएफ की 45वीं बटालियन के साथ साझा किया गया और तदनुसार, पुलिस अधीक्षक, बांदीपोरा की समग्र निगरानी में एसओजी बांदीपुरा, हाजिन पुलिस स्टेशन के पुलिस दल, सेना, 13 आरआर एवं सीआरपीएफ की 45वीं बटालियन द्वारा लगभग 0700 बजे संयुक्त घेराबंदी/तलाशी अभियान शुरू किया गया। पुलिस दलों का नेतृत्व श्री शेख जुल्फिकार आज़ाद, पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा, श्री दाऊद अयूब, अपर पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा, मीर मुर्तजा हुसैन, उप पुलिस अधीक्षक पी.सी. बांदीपोरा एवं राशिद अकबर, एसडीपीओ सुम्बल कर रहे थे। अभियान दलों ने प्रत्यक्ष रूप से सामने आए बिना लक्ष्य क्षेत्र तक पहुंचने के लिए अपनी रणनीतिक दक्षता का उपयोग किया। प्रारंभ में संदिग्ध क्षेत्र की गहन/मजबूत घेराबंदी करने के लिए सेना/पुलिस के दो संयुक्त दल गठित किए गए। पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा एवं 13 आरआर के सीओ

कर्नल विक्रमजीत सिंह की समग्र कमान एवं निगरानी में श्री दाऊद अयूब, अपर पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा, राशिद अकबर, एसडीपीओ, सुम्बल एवं मेजर विशाल सिंह थापा, 13 आरआर की कमान में एक अभियान दल को लक्ष्य क्षेत्र के उत्तर से दक्षिण की ओर पश्चिमी छोर को कवर करते हुए घेराबंदी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि मीर मुर्तजा हुसैन, उप पुलिस अधीक्षक, पी.सी., बांदीपोरा एवं 31 आरआर के मेजर अमित गौड़ के नेतृत्व में दूसरे अभियान दल को संदिग्ध क्षेत्र के उत्तर से दक्षिण की ओर पूर्व की दिशा को कवर करते हुए घेराबंदी का कार्य सौंपा गया। घेराबंदी के दौरान, संयुक्त बल घटकों अर्थात् पुलिस/सेना ने बेहतर समन्वय स्थापित किया और इसके फलस्वरूप अत्यंत समन्वित एवं पेशेवर तरीके से कार्रवाई की। इस बीच, सीआरपीएफ की 45वीं बटालियन दल एवं अन्य पुलिस पार्टी को कानून एवं व्यवस्था के संबंध में बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। घेराबंदी के उपरांत, पास के क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने अभियान दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसलिए फंसे हुए नागरिकों को बाहर निकालना अभियान दलों के लिए कठिन चुनौती थी। अत:, इस उद्देश्य के लिए दो दलों का गठन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा और एसडीपीओ सुम्बल की कमान एवं नियंत्रण में एक दल एवं उप पुलिस अधीक्षक पी.सी. बांदीपोरा की कमान में दूसरे दल का गठन किया गया। इन पार्टियों के लिए फंसे हुए नागरिकों को बाहर निकालना एक कठिन कार्य था जिसके अपर पर पुलिस अधीक्षक और एसडीपीओ सुम्बल तथा उनके सहयोगियों उप पुलिस अधीक्षक पीसी बांदीपोरा, उप पुलिस अधीक्षक परिवीक्षाधीन साकिब गनी, उप निरीक्षक गुरदीप सिंह, एआरपी-046132 के साथ उनके सहयोगी हेड कांस्टेबल निसार अहमद एवं कांस्टेबल विकास शर्मा/आईआरपी 8वीं बटालियन लक्ष्य क्षेत्र निकट के क्षेत्र, जहां से छिपे हुए आतंकवादी लगातार गोलीबारी कर रहे थे, के एकदम नजदीक पहुंच गए। नागरिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकालने के बाद, तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण चरण छिपे हुए आतंकवादियों को मार गिराना था। आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इसका प्रत्युत्तर गोलीबारी करके और ग्रेनेड फेंककर दिया। श्री शेख जुल्फिकार आज़ाद, पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा एवं 13 आरआर के सीओ कर्नल विक्रमजीत सिंह की समग्र कमान एवं निगरानी में अपर पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा एवं एसडीपीओ सुम्बल, एसआई गुरदीप सिंह के साथ हेड कांस्टेबल निसार अहमद एवं 13 आरआर के मेजर विशाल सिंह थापा के साथ उनके सहयोगियों तथा उप पुलिस अधीक्षक पीसी, बांदीपोरा के साथ उनके सहयोगियों और 31 आरआर के मेजर अमित गौड़ के साथ उनके सहयोगियों को शामिल करते हुए फिदायीन रोधी (आत्महत्या-रोधी) दस्तों दल का गठन किया गया। इन दोनों अभियान दलों ने लक्ष्य क्षेत्र पर धावा बोल दिया। आतंकवादियों ने बचकर भागने के लिए प्रदर्शनकारियों की ओर भागने की कोशिश की। घेराबंदी को और मजबूत कर दिया गया और उसकी चाल को विफल करने के लिए सड़क पर बुलेटप्रुफ वाहन तैनात कर दिए गए। उक्त आतंकवादी ने स्वयं को फंसा हुआ पाकर गली में मोर्चा संभाल लिया और बलों पर भारी गोलीबारी करने लगा जिसके कारण एक एसओजी जवान कांस्टेबल विकास शर्मा गोली लगने से घायल हो गए और मिनी फोर्स वाहन को नुकसान पहुंचा। संयुक्त बलों द्वारा गोलीबारी का प्रत्युत्तर प्रभावी रूप से दिया गया और वहां पर हुई गोलीबारी में लश्कर-ए-तैयबा का एक विदेशी आतंकवादी मारा गया। मारा गया आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा का डिवीजनल कमांडर अबू मुसैब उर्फ माज ए+ श्रेणी का आतंकवादी था। मारे गए आतंकवादी के कब्जे से हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में हाजिन पुलिस स्टेशन में आरपीसी की धारा 307, 148, 149, 336, 353 और आई.ए. अधिनियम की धारा 7/27 के तहत प्राथमिकी सं. 04/2017 दर्ज है। अभियान के दौरान बरामद किए गए हथियारों/गोलाबारूद में एक एके-56 राइफल, एके-56 की 03 मैगजीनें (02 क्षतिग्रस्त), 66 एके-56 के जिंदा कारतूस, 03 चाइनीज ग्रेनेड एवं 01 पाउच शामिल हैं।

इस अभियान में, सर्व/श्री दाऊद अयूब, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, गुरदीप सिंह, निरीक्षक और निसार अहमद डार, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.01.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 136-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री/

1. फारूख अहमद मंट्टू,
हेड कांस्टेबल

2. रियाज अहमद,
एसजीसीटी

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दूसू रफियाबाद के सामान्य क्षेत्र में विदेशी आतंकवादी के मौजूद होने के बारे में विशिष्ट आसूचना के आधार पर, सोपोर पुलिस ने 22 आरआर, सीआरपीएफ की 179, 177 एवं 92 बटालियन की टुकड़ियों, के सहयोग से दिनांक 09.11.2016 को लगभग 1500 बजे गांव दूसू जागीर, रफियाबाद में घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान यह सुनिश्चित हुआ कि आतंकवादी सखी सरवर की श्राइन में छिपे हुए हैं और विदेशी आतंकवादी हैं तथा अत्याधुनिक हथियारों से लैस हैं। नागरिकों के लक्ष्य क्षेत्र के पास अपने खेतों में व्यस्त होने के कारण, सम्पार्श्विक क्षति/नागरिकों के हताहत होने की आशंका थी।

परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए, श्री शौकत अहमद-केपीएस, सं. 116067-केपीएस, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सोपोर के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल फारूख अहमद सं.24/सोपोर पीआईडी सं.012574 एवं एसजीसीटी रियाज अहमद सं.2923/एस, पीआईडी सं. ईएक्सके-971496 को शामिल करते हुए पुलिस/सेना का एक संयुक्त दल गठित किया गया था और लक्ष्य क्षेत्र से नागरिकों को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू की गई। कुछ प्रयासों के बाद दल को नागरिकों से पूरी तरह बाहर निकालने में सफलता मिली। नागरिकों को बाहर निकालने की प्रक्रिया के पश्चात, लक्ष्य क्षेत्र पर पुनः ध्यान केंद्रित किया गया और छिपे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, संस्तुत व्यक्तियों सहित अग्रवर्ती अभियान दल ने गोलीबारी का प्रभावशाली रूप से प्रत्युत्तर दिया, जिससे आमने-सामने की गोलीबारी की लड़ाई शुरू हो गई। हेड कांस्टेबल फारूख अहमद एवं एसजीसीटी रियाज अहमद सहित श्री शौकत अहमद-केपीएस, उप-पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), सोपोर के नेतृत्व में पुलिस/सेना के संयुक्त दल छिपे हुए आतंकवादी के साथ लड़ते हुए आगे बना रहा। इस बीच, अग्रवर्ती दल, जिसमें संस्तुत व्यक्ति शामिल थे, ने सभी दिशाओं से लक्ष्य की तरफ आगे बढ़कर लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया। जान आफत में पड़ता महसूस करते हुए, छिपे हुए आतंकवादी गोलियों की बौछार करते हुए श्राइन से बाहर आ गए। तथापि, हेड कांस्टेबल फारूख अहमद एवं एसजीसीटी रियाज अहमद सहित श्री शौकत अहमद, उप-पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सोपोर असाधारण साहस एवं पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए डटे रहे और आमने-सामने की गोलीबारी छिपे हुए आतंकवादी को मार गिराने के बाद समाप्त हुई, जिसकी बाद में मुस्तफा एवं अली, निवासी पाकिस्तान, लश्कर-ए-तैयबा संगठन के रूप में पहचान हुई। मुठभेड़ स्थल में भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया और इस संबंध में डांगीवाचा पुलिस स्टेशन में आयुध अधिनियम की धारा 7/25 के अधीन प्राथमिकी सं.115/2016 पंजीकृत है।

यहां उल्लेखनीय है कि मारे गए आतंकवादी लम्बे समय से इस क्षेत्र में सक्रिय थे और आतंकवादी संबंधी कई घटनाओं में संलिप्त थे। वे युवाओं को आतंकवाद में शामिल होने के लिए आकर्षित करने में भी संलिप्त थे।

पूरे अभियान के दौरान, श्री शौकत अहमद, उप-पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), सोपोर, हेड कांस्टेबल फारूख अहमद एवं एसजीसीटी रियाज अहमद ने अदम्य वीरता का प्रदर्शन करते हुए बेकसूर नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालना सुनिश्चित किया। अधिकारी ने नाजुक परिस्थिति में उच्च स्तर के नेतृत्व का प्रदर्शन किया और किसी प्रकार की सम्पार्श्विक क्षति न होना सुनिश्चित किया। अभियान का नेतृत्व करने के अतिरिक्त, अपने पेशेवर रवैये, कर्तव्यपरायणता एवं नेतृत्व गुणों के कारण उन्होंने ऐसी नाजुक स्थिति में असाधारण पराक्रम का प्रदर्शन किया।

इस अभियान में सर्व/श्री फारूख अहमद मंटू, हेड कांस्टेबल और रियाज अहमद, एसजीसीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09/11/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 137-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. शीतलकुमार अनिलकुमार दोइजड,
पुलिस उप निरीक्षक

02. हर्षद बबन काले,
पुलिस उप निरीक्षक

03. प्रभाकर रंगाजी मादावी,
नाइक पुलिस कांस्टेबल

04. महेश दत्तू जाकेवर,
पुलिस कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10.01.2016 को, बीजापुर के अपर पुलिस अधीक्षक श्री आई.के. एलेसेला 79 पुलिस कार्मिकों के साथ हेलीकॉप्टर से एसपीएस दमरनचा पहुंचे। योजना के अनुसार, दिनांक 11.01.2016 को श्री एलेसेला के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य और स्पेशल ऑपरेशन स्क्वाड (सी-60) के कमांडो ने एस.पी.एस. दमरनचा से प्रस्थान किया। इस दल ने इंद्रावती नदी को पार किया और सांद्रा, गर्तुल और कोकेरा गांव के वन क्षेत्र से गुजरने लगे। एक अन्य दल पी.एस.आई. काले और एसपीएस दमरनचा के स्टाफ और स्पेशल ऑपरेशन स्क्वाड के कमांडो छत्तीसगढ़ राज्य के कमांडो की सहायता से पी.एस.आई. दोइजड के नेतृत्व में चिंतारवेली गांव की ओर आगे बढ़े और इंद्रावती नदी को पार किया। इसके बाद यह दल सान्द्रा एवं अरेपल्ली के रास्ते जंगल से होकर छानबीन करते हुए आगे बढ़ा।

जब ये पार्टियां जंगल में गश्त लगा रही थीं, तब लगभग 1000 बजे इन पर नेशनल पार्क एरिया कमेटी के सशस्त्र नक्सलियों द्वारा घात लगाकर हमला किया गया। नक्सलियों ने पुलिस को मारने और उसके बाद उनके हथियार और गोलाबारूद छीनने के उद्देश्य से उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। आत्म-रक्षा में पुलिस ने नक्सलियों की ओर गोलीबारी करके प्रत्युत्तर दिया। पी.एस.आई. दोइजड ने कुछ नक्सलियों को ऑलिव ग्रीन वर्दी पहने अपनी पीठ पर पिट्ठू लादे देखा। तदनुसार, उन्होंने पीएसआई काले को सतर्क कर दिया और उसी समय इन नक्सलियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस वीरतापूर्ण कार्य ने उसके साथ चले रहे अन्य पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ा दिया और उन्होंनें भी बहादुरी से जवाब दिया। अपर पुलिस अधीक्षक श्री एलेसेला एवं पी.सी. माल्या पेंडम ने भी नक्सलियों को देखा और तुरंत जंगल में अपनी पोजिशन ले ली और फिर आगे बढ़ने लगे। लेकिन नक्सलियों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी और उन्हें अपने स्थानों पर रूके रहने पर मजबूर कर दिया।

चूंकि अपर पुलिस अधीक्षक श्री एलेसेला एवं माल्या पेंडम नक्सलियों के प्रचंड हमले में फंस गए थे, इसलिए पी.एस.आई. दोइजड, पी.एस.आई. काले, एनपीसी/939 प्रभाकर मादावी, पीसी/5413 महेश जाकेवर ने अपनी जान जोखिम में डालकर नक्सलियों पर जवाबी हमला करके श्री एलेसेला की सहायता के लिए आगे बढ़े। पी.एस.आई. दोइजड ने पीएसआई काले को कवर फायर प्रदान किया जिसके परिणामस्वरूप पीएसआई काले अपर पुलिस अधीक्षक के पास पहुंच सके। नक्सलियों को अपने कामरेडों को दिलीप, रायनू, रोशन, मंगू नाम से जोर से पुकारते हुए और उन्हें पुलिस को घेर कर मार डालने के लिए कहते हुए सुना गया। पुलिस कार्मिकों ने नक्सलियों को आत्म-समर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और नक्सलियों ने पुलिस पार्टी की ओर गोलीबारी जारी रखी।

पी.एस.आई. दोइजड, पी.एस.आई. काले, प्रभाकर मादावी, महेश जाकेवर सभी ने युद्धभूमि में अभूतपूर्व वीरता का परिचय दिया। गोलीबारी के बीच उनकी वीरता एवं सूझबूझ के कारण, नक्सलियों की घात को तोड़ दिया गया और अन्य पुलिस कर्मियों के बहुमूल्य जीवन की रक्षा हो सकी। नक्सलियों को झटका लगा और वे पीछे हटने लगे। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ दो घंटे तक चली और नक्सली घने जंगल का लाभ उठाकर भाग गए। इस मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ पुलिस ने 230 राउंड गोली चलाई और गढ़चिरौली पुलिस ने 625 राउंड गोली चलाई।

नक्सलियों की ओर से गोली की आवाज बंद होने के बाद पुलिस ने उपर्युक्त घटनास्थल की तलाशी की। तलाशी के दौरान, पुलिस ने घटनास्थल से निम्नलिखित वस्तुएं बरामद कीं - इंसास राइफल-1, मैगजीन-3, बरमार गन-1, स्टील कंटेनर-1, बैटरी सेट-2, रेडियो सेट-1, पिट्ठू-6, 1 मीटर तार, कलाई घड़ी, नक्सल डंगरी, नक्सल साहित्य, मैगजीन बॉक्स आदि। पुलिस को उपर्युक्त वस्तुओं के पास पड़े हुए दो मृत नक्सलियों (एक महिला नक्सली सहित) का शव भी मिले।

इस अभियान में सर्व/श्री शीतलकुमार अनिलकुमार दोइजड, पुलिस उप निरीक्षक, हर्षद बबन काले, पुलिस उप निरीक्षक, प्रभाकर रंगाजी मादावी, नाइक पुलिस कांस्टेबल और महेश दत्तू जाकेवर, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.01.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 138-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अजीतकुमार भगवान पाटिल,
पुलिस उप निरीक्षक

02. टीकाराम संपतरी कटेंगे,
नाइक पुलिस कांस्टेमबल

03. राजेंद्र श्रीराम टाडामी,
पुलिस कांस्टेबल

04. सोमनाथ श्रीमंत पवार,
पुलिस कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 02.01.2017 को सायंकाल लगभग 07.00 बजे, पीएसआई अजीतकुमार पाटिल ने पार्टी कमांडर टीकाराम कटेंगे एवं अन्य 23 पुलिस कार्मिकों के साथ कुरखेड़ा सब डिवीजन में वडगांव के जंगल में नक्सल रोधी अभियान चलाने के लिए गढ़चिरौली से प्रस्थान किया। वे सब कोसमी गांव पहुंचे और उसके बाद रात में निकट के जंगल में रूके। दिनांक 03.01.2017 से 04.01.2017 तक, पार्टी ने किसनेली, वडगांव, बोटेजारी, हरकेटोला के जंगल में तलाशी अभियान चलाया और रात में नरकसा के जंगल में रूके।

दिनांक 05.01.2017 को, जब पुलिस पार्टी वडगांव के जंगल में नक्सल रोधी अभियान चला रही थी, तभी लगभग 1500 बजे अचानक उन पर 10 से 12 सशस्त्र नक्सलियों द्वारा हमला किया गया। नक्सलियों ने पार्टी कमांडर कटेंगे के नेतृत्व वाले पुलिस कर्मियों के समूह को घेर लिया था और वे पुलिस कर्मियों को मारने के बाद उनके हथियार और गोलाबारूद छीनने के उद्देश्य से उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा रहे थे। अत: पीएसआई अजीतकुमार पाटिल और उनके साथियों ने जमीन पर अपनी पोजिशन ले ली और ध्यान से हमले की दिशा की ओर देखा।

इसके बाद वे आश्वस्त हो गए कि हमलावर सीपीआई (माओवादी) नक्सली संगठन से जुड़े हुए हैं जो एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन है। गोलियां चलने की आवाज सुन कर, पीएसआई पाटिल ने अन्य पुलिस कर्मियों नामत: राजेंद्र टाडामी, सोमनाथ पवार को वॉकी-टॉकी पर हमलावरों की दिशा की तरफ आगे बढ़ने का निर्देश दिया और अन्य पुलिस कर्मियों के साथ वे अपनी जान को जोखिम में डालकर गोलीबारी की दिशा में आगे बढ़ गए। पीएसआई पाटिल ने जोर से नक्सलियों से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने की जोरो से अपील की। नक्सलियों ने अपील पर कोई ध्यान नहीं दिया और पुलिस की दिशा में गोलीबारी जारी रखी। नक्सलियों को आपस में बोलते हुए सुना गया - "पंकज, सोनी और मधु तुम लोग दायीं ओर से कवर करो; सूरज और कमली, तुम दोनों पुलिस को बायीं ओर से कवर करो, पुलिसवालों को जाने मत दो, उन सबको मार डालो।" गोलीबारी के बीच अपनी जान को अत्यंत जोखिम में डालकर पीएसआई पाटिल ने अपने कार्मिकों के साथ दक्षिण दिशा से नक्सलियों को घेरना शुरू कर किया और कमांडर टीकाराम कटेंगे ने उत्तरी दिशा से नक्सलियों को घेरना शुरू कर दिया और इस तरह उन्होंने नक्सलियों की मौत के चंगुल में फंसे हुए पुलिस कर्मियों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया। इस भयानक परिस्थिति में, दोनों समूहों के पुलिसकर्मी भय से पीछे नहीं हटे और उन्होंने वीरतापूर्वक नक्सलियों का सामना किया। इसके पश्चात, पुलिस बलों के बढ़ते दबाव को महसूस करते हुए, नक्सली पहाड़ी क्षेत्र और घने जंगल का लाभ उठाते हुए जंगल में भाग खड़े हुए। यह मुठभेड़ एंकाउंटर 15-20 मिनट से अधिक समय तक चली।

नक्सलियों की ओर से गोलीबारी रूक जाने के बाद, पीएसआई पाटिल ने सभी कर्मियों को एक स्थान पर एकत्रित किया और उनसे पूछताछ की। पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र टाडामी को मामूली चोट आई थी जबकि अन्य सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित और चोटरहित थे। तत्पश्चात समुचित एसओपी (विशेष प्रचालन प्रणाली) का अनुसरण करते हुए पुलिस पार्टी ने घटनास्थल की तलाशी की। तलाशी के दौरान, पुलिस को एक घायल महिला नक्सली अचेत अवस्था में मिली। घटनास्थल से एक मैगजीन एवं सीलिंग के साथ एक .303 राइफल, .303 राइफल के तीन राउंड, एक हरे रंग का पिट्ठू, नक्सली साहित्य आदि बरामद किया गया।

मुठभेड के दौरान, पुलिस पार्टी ने निम्नलिखित मात्रा में गोलाबारूद अर्थात: एके-एम-49 राउंड, एसएलआर-22 राउंड एवं इंसास राइफल-03 राउंड चलाए। घायल एवं अचेत महिला नक्सली के साथ घटनास्थल से जब्त सामग्रियों को एक माइन प्रोटेक्टिव वाहन (एमपीवी) में रखा गया और उपचार के लिए जनरल अस्पताल, गढ़चिरौली लाया गया। चिकित्सा अधिकारी ने महिला नक्सली के शरीर की जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया।

इस मुठभेड में, पीएसआई अजीतकुमार भगवान पाटिल, एनपीसी टीकाराम कटेंगे, पीसी सोमनाथ पवार एवं पीसी राजेंद्र टाडामी जो स्पेशल ऑपरेशन स्क्वाड (सी-60), गढ़चिरौली के थे। सभी ने अपनी जान अत्यधिक जोखिम में डालकर सशस्त्र नक्सलियों से लड़ते हुए असाधारण साहस और पराक्रम का प्रदर्शन किया। उपर्युक्त पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदर्शित वीरता, युक्ति एवं अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण के कारण पुलिस ने एक खूंखार महिला नक्सली को मार गिराया।

इस अभियान में सर्व/श्री अजीतकुमार भगवान पाटिल, पुलिस उप निरीक्षक, टीकाराम संपतरी कटेंगे, नाइक पुलिस कांस्टेबल, राजेंद्र श्रीराम टाडामी, पुलिस कांस्टेबल और सोमनाथ श्रीमंत पवार, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.01.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 139-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. विवेकानंद सिंह, आईपीएस एसडीपीओ — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

02. गोपीसन आर. मारक, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री विवेकानंद सिंह, आईपीएस, सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी, दोडेंग्रे को दिनांक 26 जुलाई, 2015 को सुबह एक स्रोत से सूचना मिली कि छह (06) संदिग्ध एएसएके आतंकवादी दारेनचिग्रे/गनारूग्रे के वन क्षेत्र में ठहरे हुए हैं और किसी के अपहरण की योजना बना रहे हैं। उस समय फुलबारी में ठहरे अधिकारी श्री आर.ए. संगमा, सीआई फुलबारी एवं दल के साथ तत्काल टिकरीकिला पुलिस स्टेशन की ओर रवाना हो गए।

अभियान दल ने टिकरीकिला पुलिस स्टेशन से प्रस्थान किया और योजना के अनुसार एसआई बी हाजोंग, ओ/सी टिकरीकिला पुलिस स्टेशन के अधीन घेराबंदी दल ने पूरे क्षेत्र की यथासंभव, घेराबंदी कर दी। इसके साथ-साथ, श्री विवेकानंद सिंह, आईपीएस, निरीक्षक आर. ए. संगमा, एबीसी गोपीसन आर. मारक, एबीसी सिमसेंग मारक, एबीसी राकेश प्रसाद, एबीसी डी. राभा के साथ मेजर रोमी सिंह एवं अन्य तीन सेना कार्मिक पूर्णरूपेण दिन का समय होने के कारण युक्तिपूर्वक एवं चुपके से लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ने लगे। यह क्षेत्र घने जंगल वाला पहाड़ी क्षेत्र था और तेज वर्षा हो रही थी। श्री विवेकानंद सिंह हमला दल का नेतृत्व कर रहे थे, जबकि एबीसी/394 गोपीसन आर. मारक दूसरे स्थान पर चल रहे थे। जब हमलादल लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ा, तब लगभग 4:30 बजे श्री विवेकानंद सिंह, आईपीएस

ने भारी हथियारों से लैस लगभग 5-6 आतंकवादियों को देखा और तत्काल दल को कवर लेने के लिए सतर्क कर दिया। तथापि, आतंकवादी समूह के एक संतरी, जो कि स्वचालित हमला राइफल से लैस होकर घने जंगल में छिपा हुआ था, ने उन्हें देख लिया और अचानक अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। श्री विवेकानंद सिंह एवं श्री गोपीसन आर. मारक दोनों ही अचानक गोलीबारी से घबराए नहीं, बल्कि जवाबी गोलीबारी की और अपने हमला दल को भी जवाबी गोलीबारी करने का आदेश दिया। भारी गोलीबारी के बावजूद श्री विवेकानंद सिंह एवं गोपीसन आर. मारक युक्तिपूर्वक आतंकवादियों की तरफ बढ़ने लगे और उन्हें गहन गोलीबारी में उलझा दिया, जो 10 मिनट से अधिक समय तक चली। श्री विवेकानंद सिंह एवं गोपीसन आर. मारक आतंकवादियों का सामना करने में झिझके नहीं और व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा सी भी चिंता किए बिना गोलीबारी करते रहे। इसके परिणामस्वरूप, एक खतरनाक आतंकवादी नामत: (एल) सिलसेंग डी. संगमा (27) पुत्र मोनसू संगमा, निवासी नोगोरपाड़ा, पोस्ट होल्लोईडंगा, जिला पश्चिम गारो हिल्स, मेघालय को घटनास्थल पर ही मार गिराया गया। मृतक एएसएके आतंकवादी था और लम्बे समय से क्षेत्र के लिए खतरा बना हुआ था। यह अभियान किसी पुलिस कार्मिक अथवा जनता या घायल या हताहत हुए बिना असाधारण रूप से निष्पादित किया गया। इस अभियान की योजना अत्यंत सावधानीपूर्वक बनाई गई थी और इसे उत्कृष्ट रूप से अंजाम दिया गया। श्री विवेकानंद सिंह, आईपीएस, एसडीपीओ एवं गोपीसन आर. मारक ने अभियान के दौरान अपनी जान को जोखिम में डालकर अत्यधिक साहस और रणनीतिक दक्षता का प्रदर्शन किया।

इस अभियान में सर्व/श्री विवेकानंद सिंह, आईपीएस, एसडीपीओ और गोपीसन आर. मारक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.07.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 140-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	टी.सी. चाको, उप पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
02.	टोनी एम. संगमा, उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03.	फिल डखर, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05.04.2015 को दुरामा रेंज के बहुत भीतर गारो नेशनल लिबरेशन आर्मी (जीएनएलए) एवं यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (यूएलएफए) के संयुक्त सामान्य शिविर/प्रशिक्षण शिविर के सामान्य ठिकाने के बारे में स्रोत से सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, शिविर का पता लगाने और उसे नष्ट करने की कार्रवाई की योजना तैयार की गई। प्राप्त सूचना के अनुसार, जीएनएलए संगठन के कई नए रंगरूटों के साथ यूएलएफए/जीएनएलए के लगभग 90(नब्बे) कैडर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। अपने कैडरों के प्रशिक्षण की निगरानी करने के लिए इंरियन नामक एक वरिष्ठ यूएलएफए कैडर कथित रूप से शिविर में मौजूद था।

तदनुसार, एक कार्य योजना तैयार की गई जिसमें स्वाट कर्मियों को शामिल करते हुए एक मजबूत दल दुराबंदा से प्रवेश करेगा और शिविर का पता लगाने और उसे नष्ट करने के लिए संदिग्ध स्थल की ओर कूच करेगा।

योजना के अनुसार, श्री टी.सी. चाको, एमपीएस, उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में 43 (तैंतालीस) स्वाट कर्मियों के एक दल को दिनांक 06.04.2015 को 11:30 बजे अपराह्न शामिल किया गया। गोपनीयता एवं विस्मय बनाए रखने के लिए, दुराबंदा गांव, दक्षिण गारो हिल्स जिला में शामिल किए गए दल ने कच्चे रास्ते से नोकरेक चोटी (मेघालय की सबसे ऊंची चोटी) पर खड़ी चढ़ाई करते हुए और

लगभग 15 (पंद्रह) घंटे कच्चे रास्ते पर चलने के बाद संदिग्ध क्षेत्र तक पहुंचे। क्षेत्र में पहुंचने के पश्चात, दल ने लोगों की आवाजें सुनी और उन्हें निकट में शिविर होने के संकेत प्राप्त हुए। तदनुसार, उप-निरीक्षक टोनी एम. संगमा के नेतृत्व में एक दल को अन्य क्षेत्र से अलग-थलग करने/शिविर घेरने के लिए संदिग्ध शिविर के पश्चिम दिशा की ओर भेजा गया और एक अन्य दल पूर्वी दिशा से शिविर की ओर आगे बढ़ा। कुछ दूर तक आगे बढ़ने के पश्चात यह महसूस हुआ कि हमला दल ने लम्बी घेराबंदी कर ली है और शिविर एवं हमला दल के बीच एक खड़ी चट्टान है। दिन की रोशनी होने के कारण दल को वापस बुला कर अलग-अलग रास्ते से आगे बढ़ने और उस दिशा से आतंकवादियों पर हमला करने, जो उन्हें वे अलग-थलग करने वाले स्थान की ओर ले जाएगी, पर उनके उजागर होने की संभावना अधिक थी, इसलिए दल के कमांडर 02 (दो) स्वाट जवानों के साथ अलग दिशा से शिविर की ओर आगे बढ़ने का साहस दिखाया और दो स्वाट कमांडो, जोकि उनके पीछे चल रहे थे, का कवर लेते हुए शिविर की ओर आगे बढ़े। शिविर से लगभग 20 मी. दूर तक पहुंचते ही, जीएनएलए एवं यूएलएफए दोनों के भारी सशस्त्र आतंकवादियों के एक समूह ने वहां पहुचने वाले दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। श्री टी.सी. चाको ने कवर कर रही पार्टी की मदद से बहादुरी से प्रत्युत्तर दिया और एक यूएलएफए आतंकवादी जिसकी पहचान बाद में (स्व.) रामबिलास कोच उर्फ कनतरंग उर्फ पिजाक, पुत्र पंचाट कोच, गांव सरायगांव, पोस्ट रैरनोना, जिला कोकराझाड़ (बरामद पहचान पत्र से) के रूप में हुई, को मार गिराया एवं कई आतंकवादियों को घायल कर दिया। भीषण गोलीबारी के बाद सभी आतंकवादी जिनकी संख्या लगभग 90 (नब्बे) थी, कट-ऑफ पार्टी की दिशा में भागे। वहां भी पुलिस को देखकर, भाग रहे आतंकवादियों ने एसआई रोनाल्ड नॉनग्रम के नेतृत्व वाले पुलिस दल पर गोलीबारी की। एसआई रोनाल्ड नॉनग्रम ने बीएनसी/624 फिल डखर एवं अन्य कर्मियों की सहायता से अपने स्थानों से उन पर पुन: हमला किया और आतंकवादियों की ओर से लगातार हो रही गोलीबारी का दिलेरी से सामना किया एवं कई आतंकवादियों को घायल कर दिया।

मारे गए यूएलएफए आतंकवादी से एक 7.65 एमएम पिस्टल, जिसके चैम्बर में 1(एक) राउंड और मैगजीन में 3(तीन) राउंड बंद स्थिति में थे, बरामद की गई। क्षेत्र की तलाशी करने पर, आईईडी, वायरलेस सेट आदि सहित विभिन्न सामग्रियां बरामद हुईं और जब्त कर ली गईं। जब्त सामग्रियों के अतिरिक्त, 90 (नब्बे) बैक पैक, केमोफ्लॉज ड्रेस, प्रशिक्षण के लिए प्रयुक्त 70 (सत्तर) नकली राइफल, कई बोरियां चावल, कम्बल, मैगजीन पाउच, वस्त्र, निजी वस्तुएं, खाना पकाने के बर्तन, जेनरेटर सेट आदि जैसे कई अन्य वस्तुएं बरामद की गईं एवं लगभग 1 (एक) वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैली 12 (बारह) झोपड़ियों/बैरकों का पता लगाया गया और उन्हें नष्ट कर दिया गया।

बाद में, तकनीकी एवं मानव आसूचना से इस बात की पुष्टि हुई कि 3(तीन) और घायल आतंकवादियों की जंगल में मृत्यु हो गई है और उनमें से कई को गंभीर चोटे आईं हैं।

इस अभियान में, सर्व/श्री टी.सी. चाको, उप पुलिस अधीक्षक, टोनी एम. संगमा, उप-निरीक्षक और फिल डखर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06.04.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 141-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. निरंजन साहू, अपर पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

02. उमेश कुमार सिंह, उप-निरीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

03. हरिबंधु किरसानी, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

04. भीष्म करूआन, (वीरता के लिए पुलिस पदक)
कांस्टेबल

05. सामन्ता माझी, (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11.04.2017 को माओवाद से अति प्रभावित नारायणपटना कोरापुट जिला के अंतर्गत धायगुरहा जंगल क्षेत्र में कोरापुट डिवीजन के प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के सदस्यों के आपराधिक षडयंत्र के संबंध में विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई, जिनका लक्ष्य लक्ष्मीपुर से पार्वतीपुरम को जोड़ने वाले राज्य राजमार्ग को विस्फोट से उड़ाकर नष्ट करना और इस राजमार्ग से गुजरने वाले सुरक्षाबलों की आईईडी विस्फोट द्वारा हत्या करना था।

दिनांक 11-12.04.2017 की मध्यवर्ती रात्रि में, श्री निरंजन साहू, अपर पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन, कोरापुट के नेतृत्व में डीवीएफ एवं एसजीओ के छोटे दल सं. 04 को प्रतिबंधित संगठन को पकड़ने के लिए माओवाद-रोधी अभियान के लिए भेजा गया। जब दल वन क्षेत्र में पहुंचा, तब सशस्त्र माओवादियों ने स्वचालित हथियारों से अचानक अकारण गोलीबारी शुरू कर दी और बगल से तेज हमला कर दिया, जिससे पुलिस दल विभिन्न दिशाओं से भारी गोलीबारी में फंस गया और उनके ग्रेनेड के हमले से दो एसजीओ कमांडो भीष्म करूण एवं सामन्ता माझी घायल हो गए। गोलीबारी से घबराए बिना निरंजन साहू, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के नेतृत्व में पुलिस दल ने संख्या बल के कम होने और गंभीर क्षेत्रीय सीमाओं के बावजूद निजी सुरक्षा को दरकिनार करते हुए वीरतापूर्वक प्रत्युत्तर दिया। कमांडो हरिबंधु किरसानी के साथ निरंजन साहू, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) ने गोलीबारी का सामना करते हुए सामने से एक अत्यंत जोखिमपूर्ण हमला करके माओवादियों पर धावा बोल दिया और माओवादियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। उप निरीक्षक(ए) उमेश कुमार सिंह, भीष्म करूण, सामन्ता माझी के एक अन्य छोटे दल ने दाहिनी ओर से घेराबंदी करके हमला किया और माओवादियों का निर्भीक होकर सामना किया। दल के लीडर निरंजन साहू, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), कोरापुट एवं चार कमांडो ने अत्यंत विषय परिस्थिति में मौके पर वीरता दिखाई और संख्या में अधिक तथा रणनीतिक रूप से बेहतर स्थिति में खड़े शत्रु के विरूद्ध प्रेरणास्पद युद्ध किया। उनकी इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप एक माओवादी कैडर पद्मा उर्फ कांतामनी हेरेका (एसीएम), नंदापुर एरिया कमिटी, कोरापुट डिवीजन को मार गिराया गया और जिंदा आईईडी-2, एसबीबीएल, बंदुक-1 एसबीएमएल-बंदूक-1, डेटोनेटर-3, वॉकी-टॉकी-1 और अन्य कैम्प सामग्रियां बरामद की गई। दिनांक 12.05.2017 को उसी ईओएल समूह के कोरापुट डिवीजन के एसीएम रैंक के दो खूंखार माओवादियों सोनू एवं दिव्या ने कोरापुट पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पूछताछ के दौरान, सोनू ने खुलासा किया कि पद्मा उर्फ कांतामनी हेरका (एसीएम) के अलावा एक अन्य महिला माओवादी नामत: टुबरी मंदंगी (एसीएम) कोरापुट डिवीजन, जो कि उसी ईओएफ की थी, भी मारी गई है।

इस बहादुरी एवं हौसलापूर्ण कार्रवाई से शत्रु के खेमे को तहस-नहस करके दो महिला माओवादी कैडरों को मार गिराया गया और माओवादियों के कुटिल इरादों को विफल करके एक बड़ी हिंसक वारदात को अंजाम दिए जाने से रोक दिया गया।

इस अभियान में, सर्व/श्री निरंजन साहू, अपर पुलिस अधीक्षक, उमेश कुमार सिंह, उप-निरीक्षक, हरिबंधु किरसानी, कांस्टेबल, भीष्म करूआन, कांस्टेबल और सामन्ता माझी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.04.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 142-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. राकेश कुमार स्वांई,
कांस्टेबल

02. अजय बेहेरा,
कांस्टेबल

03. ज्योति कुमार कीरो,
सार्जेंट

04. सौम्य रंजन दास,
उप सूबेदार

05. धनेश्वर माझी,
कांस्टेबल

06. भक्त प्रिय साहू,
हवलदार

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 15.09.2016 को श्री धनेश्वर माझी, कांस्टेबल से एक विश्वसनीय एवं वास्तविक आसूचना संबंधी जानकारी मिली, जो पिछली रात अपनी जान जोखिम में डालकर जंगल में और निकट क्षेत्र में आसूचना की पुष्टि के लिए रूके थे और अगली सुबह श्री धनेश्वर माझी ने इस बात की पुष्टि की कि निर्दोष नागरिकों को मारने, सुरक्षा बलों को निशाना बनाने आदि और आतंक फैलाने एवं राष्ट्र के विरूद्ध युद्ध छेड़ने जैसी हिंसक गतिविधियों की सुनिश्चित योजना के साथ प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र काडरों का एक समूह बीजेपुर पुलिस स्टेशन, जिला कालाहांडी के अधीन कटलंग गांव के निकट फुलवारी रिजर्व वन में मौजूद है। प्रतिबंधित माओवादी कॉडरों को पकड़ने के लिए ज्योति कुमार कीरो, पुलिस सार्जेंट एवं सौम्य रंजन दास, उप सूबेदार के नेतृत्व में एसओजी के छोटे दल सं. 02 एवं विशेष ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) एटी-02 के दलों के साथ पुलिस अधीक्षक, कालाहांडी द्वारा एक नक्सल-रोधी अभियान की योजना बनाई गई और शुरू की गई। क्षेत्र के खतरनाक ढांचे और तैयार की गई योजना को निष्पादित करने की जल्दीबाजी को देखते हुए, श्री धनेश्वर माझी, कांस्टेबल ने एसओजी दलों को निकटतम प्रभुत्वशाली स्थान पर पहुंचाने के लिए स्काउट के रूप में आगे बढ़कर दल का नेतृत्व किया। पुलिस दल द्वारा उन्हें स्पष्ट एवं ऊंची आवाज में आत्मसमर्पण के निर्देश का कोई असर नहीं पड़ा, बल्कि माओवादियों ने अचानक एवं अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें पांच पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आईं। श्री राकेश कुमार स्वांई, कांस्टेबल एवं अजय बेहेरा, कांस्टेबल अपनी गंभीर चोट और संख्या बल में कम होने के बावजूद माओवादियों की ओर से भारी गोलीबारी से बेपरवाह अपनी जान जोखिम में डालकर रणनीतिक रूप से आगे बढ़कर माओवादियों के अत्यंत निकट पहुंच गए और माओवादियों पर जोरदार तरीके से जवाबी हमला किया, जिससे पुलिस दल को सुरक्षित कवर पोजिशन लेने में मदद मिली। श्री ज्योति कुमार कीरो, श्री सौम्य रंजन दास, श्री धनेश्वर माझी एवं श्री भक्त प्रिय साहू, हवलदार भी अपनी जान जोखिम में डालकर माओवादी समूह की ओर अत्यंत निकट पहुंच गए और उन्हें रोकने के लिए गोलीबारी की। इस प्रकार सभी संस्तुत अधिकारियों ने अत्यंत जोखिम भरे आमने-सामने के हमले में निडर होकर शत्रु पर हमला किया और उन्हें बचकर भागने पर मजबूर कर दिया। उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के कारण एक वर्दीधारी महिला माओवादी कॉडर, जिसकी पहचान बाद में बंसधारा-घुमसर-नागबली-डिवीजन की संगीता के रूप की गई, को मार गिराने के साथ-साथ एसएलआर -01, इंसास राइफल -01, .303 राइफल-2, 12 बोर की टूटी हुई राइफल-01, एसएलआर के 02 जिंदा राउंड, इंसास के 06 जिंदा राउंड, 06 राउंड .0303 राइफल के 06 राउंड, 10 हैवरसैक, 1 वॉकी-टॉकी, माओवादी साहित्य, दस्तावेज एवं कैंप की अन्य सामग्रियां आदि बरामद की गईं।

इस अभियान में, सर्व/श्री राकेश कुमार स्वांई, कांस्टेबल, अजय बेहेरा, कांस्टेबल, ज्योति कुमार कीरो, सार्जेंट, सौम्य रंजन दास, उप सूबेदार, धनेश्वर माझी, कांस्टेबल और भक्त प्रिय साहू, हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15.09.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 143-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री कुलदीप सिंह, आईपीएस,
अपर पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री कुलदीप सिंह, आईपीएस (पंजाब-2009) ने वर्ष 2012 में भटिंडा जिले में सहायक पुलिस अधीक्षक, सिटी-।। एवं यातायात के रूप में तैनाती के दौरान एक खूंखार गैंगस्टर के साथ दिन-दहाड़े जीवंत मुठभेड़ में अदम्य वीरता का प्रदर्शन किया, जिसमें एक गैंगस्टर जिस पर 11 आपराधिक मामले दर्ज थे, गोलीबारी में मारा गया।

दिनांक 06.09.2012 की शाम को, एसएचओ, भटिंडा कैंट पुलिस स्टेशन से वायरलेस पर यह सूचना प्राप्त होने पर कि एक सफेद रंग की फार्चूनर कार सं. पीबी-31-के-0045 संदिग्ध परिस्थितियों में शहर में घुम रही है, श्री कुलदीप सिंह अपनी पुलिस पार्टी (गनमैन वरिष्ठ कांस्टेबल जगसीर सिंह सं. 519, कांस्टेबल जसकरण सिंह सं. 1187, हेड कांस्टेबल हरवंश सिंह सं.1115) के साथ अपनी सरकारी कार सं. पीबी-76-पी-4223, जिसे हेड कांस्टेबल राजिन्दर सिंह सं. 165/एलडीएच चला रहा थे, छानबीन के लिए निकले। लगभग 7 बजे अपराह्न, पार्टी ने कमला नेहरू कालोनी पहुंचने पर वाहन को ढूंढ निकाला। ड्राइवर की सीट पर एक युवा आदमी के साथ बायीं ओर सामने की सीट पर एक लड़की साथ में बैठी हुई थी। पुलिस पार्टी को देखकर, वे वाहन में भागने की कोशिश करने लगे लेकिन सामने से उनका रास्ता पुलिस वाहन द्वारा अवरूद्ध कर दिया गया। इस पर लड़की चिल्लाई "गोली चलाओ" और "कार से बाहर निकलो", आदमी ने एएसपी के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी को मारने के उद्देश्य से उन पर गोली चलानी शुरू कर दी। गोली चलाए जाने पर, श्री कुलदीप सिंह अपने वाहन से कूद गए और पुलिस दल के प्रत्युत्तर को संगठित किया। गोलीबारी के दौरान उन्होंने अपनी जान की परवाह नहीं की, जबकि एक गोली उन्हें छू कर निकल गई और वे बाल-बाल बच गए। श्री कुलदीप सिंह ने संदिग्ध अपराधी पर जवाबी गोली चलाई जिससे वह घायल हो गया। संदिग्ध अपराधी की पहचान गुरशहीद सिंह उर्फ शेरा पुत्र जरनैल सिंह, निवासी खुम्बन बहाव वाला, जिला फाजिल्का, एक खूंखार गैंगस्टर और उसके साथी की पहचान नमदीक कौर, निवासी मॉलआउट सिटी, जिला श्री मुक्तसर साहिब के रूप में हुई। गुरशहीद सिंह को सिविल अस्पताल, भटिंडा ले जाया गया, जहां मुठभेड़ में आई चोटों की वजह से उसकी मृत्यु हो गई। अपराधी को मारने के लिए श्री कुलदीप सिंह, एएसपी ने दो राउंड गोली चलाई और इस प्रक्रिया में वे अपराधी द्वारा की गई गोलियों की बौछार से बाल-बाल बच गए और इस प्रकार उन्होंने अपनी ड्यूटी के प्रति अदम्य वीरता एवं प्रतिबद्धता का कार्य किया।

यह उल्लेखनीय है कि मुठभेड़ के समय, संस्तुत अधिकारी श्री कुलदीप सिंह एएसजी के रैंक के एक युवा आईपीएस अधिकारी थे, जिनके पास महज 02 वर्षों से कुछ अधिक सेवा का अनुभव था और वे अपने एसएचओ के वायरलेस कॉल के जवाब में अपने कुछ निजी सुरक्षा अधिकारियों के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और बिना झिझके एक खूंखार और बड़े गैंगस्टर का सामना किया जो कर्तव्य के प्रति उनके अत्यधिक समर्पण को दर्शाता है।

गुरशहीद सिंह उर्फ शेरा 11 एफआईआर में संलिप्त था, जिनमें पुलिस को सूचना प्रदान करने के संदेह में एक बड़े गैंगस्टर हैप्पी देवड़ा की हत्या, जिसके फलस्वरूप पंजाब में प्रतिस्पर्धी गैंगस्टरों के बीच गैंग-वार शुरू हो गई थी; शेरा के विरूद्ध एक न्यायालयी मामले में गवाह सौदागर सिंह की हत्या; चुनाव संबंधी दुश्मनी की वहज से निशान सिंह की हत्या; प्रसिद्ध पंजाबी गायक जैजी बैंस से फार्चूनर गाड़ी छीनना; किसी संदीप सिंह से 30 लाख रूपये की जबरन वसूली और फिरौती की मांग करना; हरदीप सिंह उर्फ जॉली से 10 लाख रूपये की फिरौती के लिए अपहरण; चोट पहुंचाना एवं फिरौती वसूलना; क्रिकेट की सट्टेबाजी में संलिप्तता होना, बंदूक की नोक पर एक व्यक्ति का अपहरण एवं कार छीनना; पजेरो कार एवं इनोवा कार छीनना सहित शामिल है।

गुरशहीद सिंह उर्फ शेरा और नमदीक कौर के विरूद्ध भटिंडा छावनी पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307/34, आयुध अधिनियम की धारा 25 के अंतर्गत दिनांक 06.09.2012 का एक प्राथमिकी सं. 83 दर्ज की गई थी; और घटनास्थल से 04 जिंदा कारतूस के साथ एक 09 एमएम पिस्टल (ग्लॉक), 04 खाली कारतूस और एक चोरी की फार्चूनर कार बरामद की गई थी। गुरशहीद सिंह उर्फ शेरा 11 आपराधिक मामलों में संलिप्त था।

यह मुठभेड़ वैधानिक, मजिस्ट्रेट जांच और न्यायिक जांच पर खरा उतरी। अपर उपायुक्त (जनरल) भटिंडा द्वारा की गई मजिस्ट्रेट जांच में पुलिस की तरफ से कोई भी गलती नहीं पायी गई। माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में दायर वर्ष 2012 की सिविल रिट याचिका सं. 24439 का राज्य के पक्ष में दिनांक 24.12.2015 के आदेश के द्वारा निपटान कर दिया गया है। गुरशहीद सिंह उर्फ शेरा की साथी और उसकी सह अभियुक्त नमदीक कौर को भटिंडा छावनी पुलिस स्टेशन में दर्ज वर्ष 2012 की प्राथमिकी सं. 83

में दोषसिद्ध किया गया है और उसे चार वर्ष छह माह के सख्त कारावास और 3000/- रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी पुलिस पार्टी की कार्रवाई को सही ठहराया है और एनएचआरसी के आदेश का संगत भाग नीचे पुन: प्रस्तुत है:—

"पुलिस दल का नेतृत्व एक आईपीएस अधिकारी कर रहे थे। गुरशहीद सिंह उर्फ शेरा को लगी गोली की सभी चोटें शरीर के निचले हिस्से में हैं। यह दर्शाता है कि पुलिस की मंशा उसे मारने की नहीं थी। विवि विज्ञान रिपोर्ट यह दर्शाती है कि मृतक गुरशहीद सिंह ने 9 एमएम पिस्टल से गोली चलाई और इन तथ्यों पर विचार करते हुए घटना के संबंध में पुलिस के पक्ष पर विश्वास करना पड़ रहा है। यह प्रतीत होता है कि पुलिस को आत्मरक्षा में गुरशहीद सिंह पर गोली चलानी पड़ी थी।"

यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि घटना के समय घटनास्थल पर बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे और पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई से आम जनता को कोई नुकसान नहीं हुआ।

श्री कुलदीप सिंह, आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक ने अपना कर्तव्य निभाते हुए अदम्य वीरता एवं नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना और अपराधी की ओर से गोलियों की बौछार के समक्ष आने के बावजूद जवाबी कार्रवाई की और अपराधी को मारकर अनुकरणीय साहस, वीरता एवं कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। गोलीबारी के बीच उनकी त्वरित कार्रवाई ने उनके दल के सदस्यों की जान बचाई और आम जनता के जीवन की क्षति होने से बचाया। उनका चार वर्षों से अधिक का निष्कलंक एवं बेदाग कैरियर रहा है। उनका कार्य पुलिस सेवा की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप और प्रशंसनीय है और अपने निजी जीवन को गंभीर जोखिम में डालते हुए अदम्य वीरता, त्वरित कार्रवाई, कर्तव्य के प्रति समर्पण की उच्च भावना, उच्चतम नेतृत्व क्षमता के प्रदर्शन के कारण वे उच्चतम अलंकरण के हकदार हैं। श्री कुलदीप सिंह, आईपीएस, तत्कालीन सहायक पुलिस अधीक्षक (अब एसएसपी होशियारपुर) को उनके साहसिक एवं वीरतापूर्ण कृत्य के लिए उन्हें "वीरता के लिए पुलिस पदक" से अलंकृत करने की पुरजोर सिफारिश की जाती है।

इस अभियान में, श्री कुलदीप सिंह, आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06.09.2012 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 144-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री लक्ष्मी निवास मिश्र,
उप पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.04.2012 को श्री जोगेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक, मऊ, चिरैयाकोट पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के भीतर कर्मी मठिया गांव में खूंखार एवं इनामी अपराधी धीरज सिंह के साथ एसओजी की पुलिस मुठभेड के बारे में सूचना मिलते ही तत्काल हरकत में आए और घटना स्थल की तरफ कूच कर गए। अपराधी धीरज और उसके साथी करमी मठिया गांव में रामजी बर्नवाल के घर में जबरस्ती घुस गए थे और उनकी नृशंस हत्या कर दी थी तथा उनके 05 वर्षीय बच्चे को बंधक बना लिया था और पुलिस पार्टी पर लगातार गोलीबारी कर रहे थे एवं श्री गोविंद सिंह, निरीक्षक/एसएचओ कोतवाली सिटी, मऊ इस बीच वहां पहुंच गए थे और पुलिस दल का नेतृत्व कर रहे थे, ने रणनीतिक रूप से दोनों अपराधियों को चुनौती दी और अपनी जान और शरीर की चिंता किए बिना अदम्य वीरता का प्रदर्शन करते हुए तथा नियंत्रित गोलीबारी करते हुए उन्हें जिंदा गिरफ्तार करने के लिए आगे बढ़े, लेकिन अपराधियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी में वे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जिनकी बाद में मृत्यु हो गई।

पुलिस अधीक्षक, मऊ वहां अतिरिक्त बल के साथ पहुंचे और उसके पश्चात श्री विजय सिंह मीना, पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ भी वहां पहुंच गए और अपराधियों को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी, लेकिन अपराधियों ने उन्हें मारने के उद्देश्य से उनकी ओर हिंसक

रूप से लगातार गोलीबारी जारी रखी। पुलिस अधीक्षक मऊ, पुलिस अधीक्षक आजमगढ़, श्री लक्ष्मी निवास मिश्र, सीओ सिटी, मऊ, श्री बिंद कुमार, उप निरीक्षक, श्री शशि भूषण राय, उप निरीक्षक एवं श्री अशोक कुमार सिंह, एचसीएपी, दोनों अपराधियों की खतरनाक रूप से आक्रामक गोलीबारी से बेपरवाह, रणनीतिक रूप से आंसू गैस के साथ उन पर जवाबी हमला किया, जिसके फलस्वरूप एक अपराधी पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध और हिंसक रूप से गोलीबारी करते हुए घर से बाहर निकला और इस 'करो या मरो' की स्थिति में, पुलिस दल ने अदम्य साहस दिखाते हुए एवं अपनी निजी सुरक्षा व संरक्षा को दरकिनार करते हुए एवं अपराधियों को जीवित पकड़ने की दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ उसे आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी और निडर होकर आत्मरक्षा में नियंत्रित गोलीबारी करते हुए उसके सामने आगे बढ़ा और अपराधी घायल होकर गिर पड़ा।

पुलिस दल ने बंधक बच्चे को छुड़ाने और अपराधी, जो कि घर के भीतर से पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था, को जिंदा पकड़ने के उद्देश्य से निडर होकर हमले का नेतृत्व किया और पुलिस दल ने अदम्य वीरता का प्रदर्शन और कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए, बिना कोई गलती किए हुए अपनी जान और शरीर की चिंता किए बगैर, तत्काल घर के भीतर दाखिल हुए और बंधक बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियंत्रित गोलीबारी जारी रखी और अपराधी घायल होकर गिर पड़ा एवं बंधक बच्चे को सफलतापूर्वक छुड़ा लिया गया। दोनों अपराधियों को बाद में मृत घोषित किया गया और उनकी पहचान खूंखार अपराधी धीरज एवं विकास के रूप में हुई।

श्री जोगेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक, श्री विजय सिंह मीना, पुलिस अधीक्षक, श्री लक्ष्मी निवास मिश्र, सीओ सिटी, श्री गोविंद सिंह, निरीक्षक सीपी, श्री बिन्द कुमार, एसआईसीपी, श्री शशि भूषण राय, एसआईसीपी और श्री अशोक कुमार, एचसीएपी ने इस मुठभेड़ में अतुलनीय हिम्मत, अदम्य वीरता एवं कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।

इस अभियान में, श्री लक्ष्मी निवास मिश्र, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.04.2012 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 145-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राज कुमार,
सहायक कमांडेंट

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

हमखल सामान्य क्षेत्र के घने वन क्षेत्र में छिपे हुए आतंकवादियों, जो सुरक्षा बलों पर हमला करने और उसी वन क्षेत्र में लौट जाने, क्योंकि छिपने का यह क्षेत्र उनके प्रभुत्व वाला था और छिपने के लिए बेहतर कवर प्रदान कर रहा था, के बारे में स्थानीय सूत्रों से सूचना प्राप्त होने पर, श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट, कंपनी कमांडर 'डी' कंपनी ने यूनिट के कमांडेंट से जानकारी साझा की और दिनांक 26 जून, 2002 को लगभग प्रात: 8:15 बजे अभियान शुरू किया। श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट ने उस क्षेत्र से परिचित होने के उद्देश्य से उस क्षेत्र में पहले से मौजूद 44 आरआर के एक दस्ते से सहायता ली और आतंकवादियों को हमखल के ढोक की घेराबंदी से भागने के प्रयास को विफल करने के लिए उन्हें विभिन्न मार्गों को कवर करने के लिए कहा। इलाके की छानबीन के दौरान, अभियान दल ने एक ढोक में व्यक्तियों की कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी। श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट ने तत्काल स्थिति का जायजा लिया और दल को घेराबंदी करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात, दो अन्य संदिग्ध आतंकवादी ढोक से बाहर निकले और सभी तीनों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी और गोलीबारी की आड़ में निकट के नाले की ओर भाग निकले। अभियान दल ने जवाबी गोलीबारी की लेकिन आतंकवादी नाले से होकर भागने में कामयाब हो गए।

श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट ने कांस्टेबल खुदीराम, कांस्टेबल एम.एम. साह एवं कांस्टेबल शिव चरण के साथ आतंकवादियों का पीछा किया और नाला पार कर गए। आतंकवादी घने वन और जंगली घासों के बीच पहुंच गए और पुलिस दल की ओर भारी गोलीबारी करने लगे। श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट ने अपने दल के साथ पोजिशन ले ली और अपनी जान की परवाह किए बिना प्राकृतिक रूप से जवाबी कार्रवाई की। इसके परिणामस्वरूप, एक आतंकवादी गोली लगने से घायल हो गया। श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट ने कांस्टेबल खुदीराम एवं कांस्टेबल एम.एम. साह को सहायता के लिए गोलीबारी करने का निर्देश दिया और श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट ने कांस्टेबल शिव चरण के साथ एक चक्कर लगाया और घायल आतंकवादी, जिसे उसके साथी आतंकवादियों द्वारा अभियान दल को उलझाए रखने और उन्हें पुन: उनका पीछा करने से रोकने के उद्देश्य से ऊंची पोजिशन पर रखा गया था, से भी ऊंची जगह पर जाकर पोजिशन ले ली। घायल आतंकवादी अभियान दल पर लगातार गोलीबारी कर रहा था।

श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट एवं कांस्टेबल शिव चरण ने ऊंचे स्थान पर पोजिशन लेने के बाद पत्थरों और घनी झाड़ियों के बीच होकर नीचे की ओर आने लगे। घायल आतंकवादी ने इस गतिविधि को देख लिया और श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट पर जोरदार गोलीबारी की और वे चमत्कारिक रूप से बच गए। श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट ने कोई और अवसर गंवाए बिना आतंकवादी पर हमला कर दिया। यदि उन्होंने ऐसा समय पर नहीं किया होता, तो आतंकवादी ने दूसरे दल पर प्रभावी रूप से गोलीबारी कर दी होती और भारी नुकसान पहुंचा दिया होता। अपने प्रशिक्षण के अनुसार, कांस्टेबल शिव चरण ने आतंकवादी को निशाना बनाते हुए उस दिशा में गोली चलाई और श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट ने अपना हमला जारी रखा और एक अत्यंत निकट की गोलीबारी में आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारी की साहसिक एवं वीरतापूर्ण कार्रवाई के फलस्वरूप एक खूंखार आतंकवादी को मार गिराया गया जिसकी बाद में ओमार मुख्तार वानी, निवासी अरवानी, जिला कुलगाम, श्रीनगर के रूप में हुई जो हिजबुल मुजाहिदीन संगठन का एक पाक प्रशिक्षित आतंकवादी था और उस क्षेत्र में आतंक फैला रखा था। उसके पास से निम्नलिखित हथियार एवं गोलाबारूद बरामद किए गए थे:—

क.	एके 47 राइफल	01
ख.	एके मैगजीन	02
ग.	एके गोलाबारूद	50 राउंड
घ.	ईएफसी	05 राउंड
ङ.	वायरलेस सेट	01
च.	एंटिना	01
छ.	ग्रेनेड (चाइनीज)	01
ज.	भारतीय करेंसी	2030/- रूपये
झ.	कलाई घड़ी	01

इस अभियान में, सर्व/श्री राज कुमार, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.06.2002 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 146-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. विकास कुंवर,
सेकंड-इन-कमांड

02. नरेंद्र कुमार,
सहायक उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सीमा सुरक्षा बल की 35वीं बटालियन छत्तीसगढ़ के अत्यंत संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात है जहां इकाई के अभियान क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा दुरूह क्षेत्र होने के कारण अत्यंत कठिन है और इस क्षेत्र में अभियान चलाना अपने आप में बहुत चुनौतीपूर्ण है। गोम एवं गटकल (पीओओ) गांव के आसपास का आम क्षेत्र अपने भौगोलिक क्षेत्र के कारण माओवादियों की मौजूदगी की वजह से अत्यंत कुख्यात है।

10 नवम्बर, 2016 को गोम एवं गटकल के आम क्षेत्र में श्री विकास कुंवर, सेकंड-इन-कमांड के निर्देश में उपलब्ध इनपुट के विस्तृत विश्लेषण के पश्चात एक आक्रामक अभियान शुरू किया गया। घने जंगलों और पहाड़ियों, नक्सलियों को अच्छा कवर और उनके लिए छिपने का बेहतर स्थान उपलब्ध कराने के कारण यह क्षेत्र नक्सलियों की मौजूदगी की वजह से कुख्यात था। अधिकारी ने खतरों का मूल्यांकन किया, अभियान की सावधानीपूर्वक योजना बनाकर सुरक्षा के उपाय किए, प्रत्येक घटक को जिम्मेदारी सौंपी और सीओबी कोयलीबेडा के दल सहित विभिन्न इकाइयों के 08 दलों के साथ आक्रामक अभियान के हिस्से के रूप में प्रभावी तरीके से एक संयुक्त अभियान चलाया। लगभग 1740 बजे, सहायक उप-निरीक्षक नरेंद्र कुमार के साथ श्री विकास कुंवर, सेकंड-इन-कमांड के नेतृत्व वाले दल नक्सलियों, जो जंगल में छिपे हुए थे और जिन्होंने आगे बढ़ रहे बीएसएफ दल पर घात लगाकर हमला करने के लिए पोजिशन ले रखी थी, की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गया। बीएसएफ के दल ने गोलीबारी से दिशा की पहचान करने के बाद एक छोटे से पत्थर के टीले के पीछे और जंगल की ऊबड़-खाबड़ जमीन पर तत्काल पोजिशन ले ली और आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। श्री विकास कुंवर, सेकंड-इन-कमांड ने नक्सलियों की पोजिशन की पहचान करने के बाद बीएसएफ टुकड़ी की गोलीबारी को नियंत्रित किया और सहायक उप-निरीक्षक नरेंद्र कुमार के साथ नक्सलियों की ओर से भारी गोलीबारी के बीच अपनी जान की परवाह किए बगैर युक्तिपूर्वक आगे बढ़े। उनके निर्देश के अनुसार उनकी सहायता हेतु गोलीबारी की गई। अन्य टीम सदस्यों द्वारा गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति के अनुसार और अपनी जान पर लगातार मंडराते खतरे के बीच पेशेवर अनुशासन का पालन करते हुए, वे दोनों उन स्थान के एकदम करीब पहुंच गए, जहां से नक्सली बीएसएफ के दल पर गोलीबारी कर रहे थे। वीरतापूर्ण एवं त्वरित कदम उठाकर, गोलीबारी के अनुशासन को बनाए रखते हुए तथा गोलीबारी करते हुए आगे बढ़े की रणनीति अपनाते हुए श्री विकास कुंवर, सेकंड-इन-कमांड एवं सहायक उप-निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने नक्सलियों को आश्चर्यचकित कर दिया और उन पर प्रभावी रूप से गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप वे अपने हथियार एवं अन्य सामग्री छोड़कर भागने के लिए मजबूर हो गए। बाद में ली गई तलाशी के दौरान एक अज्ञात नक्सली के शव के साथ 03 बंदूक (भरमार) बरामद की गईं। बाद में, छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा मृतक की पहचान वांछित माओवादी सोबी कवाची, पुत्र राम सिंह, गांव गटकल, पुलिस स्टेशन कोयलीबेडा, जिला कांकेर (छत्तीसगढ़) के रूप में की गई।

श्री विकास कुंवर, सेकंड-इन-कमांड एवं सहायक उप-निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने अभियान के दौरान उत्कृष्ट वीरता, प्रशंसनीय नेतृत्व गुणों, उच्चस्तरीय पहल एवं पेशेवर रवैये का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप एक खूंखार माओवादी मारा गया, 03 एसएमबीएल (भरमार) बंदूक एवं अन्य सामग्रियां बरामद की गईं और अन्य माओवादी अपने स्थान को छोड़कर अपनी जान बचाकर भागने के लिए मजबूर हो गए। यह सफल एवं परिणामोन्मुख अभियान अतुलनीय वीरतापूर्ण कार्रवाई के साथ-साथ उच्च स्तरीय नेतृत्व एवं समन्वय का उदाहरण है। इससे न केवल बटालियन बल्कि सीमा सुरक्षा बल का नाम भी रोशन हुआ।

इस अभियान में, सर्व/श्री विकास कुंवर, सेकंड-इन-कमांड और नरेंद्र कुमार, सहायक उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10.11.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 147-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री/

01. बलजीत सिंह कसाना, (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
उप महानिरीक्षक

02. मुकेश कुमार चौधरी, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

03. युद्धवीर यादव, सहायक कमांडेंट (वीरता के लिए पुलिस पदक)

04. सुरजीत सिंह बिश्नोई, सहायक उप-निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)

05. ओम प्रकाश, सहायक उप-निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)

06. पारस राम, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

07. बिवस बतबयाल, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28 नवम्बर, 2016 को लगभग 2330 बजे सीमा चौकी, फटवाल के नाका माउंड सं. 12 की एचएचटीआई ने सीमा चौकी सं. 45 के सामने के सीमावर्ती बाड़ से अपनी तरफ लगभग 40 मीटर की दूरी पर 03 आतंकवादियों की गतिविधि देखी। इस मामले के बारे में तत्काल कंपनी कमांडर श्री युद्धवीर यादव, सहायक कमांडेंट को सूचना दी गई, जिन्होंने सूचना प्राप्त होने के तुरंत बाद समग्र स्थिति का जायजा लिया और फारवर्ड और डेप्थव नाका टुकड़ियों तथा सीमा चौकी चमलियाल में उपलब्ध जनशक्ति की सहायता से आतंकवादियों के स्थान के आसपास घेराबंदी कर दी। श्री युद्धवीर यादव ने एचएचटीआई और एनवीडी की सहायता से रातभर आतंकवादियों की गतिविधियों पर नजर रखी। इस संबंध में बटालियन मुख्यालय को भी सूचना दे दी गई और इसके बाद श्री बलजीत सिंह कसाना, डीआईजी एसएचक्यू जम्मू और श्री डी.के. उपाध्याय, आईजी जम्मू फ्रंटियर को भी सूचित कर दिया गया, जो अभियान के पर्यवेक्षण और समन्वय के लिए तत्काल घटनास्थल के लिए निकल पडे। उप महानिरीक्षक के निर्देश पर, कंपनियों को बाहरी घेराबंदी करने/स्टॉप लगाने के लिए अतिरिक्त बल भेजने के लिए कहा गया।

लगभग 0130 बजे, पुख्ता आंतरिक एवं बाहरी घेराबंदी करने/स्टॉप लगाने के बाद श्री युद्धवीर यादव, सहायक कमांडेंट ने खेत में छिपे आतंकवादियों पर 51 एमएम मोर पैरा बम छोड़ने का निर्देश दिया जिन्होंने यह महसूस होने के बाद कि उन्हें वह देख लिया गया है और उनकी घेराबंदी की जा चुकी है, आतंरिक घेराबंदी पार्टी पर हथियारों से गोलियों की भारी बौछार की और ग्रेनेड भी फेंके जिसका प्रभावी रूप से जवाब दिया गया। श्री युद्धवीर यादव, सहायक कमांडेंट ने एनवीडी के जरिए आतंकवादियों पर नियमित रूप से नजर रखी और उन्हें बचकर भागने नहीं दिया। सीमा चौकी फटवाल पहुंचने के बाद, श्री बी.एस. कसाना, उप महानिरीक्षक ने स्थिति का जायजा लिया विशेष ऑपरेशन का समन्वय करना शुरू कर दिया, पौ फटने तक आतंकवादियों की गतिविधियों पर नजर रखी, जब 03 आतंकवादी एक नलकूप (बाम्बी) में छिप गए। श्री कसाना ने गोलीबारी की योजना को समन्वित करके लक्ष्य को उलझाए रखने की योजना बनाई और लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। लगभग 0650 बजे लक्ष्य से ध्यान भटकाने के लिए पाक रेंजर्स द्वारा हमारे सैन्य दल पर भारी यूएमजी फायरिंग एवं मोर्टार दागे जाने के साथ आतंकवादियों ने नाका सं. 8 और श्री युद्धवीर यादव, सहायक कमांडेंट की पार्टी पर भारी गोलीबारी करके भागने की अंतिम कोशिश की। माउंड सं. 8 पर तैनात एएसआई ओम प्रकाश सं. 876440403 ने अपनी निजी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में युद्ध कौशल एवं अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए गोलीबारी का तत्काल यथोचित जवाब दिया और एक आतंकवादी को घायल/ढेर कर दिया। इसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों को प्रभावी रूप से रोक लिया गया। इस बीच, वहां चल रही गोलीबारी के बीच श्री कसाना जो कि आगे बढ़कर नेतृत्व प्रदान कर रहे थे, ने गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति अपनाकर एजीएल, एमएमजी, स्नाइपर, आरएल एवं एएमआर से सुसज्जित होकर आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के बीच आगे बढ़े और आतंकवादियों पर सटीक एवं प्रभावी गोलीबारी करने के लिए हथियारों को आगे की दिशा में तैनात किया। श्री कसाना के निर्देश पर, कांस्टेबल पारस राम ने चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में अनुकरणीय साहस के साथ-साथ पेशेवर दृढ़ता और बहादुरी दिखाते हुए एएमआर से सटीक गोलीबारी की और आतंकवादियों की बंदूक को शांत करा दिया जिसकी वजह से मुख्य पार्टी को पुन: संगठित होने का मौका मिल गया। जिसमें एएसआई सुरजीत सिंह बिश्नोई ने एके 47, कांस्टेबल मुकेश कुमार चौधरी ने एएमआर, कांस्टेबल पारस राम ने 12.7 बैरेल स्नाइपर राइफल और कांस्टेबल बिवस बतबयाल ने आरएल के साथ अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना नलकूप और वृक्ष की झुरमुट के बीच छिपे आतंकवादियों को उलझाए रखा तथा आतंकवादी की सीधी गोलीबारी के समक्ष फौलादी जज्बे और युद्ध कौशल का

प्रदर्शन किया। तथापि, छिपे हुए आतंकवादी बाहर नहीं निकले। इसके पश्चात, श्री कसाना ने एमएमजी मांगी और एमएमजी पार्टी, जिसमें एचसी मुकेश कुमार चौधरी, बिवस बतबयाल, कांस्टेबल पारसराम एवं अन्य कार्मिक शामिल थे, ने सन्निकट स्थिति में गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति अपनाकर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में श्रेष्ठ पेशेवरता, दृढ़ता एवं बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए एमएमजी से प्रभावी गोलीबारी की जिसके परिणामस्वरूप नलकूप की दीवार का एक हिस्सा टूट गया। इसके बाद वे अपनी पार्टी के साथ गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने की युक्ति अपनाते हुए चारा रखने के स्थान की ओर बढ़े और अनुकरणीय वीरता दिखाते हुए छिपे हुए आतंकवादियों के निकट पहुंचे और एमएमजी से भारी मात्रा में गोलीबारी की जिससे नलकूप की अन्य दूसरी दीवार भी अंततः टूट गई। लगभग 1100 बजे श्री कसाना एवं श्री युद्धवीर यादव, सहायक कमांडेंट ने एएसआई (जीडी) सुरजीत सिंह बिश्नोई एवं संबंधित पार्टियों के साथ अपने जीवन की परवाह किए बिना कैस्पर वाहन से युक्तिपूर्ण रूप से नलकूप के निकट पहुंचे।

श्री कसाना, एएसआई (जीडी) सुरजीत सिंह बिश्नोई के साथ युद्धकौशल का प्रदर्शन करते हुए कैस्पर वाहन से बाहर निकले और अनुकरणीय वीरता दिखाते हुए लक्ष्य की ओर आगे बढ़े तथा ग्रेनेड फेंके। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आतंकवादी ढेर हो गए हैं, श्री कसाना ने ए.के. राइफल से गोलियों की बौछार की और छिपने के स्थान को ध्वस्त कर दिया और कुछ आतंकवादियों को जमीन पर पड़ा हुआ पाया।

इस संपूर्ण अभियान के दौरान, श्री डी.के. उपाध्याय, आईजी, बीएसएफ, जम्मू अपनी टुकड़ी के बिना किसी नुकसान के सफलता प्राप्त करने के लिए अभियान दल का मार्गदर्शन करते रहे। इसके परिणामस्वरूप, हथियारों से पूरी तरह लैस 03 आतंवादियों के शव बरामद हुए, जिनके डीजी (जी) इन्देश्वर नागर के हालिया इनपुट के अनुसार, एलईटी संगठन के होने का संदेह था। श्री डी.के. उपाध्याय, आईजी, बीएसएफ, जम्मू फ्रंटयिर ने शव और घटनास्थल की सावधानीपूर्वक तलाशी करने का निर्देश दिया। तलाशी के दौरान, भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद/जीपीएस/रेडियो सेट/आईईडी आदि से लैस तीन आतंकवादी मृत पाए गए। जब शव शरीर और घटनास्थल की तलाशी चल रही थी, तब पाकिस्तान ने निकट की चौकी से सीमापार से भारी गोलीबारी और मोर्टार फेंकने शुरू कर दिए जिसमें श्री बी.एम. कसाना, डीआईजी, बीएसएफ, जम्मू, एएसआई ओम प्रकाश, कांस्टेबल मुकेश कुमार चौधरी, कांस्टेबल पारस राम एवं कांस्टेबल बिवस बतबयाल कई गोलियों और स्पिलंटर से घायल हो गए और आगे प्रबंध के लिए तत्काल 166 एमएच सतवारी ले जाया गया।

तलाशी के दौरान, एके 47 राइफल-03, एके 47 राइफल मैगजीन-20, एके 47 गोलाबारूद-517 राउंड, खाली कारतूस केस एके 47 -09, खाली कारतूस केस बड़े आकार वाले -01, पिस्टल -01, पिस्टल मैगजीन-01, पिस्टल का गोलाबारूद-16 राउंड, ग्रेनेड-31, सभी प्रकार की आईईडी-10, फियादीन जैकेट और बेल्ट-02, वायरलेस सेट-02, चाकू-02, वायर कटर-01, टॉर्च-02, दस्ताने-02 जोड़ी, रिचार्जेबल सेल-16, डेयरी मिल्क चॉकलेट-03, फर्स्ट एड किट-03, पावर बैंक-02, चमड़े/प्लास्टिक के जूते -04 जोड़ी, ड्राईफ्रूट-05 पैकेट, भारतीय सेना की वर्दी-02, रकसैक-03, जैकेट-02, भारतीय सेना का नकली ध्वज-02, मोबाइल-01, बोतल में विभिन्न रंग का तरल पदार्थ-03, लाइटर-02, हैंड क्लफ (प्लास्टिक)-10, जीपीएस-01, मोनोक्यूलर-01, घटनास्थल से बरामद किए गए।

सम्पूर्ण अभियान श्री बी.एस. कसाना, डीआईजी जम्मू के प्रत्यक्ष एवं सक्षम नेतृत्व में उच्च स्तरीय पेशेवर रवैये तथा अनुकरणीय रूप से संचालित किया गया, जिनकी सहायता श्री युद्धवीर यादव, सहायक कमांडेंट कंपनी कमांडर ने दक्षता के साथ की। संपूर्ण अभियान में, एएसआई सुरजीत बिश्नोई, एएसआई ओम प्रकाश, कांस्टेबल पारस राम, कांस्टेबल बिवस बतबयाल एवं कांस्टेबल मुकेश कुमार चौधरी ने भी लश्कर-ए-तैयबा (एलईटीके) के भारी हथियारबंद आतंकवादी को ढेर करने में प्रमुख भूमिका निभाई।

इस अभियान में, सर्व/श्री बलजीत सिंह कसाना, उप महानिरीक्षक, मुकेश कुमार चौधरी, कांस्टेबल, युद्धवीर यादव, सहायक कमांडेंट, सुरजीत सिंह बिश्नोई, सहायक उप-निरीक्षक, ओम प्रकाश, सहायक उप-निरीक्षक, पारस राम, कांस्टेबल तथा बिवस बतबयाल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29.11.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 148-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. गुफरान अहमद,
सहायक कमांडेंट

02. अवधेश कुमार सुमन,
उप-निरीक्षक

03. नागेंद्र प्रसाद,
हेड कांस्टेबल

04. चेमेल सिंह,
हेड कांस्टेबल

05. मणिरंजन सिंह,
कांस्टेबल

06. पाटिल प्रवीण दिनकर,
कांस्टेबल

07. रोमेन लम्बल मायूम,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

50-60 माओवादियों के साथ अभिजीत यादव, अरविंद भुइयां, मुराद, बिहारी, संदीप जी सहित शीर्ष माओवादी नेताओं के मौजूद होने के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर, औरंगाबाद/गया जिले के ढिबरा एवं डुमरिया पुलिस स्टेशन के अंतर्गत भलुआही, गोपालडेरा, मोरमा, कचनार, छुचिया एवं दुलारे गांव के वन क्षेत्र में तलाशी एवं ध्वस्त करने के अभियान की योजना बनाई गई। तदनुसार, 205 कोबरा की दो टीमें, श्री चंदन कुमार, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में कोबरा सी/205 की टीम सं. 8, श्री गुफरान अहमद, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में कोबरा बी/205 की टीम सं. 6 और राज्य पुलिस श्री चंदन कुमार, सहायक कमांडेंट के समग्र नेतृत्व में दिनांक 07.01.2016 को 1215 बजे उपर्युक्त क्षेत्र में अभियान के लिए निकली। अभियान योजना के अनुसार, टुकड़ियां उसी दिन लगभग 1445 बजे भलुआही में सीआरपीएफ की 153वीं बटालियन के कैंप में एकत्रित हुईं और घनी झाड़ियों का लाभ उठाते हुए मुख्य क्षेत्र की तरफ आगे बढ़ीं और अत्यंत विस्मय और गोपनीयता बनाए रखने के लिए जंगल में प्रवेश करने के लिए कम उपयोग होने वाले मार्ग का प्रयोग किया गया। दल ने दिनांक 07.01.2016 की रात्रि में एक सुरक्षित स्थान पर एलयूपी लिया।

दिनांक 08.01.2016 को, जब टुकड़ियां जंगल में माओवादियों की तलाश में जंगलों से होते हुए आगे बढ़ रही थीं, तभी लगभग 1715 बजे सीटी/जीडी अमरनाथ मिश्र ने लगभग 800-900 मीटर की दूरी पर धुंआ उठते हुए देखा, जिससे खाना बनाते हुए/सर्द मौसम के कारण हाथ सेंकते हुए माओवादियों के मौजूद होने की संभावना व्यक्त हो रही थी। दल के सदस्य ने सावधानीपूर्वक देखा और इस दृश्य के बारे में कमांडरों को तत्काल सूचित किया। दोनों कमांडरों ने आने वाले संभावित खतरों को ध्यान में रखते हुए फील्ड सिग्नल के माध्यम से टुकड़ियों को सतर्क किया। दोनों टीम कमांडरों ने अपने दल के सदस्यों के साथ योजना बनाई और किसी भी समय मुठभेड़ शुरू हो जाने के बारे में सतर्क/सावधान रहने के निर्देश देते हुए मौजूदा स्थिति के बारे में बताया। आवाजाही के दौरान जब टुकड़ियां संदिग्ध क्षेत्र के निकट पहुंचीं, तब उन्होंने कुछ दूरी पर शोर/संदिग्ध गतिविधि और धुंए का गुबार उठते हुए देखा। तत्काल योजना के मुताबिक, किनारे से घेराबंदी करने के लिए दोनों टीमें अलग हो गईं और चुपचाप लक्ष्य क्षेत्र की ओर बढ़ने लगे। जब दल अपने लक्ष्य की ओर तेजी से किंतु देख लिए जाने से बचने के लिए सावधानीपूर्वक आगे बढ़ रहे थे, तब श्री चंदन कुमार, सहायक कमांडेंट ने अपने साथियों सीटी/जीडी पाटिल प्रवीण डी. एवं अमरनाथ मिश्र को सामने से पहाड़ी पर चढ़ने का निर्देश दिया। आगे बढ़ते समय, माओवादियों के संतरी ने सुरक्षा बलों की मौजूदगी को भांप लिया और तत्काल टुकड़ियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद माओवादियों ने अत्याधुनिक स्वचालित हथियारों का उपयोग करते हुए विभिन्न दिशाओं से भारी गोलीबारी की। टुकड़ियों ने तत्काल अपनी पोजिशन ले ली और उनके समक्ष आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी, लेकिन उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया बल्कि इसके बजाय टुकड़ियों पर गोलीबारी और तेज कर दी।

श्री चंदन कुमार, सहायक कमांडेंट ने एसआई/जीडी अवधेश कुमार सुमन को माओवादियों को दायीं ओर से घेरने का निर्देश देते हुए स्वयं अपने कमांडो सीटी/जीडी अमरनाथ मिश्र, मणिरंजन सिंह, पाटिल प्रवीण डी, एचसी/जीडी चेमेल सिंह एवं एसआई आदित्य कुमार, एसएचओ (पुलिस स्टेशन ढिबरा) के साथ पत्थरों और ऊबड़-खाबड़ जमीन के बीच उपलब्ध मामूली कवर लेते हुए आगे बढ़ने लगे। इसी बीच, एचसी/जीडी नागेंद्र प्रसाद ने संवैधानिक विधि का पालन करते हुए और इसकी रक्षा करते हुए माओवादियों द्वारा भारी गोलीबारी के बीच पहल करते हुए माओवादियों को फिर से आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी लेकिन वे टुकड़ियों पर और अधिक अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे जिसमें एक गोली उनके दायं कंधे को भेदती हुई निकल गई। कोई और चारा न देखते हुए, टुकड़ियों ने माओवादियों की

गोलीबारी का उत्तर दिया। एचसी/जीडी नागेंद्र प्रसाद ने गोली से जख्मी होने के बावजूद माओवादियों की ओर जवाबी गोलीबारी की और उन्हें भारी चोट पहुंचाई जिससे उनकी गोलीबारी में कमी आई। इस बीच, एचसी/जीडी नागेंद्र प्रसाद को घटनास्थल पर ही प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

सीटी/जीडी मणिरंजन सिंह, पाटिल प्रवीण डी. एवं एचसी/जीडी चेमेल सिंह ने सच्ची वीरता दिखाई और माओवादियों की गोलीबारी का जवाब देने के लिए कमांडर द्वारा सौंपे गए उत्तरदायित्व का निर्वहन किया। वे भारी गोलीबारी की अनदेखी करते हुए और अपर्याप्त कवर की उपलबधता के बावजूद रेंगकर आगे बढ़े और माओवादियों को मार गिराने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना गोलीबारी को प्रभावी बनाने के लिए अलग-अलग स्थानों से गोलीबारी की। कंटीली झाड़ियों, पथरीली जमीन और किरचियों (स्प्लिंटर) की वजह से आई चोट एवं घाव भी उनकी हिम्मत और उत्साह को डिगा नहीं सका। सीटी/जीडी मणिरंजन सिंह, पाटिल प्रवीण डी. एवं एचसी/जीडी चेमेल सिंह द्वारा प्रदर्शित दिखाई गई पुरूषार्थ और अभूतपूर्व वीरता ने माओवादियों को चकित कर दिया क्योंकि उनकी गोलीबारी से वे बुरी तरह प्रभावित हुए थे। उनकी कार्यकुशलता ने माओवादियों को छोटे-छोटे समूहों में अलग-अलग दिशाओं में भागने पर मजबूर कर दिया। इसकी वजह से माओवादियों का एक समूह दायीं ओर भागा जहां एसआई/जीडी अवधेश कुमार सुमन ने पोजिशन ले रखी थी। श्री गुफरान, सहायक कमांडेंट जो अपनी टुकड़ी के साथ एसआई/जीडी अवधेश कुमार सुमन के दायीं ओर मौजूद थे, ने एसआई/जीडी अवधेश कुमार सुमन और उसकी टीम को मजबूती देने के लिए दायीं ओर से और नजदीक आए।

श्री गुफरान अहमद, सहायक कमांडेंट और एसआई/जीडी अवधेश कुमार सुमन ने अपनी सटीक गोलीबारी द्वारा माओवादियों पर जबरदस्त हमला किया। इस घबराहट वाली स्थिति में, माओवादियों ने अपने नुकसान का बदला लेने के लिए टुकड़ियों पर भारी मात्रा में गोलीबारी करके जवाबी हमला किया। उन्होंने अत्याधुनिक स्वचालित हथियारों से टुकड़ियों पर गोलियों की बौछार की। इस घातक स्थिति से उबरने के लिए, श्री गुफरान अहमद, सहायक कमांडेंट ने अपनी रणनीतिक बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया और सीटी/जीडी रोमेन लम्बल मायूम को माओवादियों के ठिकाने पर यूबीजीएल से गोली चलाने का निर्देश दिया। सीटी/जीडी रोमेन लम्बल मायूम माओवादियों की बंदूक की नली से बरसती गोलियों की लहरों के बीच रेंगते हुए आगे बढ़े और यूबीजीएल से सटीक गोलीबारी करने के लिए दो पत्थरों के बीच जाकर अपनी रणनीतिक पोजिशन ले ली। श्री गुफरान अहमद, सहायक कमांडेंट ने सीटी/जीडी रोमेन लम्बल मायूम को सुरक्षा फायर देकर परस्पर सहयोग किया और अपने कमांडर के आदेशों का अक्षरश: पालन किया। इस प्रक्रिया में न केवल गुफरान अहमद, सहायक कमांडेंट ने माओवादियों पर सटीक गोलीबारी की बल्कि सीटी/जीडी रोमेन लम्बल मायूम द्वारा चलाया गया यूबीजीएल शेल भी सटीक स्थान पर आकर गिरा और इस तरह दोनों ने आगे बढ़ रहे माओवादियों के समूह को गंभीर नुकसान पहुंचाया।

उपलब्ध अपर्याप्त सुरक्षा कवर और माओवादियों की ओर से भारी गोलीबारी के बावजूद, भाग रहे माओवादियों की दायीं ओर से घेराबंदी के लिए प्रभावी रूप से आगे बढ़ती रही। टुकड़ियों के प्रबल जवाबी हमले और निडर कार्रवाई ने माओवादियों को तहस-नहस कर दिया। वे अपनी जान बचाने के लिए अपने जख्मी काडरों को छोड़कर भाग गए। उनको भारी नुकसान पहुंचा, क्योंकि वे अपने मृत काडरों के शव को छोड़कर भाग गए थें, जो कि वे आमतौर पर नहीं करते हैं। मुठभेड़ लगभग 35 से 40 मिनट तक जारी रही।

दिनांक 09.01.2016 की भोर में मुठभेड़ स्थल/क्षेत्र की सघनता से तलाशी की गई। तलाशी के दौरान, माओवादियों के 04 शव, जिनकी पहचान राजीव यादव उर्फ बिहारी (रीजनल कमिटी सदस्य), रामरतन यादव उर्फ जगदीश जी उर्फ जयंत यादव (जोनल कमांडर), देवकी भारती (एरिया कमांडर) एवं बिरेंद्र उर्फ रविन्द्र भोक्ता (फाइटिंग काडर) के रूप में हुई, मुठभेड़ स्थल से बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त, मुठभेड़ स्थल से एके-47, असॉल्ट राइफल-01, कारबाइन-01, 303 राइफल-02 एवं अन्य आपराधिक सामग्रियों सहित भारी मात्रा में हथियारों/गोलाबारूद का जखीरा बरामद किया गया।

अभियान के दौरान, टुकड़ियों ने बेहतरीन रणनीतिक कौशल, समन्वय, उत्साह, अभियान संबंधी मूल्यांकन एवं इन सबसे अधिक ऐसी कठिन परिस्थिति में समुचित कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

इस अभियान में, सर्व/श्री गुफरान अहमद, सहायक कमांडेंट, अवधेश कुमार सुमन, उप-निरीक्षक, नागेंद्र प्रसाद, हेड कांस्टेबल, चेमेल सिंह, हेड कांस्टेबल, मणिरंजन सिंह, कांस्टेबल, पाटिल प्रवीण दिनकर, कांस्टेबल एवं रोमेन लम्बल मायूम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08.01.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 149-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. गौरव कुमार बालियान,
सहायक कमांडेंट

02. पवन कुमार त्रिगुणायत,
सहायक कमांडेंट

03. विक्रम पॉल,
कांस्टेबल

04. ए. बैरावन,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13 दिसम्बर, 2016 को दु दुर्दांत विदेशी आतंकी अबू बकर, डिविजनल कमांडेंट, लश्करे तैयबा की उपस्थिति में विश्वसनीय आसूचना प्राप्त होने पर विशेष ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी), जम्मू व कश्मीर पुलिस तथा सीआरपीएफ ने एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई। तदनुसार, दो दल जिसमें प्रथम श्री पवन कुमार त्रिगुणायत, सहायक कमांडेंट एवं एसओजी, जम्मू व कश्मीर के कमान में रेंज क्विक एक्शन टीम (क्यूएटी) उत्तर कश्मीर ऑपरेशनल रेंज (एनकेओआर) को मिलाकर बनाई गई तथा दूसरा दल श्री गौरव कुमार बल बालियान, सहायक कमांडेंट, 179 बटालियन एवं एसओजी, जम्मू व कश्मीर पुलिस के कमान में ई/179 को मिलाकर बनायी गई।

13-14 दिसम्बर, 2016 के बीच रात्रिकाल में, लक्षित क्षेत्र में सुयक्त अभियान चलाया गया। आतंकी अबू बकर अपने शातिराना चाल के लिए मशहूर था तथा सुरक्षा बलों से कई बार बच निकला था। सैन्य टुकड़ियों को संभावित स्थान गांव बोमई तक पहुंचने के लिए हाजिन, जलुरा तथा पानीपोरा गांवों की तलाशी लेनी पड़ी। यद्यपि, इस समय तक तापमान शून्य के नीचे चला गया, तथापि, सभी विपरीत परिस्थितियों को धता बताते हुए सैन्य टुकड़ी लक्षित क्षेत्र तक पहुंचे। बोमई गांव पहुंचने पर जिला बारामुला में थाना बोमई के अंतर्गत गांव बोमई के धुनी मोहलला में पांच घरों के परिसर में लगभग 0330 बजे घेरा डाला गया।

घर के मालिक से एक सशस्त्र आतंकी की मौजूदगी की पुष्टि के बाद श्री गौरव कुमार बालियान तथा उनकी टीम ने परिसर के सामने तथा दाहिने तरफ मोर्चा संभाला जबकि श्री पवन कुमार त्रिगुणायत तथा उनकी टीम ने पीछवाड़े तथा बायीं तरफ स्थिति संभाली। जब सैन्य टुकड़ियां लक्षित घर पर धैर्यपूर्वक नजर बनाए हुए थी तो कांस्टेबल ए. बैरावन ने लक्षित घरों में से एक में कुछ गतिविधियां देखी। जब लक्षित घर के अंदर एक बार आतंकियों की मौजूदगी की पुष्टि हो गई तो सैन्य टुकड़ियों को सतर्क कर दिया गया तथा लक्षित/पास के घरों में रहने वालों को सुरक्षित स्थान पर बचा कर ले आए। आतंकियों को पब्लिक एड्रैस सिस्टम पर उद्घोषणा करके सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया परंतु, सारे प्रयास व्यर्थ रहे।

दूसरा विकल्प नहीं होने पर लगभग 0600 बजे कमरे में दाखिल होकर शिकंजा और अधिक कसने का निर्णय लिया गया। आतंकियों को हतप्रभ करने के लिए दो धावा दस्ता, पहला श्री गौरव कुमार बालियान के कमान में तथा दूसरा श्री वन कुमार त्रिगुणायत के कमान में लक्षित घर को आगे ओर पीछे दोनों तरफ से एक साथ प्रवेश कराने का काम सौंपा गया। जब लक्षित घर में टीम प्रवेश की तो आतंकी ने रणनीतिक स्थान पर मोर्चा संभाला और पहले दस्ते पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी तथा दूसरे दस्ते पर हथगोला फेंका। इस द्यातक हमले में दोनों दल चमत्कारिक ढंग से बच गए। यद्यपि सैन्य टुकड़ियों ने स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया दी लेकिन उनके आतंकियों पर निशाना साधने से पहले वे दूसरे कमरे में चले गए तथा सैन्य टुकड़ियों का ध्यान बांटने के लिए अलग-अलग स्थानों से गोलीबारी करने लगे। इसी बीच लगभग 0730 बजे 21आईसी, एसएसपी, सौपोर तथा 22 आरआर के श्री धार्या पाल सिंह के कमान में क्यूएटी/179 बटालियन भी घटनास्थल पर कुमुक के तौर पर पहुंची। इस कुमुक की मदद से घेराबंदी और सुदृढ़ की गई। आतंकी समुचित रूप से सुसज्जित थे तथा सुरक्षा बलों की 1300 बजे तक उलझाए रखे। आतंकियों के विरूद्ध सैन्य टुकड़ियों के प्रयासों की व्यर्थ जाता देख; चूंकि वे अनुकूल परिस्थितियों में मोर्चाबंदी किए हुए थे, इसलिए घर को आईईडी का इस्तेमाल करके गिराने का निर्णय लिया गया। चूंकि वह बड़ा घर था, आतंकी स्नानगृह में चले गए तथा विस्फोट से अप्रभावित रहे। अत: आतंकियों ने सामने से हो रही गोलीबारी से बच निकलकर भागने का प्रयास किया लेकिन, सामने तैनात सैन्य टुकडियों के प्रभावकारी जवाबी हमले के कारण वे सफल नहीं हो सके।

इसी बीच, एक गोली आतंकी के पैर को भेदते हुए निकल गई वह गिर गया। सैन्य बल एक सख्त प्रतिद्वंदी के सामने था; वह तुरंत खड़ा हुआ और अपने को छिपाने के लिए दौड़ पड़ा। इस क्षण पहले से मोर्चा संभाले पवन कुमार त्रिगुणायत तथा गौरव कुमार बालियान दोनों ने आतंकी पर एक साथ गोलीबारी शुरू कर दी जिस पर घायल आतंकी की तरफ से और अधिक गोलीबारी से जवाब मिला। दोनों शुरवीर जवानों ने अपने साथियों के साथ न केवल अपने को आतंकियों की गोली से बचाया बल्कि प्रभावकारी ढंग से जवाबी कार्रवाई की जिससे आतंकी दीवार के पीछे शरण लेने के लिए मजबूर हो गए।

संघर्ष लम्बा खींच रहा था तथा विगत रूझानों के आलोक में कानून एवं व्यवस्था की समस्याएं उत्पन्न होने की संभावना अवश्यम्भावी थी। अभियान को समाप्त करने के लिए परिस्थिति एक त्वरित एवं अंतिम हमले की मांग कर रही थी। हालात की गंभीरता को भांपते हुए श्री गोरव कुमार बालियान तथा श्री पवन कुमार ने अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए चुनौती को स्वीकार करने का निर्णय लिया तथा अंतिम हमले का नेतृत्व करने के लिए स्वयं को आगे किया। अपने साथी कांस्टेबल श्री ए. बैरावन तथा कांस्टेबल विक्रम पॉल के साथ दोनों ने अभूतपूर्व साहस का प्रदर्शन करते हुए तिथा अपनी सुरक्षा की चिंता किये बिना प्रभावकारी हमला करने के लिए गोलियों की बौछार के बीच आतंकियों की तरफ रेंगते हुए गए। अपने को पूरी तरह घिरता देख सामने से आते सैन्य टुकड़ियों पर आतंकियों ने भारी गोलाबारी शुरू कर दी थी तथा हथगोला फेंकने के लिए तैयार थे लेकिन इस बार, श्री गौरव कुमार बालियान, श्री पवन कुमार त्रिगुणायत, कांस्टेबल ए. बैरावन तथा कांस्टेबल विक्रम पॉल न केवल अपने को बचाए बल्कि त्वरित प्रतिक्रिया भी दी। सारी सावधानियों को ताक पर रखते हुए, वे आतंकियों पर प्रचंड रूप से हमला कर दिया तथा अपनी सटीक गोलीबारी से उसे घटनास्थल पर ही ढेर कर दिया। बाद में आतंकी की पहचान अबू बकर (निवासी पाकिस्तान), डिविजनल कमांडर, लश्करे तैयबा, ए++ श्रेणी के रूप में की गई जिस पर रू.12.5/लाख का ईनाम था तथा 2009 से कुपवाड़ा जिला के लोलाब घाटी में चंडीगाम क्षेत्र क्रियाशील था। बाद में घटनास्थल की तलाशी में एके-47 राइफल, समरूप गोलाबारूद, युद्ध सामग्री तथा हथगोले भी बरामद हुए।

इस अभियान में सर्वश्री गौरव कुमार बालियान, सहायक कमांडेंट, पवन कुमार त्रिगुणायत, सहायक कमांडेंट, विक्रम पॉल, कांस्टेबल तथा ए. बैरावन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.12.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 150-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. जय देव,
उप निरीक्षक-

02 अवतार सिंह,
हेड कांस्टेबल

03 मुकेश कुमार,
कांस्टेबल

04 गवई शेखर दादाराव,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

11 फरवरी, 2017 को लगभग 2340 बजे एसएसपी कुलगाम ने श्री हेंजांग, कमांडेंट-18 बटालियन सीआरपीएफ को सूचित किया कि आतंकवादियों ने पुलिस चौकी-फ्रिसल, थाना यारीपुरा, जिला कुलगाम, जम्मू एवं कश्मीर में कुजुर (नागबल मोहल्ला) में 1 आरआर, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस (जेकेपी) के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसजीओ) तथा सिविल पुलिस पार्टी वाले घेराबंदी एवं तलाशी दल पर

गोलीबारी की है। उन्होंने तत्काल अतिरिक्त सैन्य दल भेजने का अनुरोध किया। तदनुसार, श्री हेंजांग ऑपरेशंस रेंज अनंतनाग की क्विक एक्शन टीम के साथ लगभग 0040 बजे घटनास्थल पर पहुंच गए। घटनास्थल पर पहुंचने पर, कमांडेंट 18 बटालियन को सूचित किया गया कि चार संदिग्ध आतंकवादी अब्दुल कबीर शेख के दामाद अब्दुगल मजीद रेशी के घर में छिपे हुए हैं तथा आशिक हुसैन पुत्र अब्दुल मजीद रेशी को बंधक बना रखा है। तदनुसार, एक रणनीति तैयार की गई और गांव की उत्तर एवं पूर्व की ओर से 1 आरआर के सैन्य दल, पश्चिम छोर से एसओजी एवं सिविल पुलिस तथा दक्षिण की ओर से सीआरपीएफ की क्यूएटी द्वारा घेराबंदी कर दी गई।

लक्षित घर एक बहुमंजिला इमारत थी। घेराबंदी करने के बाद, सैन्य दल द्वारा इसकी दो बार तलाशी ली गई लेकिन आतंकवादियों का पता नहीं लगाया जा सका। तथापि, घर के मालिक से आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि होने के बाद, आरआर तथा एसओजी के दल द्वारा पुन: घर की तलाशी लेने का निर्णय लिया गया। ज्यों ही तलाशी दल भवन के प्रथम तल पर पहुंचा, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें सेना के दो जवानों को गंभीर चोर पहुंची। तलाशी तल, गोलीबारी की तीव्रता को देखकर हतप्रभ हो गया तथा आड़ लेने के लिए उन्हें भागना पड़ा। आरआर के घायल जवानों को बचाकर निकालना पड़ा, तलाशी दल बिखर गया था तथा उन्हें बचाकर निकालना पड़ा और आतंकवादियों के वास्तविक ठिकाने का अभी भी पता नहीं था।

ऐसे समय में, कमांडेंड 18 बटालियन से निर्देश प्राप्त होने पर, 18 बटालियन के हेड कांस्टेबल (चालक) अवतार सिंह ने अभूतपूर्व साहस का प्रदर्शन करते हुए बंकर वाहन को बाहरी घेरे से लाकर लक्षित घर के काफी निकट खड़ा कर दिया और तलाशी दल को घर से सुरक्षित बाहर निकालने में सहायता प्रदान की। ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र होने तथा फिसलन/दलदल वाली जगह होने के कारण, वाहन को उचित स्थान पर खड़ा करने में अत्यधिक कठिनाई हो रही थी और यह गंभीर खतरे से भरा हुआ था। तथापि, चालक अवतार सिंह ने सभी विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए भारी गोलीबारी के बीच काफी चतुराई से तीन बार अपना वाहन उस क्षेत्र में ले आए तथा कवर फायर की सहायता से फंसे हुए 5-6 जवानों को बचाने में मदद की। जब सैन्य दल को बचाया जा रहा था, तब आतंकवादियों को उलझा कर रखा गया और इस कारण सैन्य दल को घर के पिछले भाग में आई ई डी लगाने का अवसर मिल गया। लक्षित घर से आतंवादियों को बचकर निकल जाने से रोकने के लिए, आतंवादियों के बच निकलने के सभी संभावित रास्तों को बंद कर दिया गया। दोनों तरफ से गोलाबारी रूक-रूक कर रातभर चलती रही।

परिस्थिति को देखते हुए जय देव सिंह, 90 बटालियन, सीआरपीएफ (अनंतनाग ऑपरेशंस रेंज की क्यूएटी के सदस्य), जो बाहरी घेरा में मोर्चा संभाले हुए थे, ने आतंकवादियों का पता लगाने की पहल की और लक्षित घर के सामने दक्षिण की ओर एक घर में घुस गए। कोई अन्य विकल्प नहीं बचा देख, आरआर द्वारा आईईडी विस्फोट किया गया जिससे घर का 80 प्रतिशत हिस्सा गिराया गया। इस विश्वास के साथ कि आतंकवादी मारे गए होंगे, एक तलाशी अभियान शुरू किया गया। मलबा साफ करने के लिए जेसीबी लगाई गई, लेकिन जैसे ही यह आगे बढ़ी, मलबे में से एक आतंकवादी उठा और अपने हथियार में गोली भरने का प्रयास किया। पास के घर में मोर्चा संभाले हुए जय देव सिंह ने त्वरित प्रतिक्रिया, स्पष्ट समझ तथा अभूतपूर्व सुझबूझ का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी पर गोली चला दी और उसे घटनास्थल पर ही ढेर कर दिया।

चूंकि लक्षित घर का एक भाग अभी भी खड़ा था, इसलिए दूसरा आईईडी विस्फोट किया गया जिससे घर पूर्णत: धराशायी हो गया। तथापि, इससे भी बचे हुए तीन आतंकवादी नहीं मारे जा सके क्योंकि वे मलबे से बाहर निकले और बचकर निकलने के लिए सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए दक्षिण-पूर्व की ओर भागे। उस तरफ तैनात आरआर के सैन्य दल ने भाग रहे आतंकवादियों पर सटीक गोली दागी और उनमें से एक को निष्क्रिय कर दिया। शेष बचे दो आतंकवादियों ने बचकर पास के नाले की तरफ भागने का प्रयास किया। कमांडेंट 18 बटालियन ने आतंकवादियों की गतिविधि देखी तथा तत्काल अपने दो साहसी जवानों कांस्टेबल/बगलर मुकेश कुमार तथा कांस्टेबल गवई शेखर दादाराव को भाग रहे आतंकवादियों का पीछा करने का निर्देश दिया। इस बीच, आतंकवादी सैन्य दल पर गोलीबारी करते रहे। चूंकि बलों के कानून एवं व्यवस्था का घटक बचकर भागने के रास्ते पर तैनात था, इसलिए कोई भी कार्रवाई काफी सावधानी एवं सतर्कता से की जानी थी। यह कांस्टेबल/बगलर मुकेश कुमार तथा कांस्टेबल गवई शेखर दादाराव के लिए एक कठिन चुनौती थी, जिनके सामने आतंकवादी थे, लेकिन गोलीबारी की दिशा में सैन्य दल की मौजूदगी उनके प्रयास को बाधित कर रही थी। साथ ही, वे अवसर को गंवाना नहीं चाहते थे। अनुकरणीय साहस, युक्तिपूर्ण कौशल तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए, दोनों जिप्सी से बाहर निकले तथा दनदनाती गोलियों की अनदेखी करते हुए आतंकवादियों की तरफ रेंगते हुए गए। दोनों आतंकवादियों के नजदीक पहुंचे, अपना मोर्चा संभाल लिया तथा अपने जीवन की परवाह किए बिना काफी नजदीक से सटीक लेकिन नियंत्रित गोलीबारी शुरू कर दी जिससे दोनों आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारे गए।

अभियान 10 घंटे से अधिक समय तक चला तथा इसका समापन हिजबुल मुजाहिदीन के चार आतंकवादियों नामत: फारूक अहमद डार (श्रेणी 'ग') पुत्र मोहम्मिद यूसुफ डार निवासी अर्रह, पुलिस स्टेशन एवं जिला कुलगाम, मुदस्सीर अहमद तांत्रे उर्फ असीम (श्रेणी 'क'), पुत्र मोहम्मद अकबर तांत्रे, निवासी रेडवानी बाला, पुलिस स्टेशन एवं जिला कुलगाम, वकील अहमद ठोकर (श्रेणी 'ग'), पुत्र मोहम्मद

अहसान ठोकर, निवासी हादीगाम, पुलिस स्टेशन एवं जिला कुलगाम तथा मोहम्मद युनूस लोन (श्रेणी 'ख') पुत्र गुलाम कादिर लोन, निवासी हाउड़ा, पुलिस स्टेशन एवं जिला कुलगाम के मारे जाने के साथ हुआ सैन्य दल ने मारे गए आतंकवादियों से एक इंसास राइफल, एक एके 47 राइफल, एक एके 56 राइफल, दो पिस्तौल, दो इंसास मैगजीन, चार एके 47 मैगजीन, दो पिस्तौल मैगजीन तथा कई तरह के गोलाबारूद भी बरामद किए। अभियान के दौरान आरआर के दो जवान शहीद हो गए तथा आतंकवादियों द्वारा एक नागरिक (बंधक) मारा गया।

इस अभियान में, सर्व/श्री जय देव, उप-निरीक्षक, अवतार सिंह, हेड कांस्टेबल, मुकेश कुमार, कांस्टेबल और गवई शेखर दादाराव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.02.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 151-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. दलबीर सिंह,
हेड कांस्टेबल

02. राजेश कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

स्वयं के सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि स्वचालित हथियारों से पूर्णत: लैस बड़ी संख्या में माओवादी छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के गांव पलाचलमा में डेरा डाले हुए हैं। सुकमा देश में माओवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों में से एक है। यह क्षेत्र माओवादियों का घोषित प्रदेश है जहां ऐसा माना जाता है कि उनकी समानांतर सरकार चलती है। यह क्षेत्र अपनी भौगोलिक स्थिति, जोखिम भरे भू-भाग, दूरी, माओवादियों की कैडर क्षमता तथा माओवादियों को कथित स्थानीय समर्थन के कारण सबसे कठिन ऑपरेशनल क्षेत्र माना जाता है। यह सूचना, हथियारों से सुसज्जित माओवादियों पर उनके ही गढ़ में हमला करने के लिए, सुरक्षा बलों के लिए एक अवसर था, जो इस क्षेत्र तथा इसके समीकरण पर दूरगामी प्रभाव डाल सकता था। यह सुरक्षा बलों के लिए एक कठिन कार्य था तथा इस बात की संभावना थी कि यह अभियान इस क्षेत्र में माओवाद के विरूद्ध एक सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण अभियान होगा।

इस कार्य को निष्पादित करने के लिए, पुलिस महानिरीक्षक, सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ क्षेत्र द्वारा 217 बटालियन, 219 बटालियन तथा 208 कोबरा की सैन्य टुकड़ियों को शामिल करके एक संयुक्त तलाशी अभियान की योजना बनाई गई। योजना के अनुसार, यह अभियान पुलिस महानिरीक्षक (ऑप्स) छत्तीसगढ़ क्षेत्र की समग्र कमान में सुकमा जिले के आधार शिविर भेजी तथा गोरखा से दिनांक 20.10.2014 को 0430 बजे शुरू किया गया। सैन्य टुकड़ियां लक्षित क्षेत्र अर्थात गांव पलाचलमा की ओर बढ़ीं। सैन्य टुकड़ियां लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुए क्षेत्र की युक्तिपूर्वक तलाशी कर रही थीं लेकिन दिन ढलने के समय तक कुछ भी हालिस नहीं हुआ और इस प्रकार, पलाचलमा गांव से लगभग 02 कि.मी. की दूरी पर जंगल क्षेत्र में रात के दौरान एलयूपी ले लिया। उस क्षेत्र में मजबूत पकड़ तथा आसूचना नेटवर्क के कारण इस बात की काफी संभावना थी कि इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों की मौजूदगी की भनक माओवादियों को मिल गई होगी। अगले दिन माओवादियों द्वारा घात लगाने/हमला किए जाने की काफी संभावना थी। सैन्य टुकड़ियां भी इससे अवगत थीं तथा ऐसी स्थितियों के लिए वे तैयार थीं।

दिनांक 21.10.2014 को स्थिति की रणनीतिक आवश्यकताओं के मद्देनजर, इस क्षेत्र की और अधिक प्रभावकारी ढंग से तलाशी लेने के लिए सैन्य टुकड़ियों को चार समूहों में बांटा गया। 217 बटालियन की सैन्य टुकड़ी को पलाचलमा गांव तथा इसके आसपास के जंगली क्षेत्र के बायीं ओर से घेराबंदी का काम सौंपा गया। तदनुसार, 217 बटालियन की सैन्य टुकड़ीक लगभग 0930 बजे अपने लक्षित

क्षेत्र की तरफ बढ़ी। जैसा कि प्रत्याशा थी, माओवादी सैन्य टुकड़ी की गतिविधि पर नजर रखे हुए थे तथा 217 बटालियन को तलाशी के लिए दिए गए जंगल क्षेत्र के बायीं ओर सैन्य टुकड़ी पर घात लगाकर बैठे हुए थे। जैसे ही सैन्य टुकड़ी माओवादियों के घात क्षेत्र में पहुंची, उन्होंने उन्हें मारने तथा उनके हथियार छीनने के उद्देश्य से सैन्य टुकड़ी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य टुकड़ी ने भी माओवादियों पर जवाबी गोलीबारी करके तुरंत कार्रवाई की, लेकिन उनके पास गोलियों से बचने की आड़ बहुत कम थी, इसलिए उनके लिए ज्यादा देर तक टिके रहना बहुत कठिन था। स्थिति ज्यादा संकटमय थी तथा निर्भीक एवं साहसिक जवाबी कार्रवाई की मांग कर रही थी।

संकट की इस घड़ी में, 217 बटालियन के एचसी/जीडी दलबीर सिंह तथा सीटी/जीडी राजेश कुमार ने पहल की तथा माओवादियों पर साहसिक जवाबी कार्रवाई करने का निर्णय लिया। वे दोनों भारी गोलीबारी के बीच निर्भीक होकर आगे बढ़े तथा मोर्चाबंदी किए हुए दुश्मनों पर बायीं ओर से जवाबी हमला किया। इन दोनों की औचक लेकिन निर्भीक कार्रवाई से माओवादी हतप्रभ रह गए और कुछ देर के लिए उन्होंने अपनी गोलीबारी बंद कर दी। इसी बीच, इन दोनों की निर्भीक एवं साहसिक कार्रवाई से उत्साहित होकर साथी सैनिक भी उनके साथ हो लिए और इस प्रकार, माओवादियों के विरूद्ध जवाबी कार्रवाई को और अधिक बढ़ा दिया। मुठभेड़ लगभग 30-40 मिनट तक जारी रही। साहसिक एवं संक्रेंदित जवाबी कार्रवाई ने माओवादी की रक्षा पंक्ति को तबाह कर दिया तथा उन्हें अपने सशस्त्र मृत कैडर को वहीं पर छोड़ कर भागने के लिए मजबूर कर दिया। सैन्य टुकड़ियों की साहसिक जवाबी कार्रवाई ने न केवल माओवादियों द्वारा बिछाई गई भयंकर घात को तोड़ा, बल्कि इससे एक खूंखार माओवादी को भी मार गिराया गया। मुठभेड़ के पश्चात तलाशी के दौरान, मुठभेड़ स्थल से 01 देशी बंदूक तथा 02 माओवादी पैम्फलेट के साथ माओवादी का एक शव (जिसकी बाद में "सोधी मासा" पुत्र सोमादा, गांव पलाचलमा, पुलिस स्टेशन किस्ताराम, जिला सुकमा, छत्तीसगढ़ के रूप में पहचान की गई) बरामद किया गया। मृत माओवादी पलाचलमा के जन मिलिशिया का एक सदस्य था।

इस अभियान में, सर्व/श्री दलबीर सिंह, हेड कांस्टेबल और राजेश कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21.10.2014 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 152-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अशोक कुमार, सेकंड-इन-कमांड — (वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)

02. नरपत, सहायक कमांडेंट — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

03. सौरभ वर्मा, उप-निरीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

04. बलबिन्दर पठानिया, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

05. झारियास लाकडा, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

मनीला (सचिव पामेद-असूर क्षेत्र समिति) तथा सोमडू (असूर एलओएस कमांडर) के नेतृत्व में जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) के चीना-बोर्कल, कोमातपल्ली तथा भट्टीगुडा के गांव की धुरी पर 40-50 सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर, श्री अशोक कुमार, 2-आई/सी 204, कोबरा बटालियन की समग्र कमान में सिविल पुलिस (छत्तीसगढ़) के एसटीएफ एवं डीआरजी के साथ 204 कोबरा से बनी 04 टीमों के एक संयुक्त सर्च एवं डिस्ट्रॉय ऑपरेशन (एसएडीओ) की योजना बनायी गई और इसे शुरू किया गया। लक्षित क्षेत्र दुष्कर भू-भाग, सुदृढ़ माओवादी कैडर तथा माओवादियों के मजबूत आसूचना तंत्र के कारण माओवाद का गढ़ समझा जाता है। किसी भी अभियान(ऑपरेशन) के आवश्यक तत्व, आकस्मिकता तथा गोपनीयता को बनाए रखना सुरक्षा बलों के समक्ष हमेशा ही एक चुनौती रही है तथा सैन्यटुकड़ियां इससे अवगत थीं।

अभियान (ऑपरेशन) की योजना के अनुसार, सैन्यटुकडियां अभियान के लिए आधार शिविर बासागुडा तथा तारेम से दिनांक 03.01.2017 को लगभग 0430 बजे चल पडी। पूरी गोपनीयता बनाए रखते हुए तथा गुप्त रूप से आगे बढ़ते हुए, सैन्यटुकड़ी लगभग 1610 बजे पेड्डागेलुर के जंगल क्षेत्र में पहुंची तथा अपने लक्षित क्षेत्र की तरफ आगे बढ़ी। अचानक, वे सामने की दिशा से भारी गोलीबारी की जद में आ गई। माओवादियों ने इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों की मौजूदगी को भांप लिया था तथा उन पर हमले के लिए तैयार थे। माओवादी सैन्यटुकड़ियों को मारने और उनके हथियार लूटने के उद्देश्य से उन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। तत्परता से कार्रवाई करते हुए, सैन्य टुकड़ियों ने आत्म-रक्षा में जवाबी कार्रवाई की। दोनों तरफ की गोलीबारी में, डीआरजी का एक जवान सोमारू हेमला गोली लगने से घायल हो गया और उन्हें तत्काल मेडिकल सहायता की जरूरत थी क्योंकि जख्म से खून का अत्यधिक स्राव हो रहा था। ऐसी स्थिति में, श्री अशोक कुमार, 2-आई/सी एक वास्तविक कमांडर के रूप में अदम्यस साहस और धैर्य का प्रदर्शन करते हुए जख्मी डीआरजी जवान को बचाने के लिए हालात पर खरे उतरे। उन्होंने सीटी/जीडी बलविन्दर पठानिया के साथ एक गंभीर जोखिम उठाया और माओवादी की गोलीबारी के क्षेत्र में प्रवेश कर गए। इन दोनों ने जख्मी जवान को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और घायल जवान के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की। बाद में, घायल को निकाल कर आधार शिविर ले जाया गया तथा सैन्यटुकड़ियों ने और अधिक मजबूत इरादे के साथ अभियान को जारी रखा।

दिनांक 04.01.2017 को जब सैन्यटुकड़ी, एसएडीओ के लिए भट्टीगुडा गांव के जंगल क्षेत्र के निकट पहुंची तो दल के कमांडर श्री अशोक कुमार, 2-आई/सी ने कार्य को और अधिक प्रभावकारी ढंग से निपटाने के लिए सैन्यटुकड़ियों को 04 दलों क्रमश: दल संख्या 1, 2, 3 एवं 4 में विभाजित कर दिया। जब सैन्यटुकड़िया क्षेत्र की तलाशी ले रही थीं, तो लगभग 1600 बजे घात लगाकर बैठे लगभग 70-80 सशस्त्र माओवादियों ने दल सं. 2 पर भारी गोलाबारी शुरू कर दिया और उन पर हथगोले फेंके। सैन्यटुकड़ियों ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया और जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। चूंकि दल सं. 2 से वे तादात में अधिक थे, इसलिए उन्होंने अभियान कमांडर से सहायता मांगी। अनुकरणीय नेतृत्व क्षमता तथा अद्वितीय रणनीतिक बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करते हुए, अभियान कमांडर श्री अशोक कुमार, 2-आई/सी ने तुरंत एक जवाबी कार्य योजना तैयार की तथा सभी दलों के कमांडरों के साथ तालमेल कायम किया। योजना के अनुसार, दल सं. 2 की सहायता करने के लिए, सैन्यटुकड़ियों ने माओवादियों पर ताबडतोड़ जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। तदनुसार, दल सं. 1 को दायीं तरफ से तथा दल संख्या 3 एवं 4 को बायीं तरफ से मार्ग को बाधित करने के लिए कहा गया। जब दल मार्ग को बाधित कर रहे थे, तो वे भी स्वचालित हथियारों की भारी गोलीबारी की जद में आ गए। माओवादी पूर्णत: सुरक्षित ठिकाने से गोलीबारी कर रहे थे तथा इस प्रकार उनके मार्ग को पूर्णत: बंद करने के सुरक्षा बलों के प्रयास को मुश्किल बना रहे थे। माओवादियों की मजबूत रक्षा पंक्ति तथा घात लगाने को तोड़ने के लिए उन पर घातक हमला करना समय की मांग थी। श्री अशोक कुमार, 2-आई/सी ने और कोई विकल्प नहीं पाते हुए तथा अपनी सैन्यटुकड़ियों को नुकसान से बचाने के लिए, 3-3 व्यक्तियों वाले दो माइक्रो हमला(असॉल्ट) दल बनाए। असॉल्ट-1 का नेतृत्व श्री अशोक कुमार, 2-आई/सी, निरीक्षक लक्ष्मण केवट तथा सीटी/जीडी बलविन्दर पठानिया के साथ कर रहे थे जबकि असॉल्ट-2 का नेतृत्व श्री नरपत, सहायक कमांडेंट, एसआई/जीडी सौरभ वर्मा तथा जीटी/जीडी जे. लाकड़ा के साथ कर रहे थे।

माइक्रो असॉल्ट दल कवर फायर की आड़ में अत्यधिक ऊंचाई वाले स्थान की तरफ बढ़े, जहां माओवादियों ने प्राकृतिक आड़ ले रखी थी तथा सैन्यटुकड़ियों पर हथियारों से हमला कर रहे थे। श्री अशोक कुमार, 2-आई/सी के नेतृत्व में माइक्रो असॉल्ट दल भारी गोलीबारी के बीच, गोलीबारी करने और आगे बढ़ने की बुद्धिमत्तापूर्ण रणनीति अपनाते हुए तथा अदम्य साइस का प्रदर्शन करते हुए माओवादियों के ठिकाने तक पहुंचे। उन्हें सही जगह पर पाकर तथा उपयुक्त अवसर का उपयोग करते हुए, दोनों असॉल्ट दलों ने माओवादियों पर धावा बोल दिया जिससे उनका अत्यधिक सुरक्षित स्थान तबाह हो गया। 3-3 सदस्यों वाले 02 माइक्रो असॉल्ट दलों ने प्राकृतिक आड़ में छिपे हुए भारी हथियारों से लैस 15-20 माओवादियों के समूह का वीरतापूर्वक सामना किया। बहादुर सैनिकों के एक छोटे से दल के निर्भीक हमले ने माओवादियों को स्तब्ध कर दिया। इस हमले ने माओवादियों के साहस को डिगा दिया।

इस असाधारण साहस तथा प्रचंड जवाबी कार्रवाई से हतप्रभ होकर माओवादी वहां पर एक माओवादी का शव (आयु लगभग 25 वर्ष, जिसकी बाद में सोदी मुल्ला पुत्र लिंगा, गांव चुतवाही, थाना बासागुडा, जिला बीजापुर(सीपी), के रूप में पहचान की गई) के साथ-साथ

एक 5.56 एमएम इंसास एलएमजी, एक मैगजीन 16 राउंड, 02 एचई ग्रेनेड तथा अन्य सामग्रियों को छोड़कर भाग गए। भुठभेड़ स्थल पर खून के काफी धब्बे पाये गए, जिससे पता चलता था कि माओवादी बुरी तरह से हताहत हुए थे लेकिन वे घायल/मृत माओवादियों के शव को घसीट कर ले जाने में सफल रहे। बाद में, विभिन्न आसूचना एजेंसियों के संपुष्ट आसूचना के अनुसार, इस बात की पुष्टि हुई कि मुठभेड़ के दौरान 02 माओवादी मारे गए थे तथा 04 गंभीर रूप से घालय हो गए थे।

इस अभियान में, सर्व/श्री अशोक कुमार, सेकंड-इन-कमांड, नरपत, सहायक कमांडेंट, सौरभ वर्मा, उप-निरीक्षक, बलबिन्दर पठानिया, कांस्टेबल और झारियास लाकड़ा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04.01.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 153-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. गजानंद यादव,
उप-निरीक्षक

02. मुकेश कुमार पांडेय,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जम्मू एवं कश्मीर के जिला अनंतनाग में श्रीगुफवाड़ा अपने प्रतिकूल भू-भाग, जंगलों से भरे क्षेत्र तथा स्थानीय जनसंख्या के सक्रिय सहयोग के कारण आतंकवादी गतिविधियों का केंद्र रहा है। 14 दिसम्बर, 2016 को लगभग 0700 बजे बेवुरा गांव में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट आसूचना संबंधी जानकारी के आधार पर, श्री सतीश पांडेय, सहायक कमांडेंट ने अपनी ई/116 बटालियन की सैन्यटुकड़ी तथा स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के साथ इस गांव में घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया। अत्यधिक विस्मय एवं गोपनीयता बरकरार रखते हुए सैन्यटुकड़ी लक्षित गांव के नजदीक पहुंच गई। इसी बीच, 3 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) की सैन्यटुकड़ियां भी उस गांव में पहुंच गईं तथा अभियान दलों में शामिल हो गईं। तत्काल संयुक्त सैन्यटुकड़ियों ने गांव की घेराबंदी शुरू कर दी।

जब सैन्यटुकड़ियां गांव की घेराबंदी कर रही थीं, तो एक आतंकवादी घने कोहरे तथा कम दृश्यता का लाभ उठाकर सैन्यटुकड़ियों की दिशा में अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए ऊबड-खाबड़ क्षेत्र से होकर नाले की ओर भागा। संख्या 121160043 उप-निरीक्षक गजानंद यादव तथा उनके साथी सं. 125380536 कांस्टेबल मुकेश कुमार पांडेय, ई/116 बटालियन सीआरपीएफ, जो अग्रणी दल में थे, आतंकवादी की गोलीबारी की दिशा में बिल्कुल सामने आ गए। गोलियां उनके बिलकुल पास से होकर निकल गईं और वे आतंकवादी की इस अप्रत्याशित गोलीबारी में चमत्कारिक ढंग से बच गए। उन्होंने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए रणनीतिक स्थान पर तत्काल मोर्चा संभाल लिया तथा आतंकवादी का पता लगाने का प्रयास किया। उन्होंने अपनी पोजिशन से लगभग 50 मीटर की दूरी पर एक सशस्त्र आतंकवादी को देखा जो उनकी ओर गोलीबारी कर रहा था तथा घटनास्थल से भागने के लिए नाले की तरफ दौड़ रहा था। आतंकवादी के इरादे को भांपकर, उप-निरीक्षक गजानंद यादव तथा कांस्टेबल मुकेश कुमार पांडेय ने अपनी जान की परवाह किए बिना तथा सभी सावधानियों को ताक पर रखते हुए आतंकवादी का पीछा किया। उनके साथी सैनिक भी उनके पीछे हो लिये।

घने बागीचों में काफी देर तक पीछा करना जारी रखा। तड़के के कुहासे के कारण दृश्यता बहुत ही कम थी तथा बर्फ का ढेर उनकी आवाजाही को बहुत अधिक बाधित कर रहा था। कम दृश्यता के कारण बागीचों से होकर गुजरना एक जोखिम भरा काम था तथा इस प्रकार भाग रहे आतंकवादी को कुछ कपटपूर्ण रणनीति अपनाने का अवसर प्रदान कर रही थी। वह थोड़ा पहले रूक कर समुचित आड़ लेते हुए दोनों पर नजदीक से गोली चला सकता था। तथापि, दोनों नौजवान एवं ऊर्जावान सैनिक जोश से भरे हुए थे तथा अपने कार्य के

प्रति प्रतिबद्ध थे। उन्होंने भाग रहे आतंकवादी की ओर से रूक-रूक कर हो रही गोलीबारी के बीच सेब के घने पेड़ों में बचते-बचाते निर्भीक होकर उनका पीछा किया। सुरक्षा बलों की गतिविधियों को बाधित करने के लिए आतंकवादी उन पर निरंतर गोलीबारी कर रहा था। तथापि, ये विषम परिस्थिति उन दोनों के साहस को डगमगा नहीं सकीं और वे आतंकवादी का पीछा करते रहे। जब गजानंद यादव तथा मुकेश कुमार पांडेय बागीचे से बाहर निकले, तो उन्होंने भाग रहे आतंकवादी का पता लगा लिया क्योंकि अब वह उन्हें दिखाई दे रहा था। सुरक्षा बलों को अपने काफी नजदीक पाकर आतंकवादी ने अपने भागने का रास्ता बनाने के लिए उन पर गोली चला दी, लेकिन इस बार गजानंद यादव तथा मुकेश कुमार पांडेय सतर्क थे तथा उन्हेंउ चुनौती देने के लिए तैयार थे। उन्होंने न केवल आतंकवादी की गोली से अपने को बचाया, बल्कि उन पर गोली भी चलायी। आतंकवादी को गोली लगी और वह वहीं पर ढेर हो गया।

तथापि, एक दूसरा आतंकवादी भी था, जो कम दृश्यता तथा अनुकूल भू-भाग का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा। मारे गए आतंकवादी की पहचान बाद में बासित रसूल डार पुत्र गुलाम रसूल डार निवासी मरहमा, हिजबुल मुहाहिदीन आतंकवादी संगठन के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादी के पास से एक एके-56 राइफल, एके गोलाबारूद के 11 राउंड, दो एके मैगजीन और एक एचई ग्रेनेड बरामद किया गया।

इस अभियान में, उप-निरीक्षक गजानंद यादव ने स्थिति को समझने में अभूतपूर्व साहस तथा रणनीतिक सूझबूझ का प्रदर्शन किया तथा काफी पेशेवर ढंग से स्थिति का मुकाबला किया। उन्होंने कांस्टेबल मुकेश कुमार पांडेय के साथ लगातार आतंकवादी की गोलीबारी की दिशा में होने के बावजूद सभी खतरों को धता बताते हुए भाग रहे आतंकवादी का पीछा किया। कांस्टेबल मुकेश कुमार ने भी इस अवसर का फायदा उठाया तथा चुनौती पर खरे उतरे। उन्होंने आतंकवादी का पीछा करने तथा उसे निष्क्रिय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उनके अनुकरणीय साहस, कर्तव्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता तथा स्पष्ट एवं आसन्न खतरे के समक्ष दृढ़ संकल्प के सम्मान स्वरूप उप-निरीक्षक गजानंद यादव तथा कांस्टेबल मुकेश कुमार पांडेय, 116 बटालियन के नामों की "वीरता का पुलिस पदक" पुरस्कार हेतु संस्तुति की जाती है।

इस अभियान में, सर्व/श्री गजानंद यादव, उप-निरीक्षक तथा मुकेश कुमार पांडेय, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.12.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 154-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री संजीव कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बिजबेहरा से पहलगाम तक पुरानी के.पी. (खानबल-पहलगाम) सड़क, विस्तृत घने जंगलों तथा बागीचों वाले ऊबड़-खाबड़ एवं दुष्कर क्षेत्र का एक बड़ा भू-भाग है। इस क्षेत्र में सैन्यटुकड़ियों की आवाजाही कठिन है। यह क्षेत्र पत्थरबाजी के लिए भी कुख्यात है तथा आतंकवादियों की गतिविधियों के लिए पर्याप्त कवर उपलब्ध कराता है। इस क्षेत्र में सफल अभियान के लिए बड़ी संख्या में सैन्यटुकड़ियों को एक विशिष्ट सूचना एवं समुचित तालमेल की जरूरत होती है ताकि भागने के रास्ते को काटा जा सके।

03 अगस्त, 2017 को, लगभग 1845 बजे, कमांडेंट 90 बटालियन को एसडीपीओ बिजबेहरा से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ आतंकवादियों ने 90 बटालियन सीआरपीएफ, उड़नहाल के मुख्यालय से लगभग 08 कि.मी. दूर पुलिस स्टेशन बिजबेहरा के अंतर्गत गांव कनेलवां में सेना और पुलिस पार्टी पर गोली चलाई है। श्री अंगोम नरेश सिंह, सेंकेड-इन-कमांड तथा यूनिट क्विक एक्शन टीम (क्यूएटी) के साथ श्री अजय कुमार शर्मा, कमांडेंट-90 बटालियन सीआरपीएफ तत्काल गांव में पहुंचे तथा स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) जेकेपी एवं आरआर के साथ समन्वय करके संदिग्ध क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। चूंकि, शाम का समय था और अंधेरा छाने लगा था, जो सैन्यटुकड़ियों

की निर्बाध आवाजाही में एक अड़चन थी। इसके अतिरिक्त, बागीचों के पेड़ों से आच्छादित खुला क्षेत्र होने के कारण सैन्यटुकड़ियों को संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ने के दौरान बहुत कम आड़ (कवर) मिल रही थी। तथापि, जानबूझकर थोड़ा जोखिम लेकर तथा क्षेत्र की सूचना का मूल्यांकन करके सुरक्षा बलों ने कुछ संदिग्ध घरों की संयुक्त तलाशी का अभियान शुरू कर दिया। 90 बटालियन, सीआरपीएफ के कांस्टेबल संजीव कुमार के साथ श्री अंगोम नरेश ने तलाशी अभियान के लिए ऐसे ही दल का गठन किया। तथापि, तीन घरों की तलाशी करने, जिसमें काफी समय लगा, के बावजूद कुछ भी नहीं मिला।

किसी अब्दुल कयूम भट पुत्र गुलाम मोहम्मद भट के संदिग्ध घर की तलाशी के दौरान, हर गतिविधि पर काफी तन्मयता से ध्यान देते हुए कांस्टेबल संजीव कुमार ने संदिग्ध घर के ठीक बाहर स्थित शौचालय के निकट पड़ा हुआ मैगजीन का एक थैला देखा। कुछ गड़बड़ समझ कर उन्होंने तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारी को इस महत्वपूर्ण बरामदगी के बारे में सूचित किया। इसके परिणामस्वरूप, संदिग्ध घर की घेराबंदी सख्त कर दी गई तथा तलाशी में लगी सैन्यटुकड़ियों को अत्यधिक सावधान रहने के लिए सतर्क कर दिया गया। यह पाया गया कि शौचालय को अंदर से बंद कर दिया गया है जिससे इस संदेह की पुष्टि हुई कि आतंकवादी अंदर छिपा हुआ है। आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने के लिए कई चेतावनी दी गई, लेकिन इसका कोई जवाब नहीं मिला। छिपने के ठिकाने से बाहर आने हेतु आतंकवादी को उकसाने के लिए सिविल पुलिस द्वारा शौचालय की तरफ अश्रु गैस के गोले भी छोड़े गए। तथापि, इसका भी अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ा। क्षेत्र तक पहुंचना एक कठिन कार्य था, क्योंकि यह एक खुला क्षेत्र था तथा आतंकवादी की ओर से गोलीबारी की स्थिति में यहां बहुत कम आड़ उपलब्ध थी। स्पष्ट खतरे के कारण, किसी ने भी आगे बढ़ने की पहल नहीं की। इस नाजुक स्थिति में, अनुकरणीय साहस तथा पेशेवर बुद्धिमत्ता सुझाव का प्रदर्शन करते हुए अंगोम नरेश, सेंकेड-इन-कमांड के मार्गदर्शन में कांस्टेबल संजीव कुमार उस स्थान पर उपलब्ध थोड़ी बहुत आड़ लेते हुए तथा कम से कम शरीर प्रदर्शित करते हुए शौचालय की ओर चतुराई से आगे बढ़ने लगे। उनका उद्देश्य लक्षित क्षेत्र के नजदीक पहुंचना था, ताकि आतंकवादी को शौचालय से चुपके से निकलने तथा पास के बड़े भवनों में जाने से रोका जा सके। स्वयं को गंभीर खतरे में डालते हुए, वे रेंगते हुए उस स्थान के नजदीक पहुंचे। उन्होंने शौचालय की खिड़की से आतंकवादी की कुछ गतिविधि देखी, जो मोर्चा संभालने का प्रयास कर रहा था।

अचानक, शौचालय में छिपे आतंकवादी ने सैन्यटुकड़ियों को गुमराह करने तथा इस स्थिति का फायदा उठाकर सुरक्षित स्थान पर जाने के उद्देश्य से गोलियों की बौछार कर दी। तथापि, कांस्टेबल संजीव कुमार अपने दुश्मन की गोली की दिशा से तत्काल हटे तथा बिना समय गवाएं जवाबी कार्रवाई की जिससे आतंकवादी पीछे हटने के लिए मजबूर हो गया तथा शायद उसे घालय भी कर दिया। इससे दल के अन्य सदस्यों को मोर्चा संभालने तथा आतंकवादी के नजदीक आने का अवसर मिल गया, तत्पश्चात, आतंकवादी और सैन्यटुकिड़यों के बीच भारी गोलीबारी शुरू हो गई। लगभग 15 मिनट के बाद लड़ाई समाप्त हो गई। तत्पश्चात, शौचालय की तलाशी ली गई तथा एक आतंकवादी नामत: यावर नासीर शेरगुजारी, निवासी शिरपोरा, पीपी-जगलतमंडी, जिला अनंतनाग (जम्मू एवं कश्मीर) का शव बरामद किया गया। मारा गया आतंकवादी हिजबुल-मुजाहिदीन से जुड़ा हुआ था। बरामदगी में, मैगजीन तथा समरूप गोलाबारूद के साथ एक एसएलआर राइफल, एक चीनी ग्रेनेड तथा अन्य विविध सामग्रियां शामिल हैं।

अभियान में, 90 बटालियन सीआरपीएफ के बल संख्या 065230247 संजीव कुमार ने अपनी जान को गंभीर खतरे के बावजूद निडर साहस, पेशेवर कौशल एवं कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने युक्तिपूर्ण मूल्यांकन करके अवसर का लाभ उठाया तथा आतंकवादी को न केवल छिपने के ठिकाने से बचकर भागने से रोकने के लिए तीव्र प्रतिक्रिया दिखाई बल्कि बिना किसी बचाव के गोलीबारी का जवाब दिया और आतंकवादी को घायल करते हुए कठिन परिस्थिति में डाल दिया और अंतत: उसका खात्मा किया जा सका। कांस्टेबल संजीव कुमार की समय पर एवं साहसिक कार्रवाई ने सुरक्षा बलों को संभावित नुकसान से बचा लिया। कांस्टेबल संजीव कुमार ने मुठभेड़ में 10 राउंड गोलियां चलायीं तथा दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के एक सक्रिय एवं खूंखार आतंकवादी को मारने में विशिष्ट रूप से योगदान दिया।

इस अभियान में, श्री संजीव कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.08.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 155-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. देवेंद्र कुमार,
सेकंड-इन-कमांड,

02. विजय सिंह,
सहायक कमांडेंट

03. बिष्णु सिंह,
हेड कांस्टेबल

04. एज़ाज अहमद भट,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दक्षिण कश्मीर में जिला पुलवामा का त्राल सब-डिवीजन आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का पारंपरिक गढ़ रहा है। इस आतंकवादी संगठन के कई शीर्ष कमांडर त्राल के ही रहने वाले हैं। इस क्षेत्र में हिजबुल मुजाहिदीन कैडर को जन-समर्थन भी प्राप्त है। त्राल को भौगोलिक लाभ भी प्राप्त है क्योंकि यह ऊपरी और निचले त्राल को अलग करने वाले पठार के किनारे स्थित है। यह घने जंगलों से आच्छादित पहाड़ों से घिरा है। एक तरफ यह आतंकवादियों को प्राकृतिक शरण प्रदान करता है, वहीं यह विद्रोह-रोधी अभियानों को भी अत्यधिक कठिन एवं खतरनाक बनाता है। दिनांक 08 जुलाई, 2016 को मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के डिवीजनल कमांडर, बुरहान वानी के खात्मे के बाद, उसके अधीनस्थ सबजार अहमद भट ने हिजबुल मुजाहिदीन के परिचालन प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला ।

26 मई, 2017 को लगभग 2000 बजे त्राल पुलिस स्टेशन के अंतर्गत साइमोह गांव के क्षेत्र में हिजबुल मुजाहिदीन के कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त हुई। सूचना का सत्यापन करने के लिए 42 आरआर का एक दल एम.पी.वी. (कैस्पर) में साइमोह के लिए पहले ही कूच कर चुका था। लगभग इसी समय, 180 बटालियन सीआरपीएफ के सेकंड-इन-कमांड, श्री देवेंद्र कुमार की कमान में 180 बटालियन की सी. कंपनी तथा उप पुलिस अधीक्षक त्राल के साथ विशेष अभियान ग्रुप (एसओजी) त्राल, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस (जेकेपी) का एक दल भी पास के रस्थसुना गांव में गश्त लगा रहा था। लगभग 2030 बजे, जब 42 आरआर का एमपीवी साइको गांव पहुंचा, तब उस पर आतंकवादियों द्वारा गोलीबारी की गई जिसका समुचित जवाब दिया गया। गोली की आवाज सुनकर श्री देवेंद्र कुमार, सेकंड-इन-कमांड (ऑप्स) की कमान में सीआरपीएफ ने आरआर की पार्टी के साथ तुरंत संपर्क साधा तथा साइमोह गांव (जहां 42 आरआर दल पर गोलीबारी की गई थी) में घटनास्थल पर पहुंच गए। मेजर विक्रम सिंह, दल कमांडर, 42 आरआर ने उन्हें सूचित किया कि आतंकवादी आरआर दल पर गोलीबारी करने के बाद साइमोह गांव के दत्ता मोहल्ला की ओर भाग गए हैं। तदनुसार, दोनों कमांडरों ने दत्ता मोहल्ला की तत्काल घेराबंदी करने का निर्णय लिया। लगभग 2045 बजे श्री विजय सिंह, सहायक कमांडेंट सी कंपनी के कंपनी कमांडर, 42 आरआर की सैन्य टुकडी तथा एसओजी के साथ श्री देवेंद्र कुमार, सेकंड-इन-कमांड, ने लगभग 15 संदिग्ध घरों के चारो ओर सख्त घेराबंदी कर दी।

तदनंतर, श्री राजेश कुमार, कमांडेंट-180 बटालियन, सीआरपीएफ, अवन्तीपुरा, ब्रिगे. राजा चक्रवर्ती, सेक्टर कमांडर भी अभियान की निगरानी करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद, संयुक्त दल ने दत्ता मोहल्ले के संदिग्ध घरों की तलाशी लेने का निर्णय लिया क्योंकि सूचना से अन्य आतंकवादियों के साथ हिजबुल मुजाहिदीन के खूंखार कमांडर की मौजूदगी के संकेत मिले थे। संदिग्ध घर की तलाशी लेने के लिए सीआरपीएफ, सेना तथा एसओजी के दो संयुक्त दल बनाए गए। श्री देवेंद्र कुमार, सेकंड-इन-कमांड, उनके साथी कांस्टेबल एज़ाज अहमद भट एसओजी तथा आरआर के साथ पहले दल का हिस्सा थे। दूसरे दल में श्री विजय सिंह, सहायक कमांडेंट तथा उनके साथी संख्या 991370898 हेड कांस्टेबल विष्णु सिंह शामिल थे। जब तलाशी चल रही थी, तब से एक घर के मालिक मोहम्मद यूसुफ डार ने कुछ देर पहले गोलीबारी की आवाज सुनने तथा उसके तुरंत बाद हिजबुल मुजाहिदीन के कमांडर सबजार अहमद भट तथा दो अन्य आतंकवादियों के उसके घर में प्रवेश करने की पुष्टि की। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि वे इस बात से आश्वस्त नहीं हैं कि क्या आतंकवादी अभी भी उनके घर में छिपे हुए हैं अथवा बाहर चले गए हैं। यह सूचना प्राप्त होने पर, आतंकवादियों द्वारा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकलने के किसी प्रयास को विफल करने के लिए घेराबंदी और भी सख्त कर दी गई। इसके अतिरिक्त, सुबह होने तक तलाशी रोक दी गयी तथा सैन्यटुकड़ियों को सावधान एवं सतर्क रहने की हिदायत दी गई।

अगली सुबह अर्थात् 27 मई को लगभग 0730 बजे, विजय सिंह तथा उनके साथी विष्णु सिंह ने स्वयं को बड़े खतरे में डालते हुए लक्षित घर के दक्षिण की ओर पास के घर की पहली मंजिल पर अपना मोर्चा संभाल लिया। उस स्थान से वे टूटी हुई खिड़की से

लक्षित घर के अंदर की सारी हरकतें देखने की स्थिति में थे। लक्षित घर तीन मंजिला घर था तथा यह कदम गंभीर खतरे से खाली नहीं था क्योंकि आतंकवादी प्रभुत्व वाली स्थिति में थे। विजय सिंह ने अपने साथी हेड कांस्टेबल विष्णु सिंह के साथ उनकी गतिविधि का पता लगाने के लिए लक्षित घर पर कुछ गोलियां चलाई, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। इसी बीच, देवेंद्र कुमार, सेकंड-इन-कमांड तथा उनके साथी एज़ाज अहमद भट ने भी पश्चिम की ओर लक्षित घर के पास वाले घर के भू-तल पर मोर्चा संभाल लिया था।

लगभग 0830 बजे, देवेंद्र कुमार ने लक्षित घर के अंदर कुछ गतिविधि देखी तत्काल सभी दलों को सूचित किया। वे और उनके साथी कांस्टेबल एज़ाज अहमद भट आतंकवादियों को उलझाने के लिए रेंगते हुए लक्षित घर की तरफ आगे बढ़े। इस गतिविधि को देखकर, आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी और लगभग 1030 बजे बड़े पैमाने पर लड़ाई शुरू हो गई। तथापि, देवेंद्र कुमार तथा उनके साथी एज़ाज अहमद भट उससे भयभीत नहीं हुए तथा भारी गोलीबारी के बीच बड़ी चतुराई से लक्षित घर की तरफ आगे बढ़ते रहे। आतंकवादी निरंतर गोली चलाते रहे, परंतु सुरक्षा बलों का ध्यान भटकाने तथा भाग निकलने के लिए वे अपनी जगह भी तेजी से बदल रहे थे। अचानक, भीषण लड़ाई के बीच आतंकवादियों ने अपने हथियार विजय सिंह, सहायक कमांडेंट और उनके साथी विष्णु सिंह की तरफ घुमा दिए। उन्होंने बिना भयभीत हुए गोलीबारी से तुरंत जवाब दिया तथा खिड़की से बाहर कूदने का प्रयास कर रहे आतंकवादियों के भागने की कोशिश को विफल कर दिया। इस नाजुक घड़ी में, देवेंद्र कुमार, सेकंड-इन-कमांड और उनके साथी कांस्टेबल एज़ाज अहमद भट ने कुशल रणनीतिक समझ एवं सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए रणनीतिक रूप से अपना स्थान बदला तथा लक्षित घर से ठीक 10 मीटर की मारक दूरी के अंदर चले गए और उन खिड़कियों को अवरूद्ध कर दिया जहां से आतंकवादी सैन्यटुकड़ियों पर गोलीबारी कर रहे थे। चूंकि आतंकवादी एक बहुत ही मजबूत किलेबंद तीन मंजिला इमारत में थे, इसलिए उन पर गोलीबारी का वस्तुत: कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अत:, रणनीति बदलते हुए, श्री विजय सिंह और उनके साथी हेड कांस्टेबल विष्णु सिंह ने लक्षित घर में कुछ मोलटोव काकटेल्स फेंके जिसके परिणामस्वरूप लक्षित घर के भू-तल में आग लग गई तथा उसका धुंआ दूसरी मंजिल तक उठने लगा।

लगभग 1115 बजे आतंकवादियों ने भागने का एक अंतिम प्रयास किया। सैन्यटुकड़ियों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए वे लक्षित घर के विभिन्न निकास स्थलों से बाहर निकले तथा मुख्य द्वार की ओर भागे। देवेंद्र कुमार तथा एज़ाज अहमद भट अपनी स्वयं की सुरक्षा से बेपरवाह तथा सारी सावधानियों को ताक पर रखते हुए आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के सामने आ गए तथा उनमें से एक को निष्क्रिय कर दिया। विजय सिंह तथा उनके साथी विष्णु सिंह, जिन्होंने स्वयं बहुत रणनीतिक रूप से मोर्चा संभाल रखा था, अवसर को गंवाना नहीं चाहते थे तथा अचूक निशाना लगाते हुए दूसरे आतंकवादी को निष्क्रिय कर दिया, बाद में जिसकी पहचान फैजान मुजफ्फर भट उर्फ उमाएरा के तौर पर की गई जिसने त्राल में 04 मार्च, 2017 को सीआरपीएफ की एक यूनिट से 5.56 एमएम की एक इंसास राइफल छीनी थी। मारे गए आतंकवादी से लूटे गए हथियार भी बरामद किए गए। मारे गए दूसरे आतंकवादी की पहचान सबजार अहमद भट उर्फ सबा डॉन उर्फ जरार पुत्र गुलाम हसन भट निवासी रथसुन, त्राल पुलिस स्टेआशन त्राल हिजबुल मुजाहिदीन संगठन के रूप में की गई। वह एक ए++ श्रेणी का आतंकवादी था जिस पर 12.5 लाख रूपये का नकद इनाम रखा गया था। वह वर्ष 2015 से सक्रिय था तथा बुरहानउद्दीन वानी के खात्मे के बाद हिजबुल मुजाहिदीन के शीर्ष कमांडरों में से एक था। फैजान मुजफ्फर भट उर्फ उमाएरा पुत्र मुजफ्फर अहमद भट त्राल का निवासी था। मारे गए आतंकवादियों में से एक एके-47 असॉल्ट राइफल, एक 5.56 इंसास राइफल, एके-47 की दो मैगजीन, इंसास राइफल की चार मैगजीनें तथा समरूप गोलाबारूद भी बरामद किए गए।

इस अभियान में, श्री देवेंद्र कुमार, सेकंड-इन-कमांड तथा विजय सिंह, सहायक कमांडेंट, 180 बटालियन सीआरपीएफ ने सैनिकों के सच्चे नायक के रूप में सामने से नेतृत्व किया तथा कुशल रणनीतिक मूल्यांकन, असाधारण पराक्रम एवं अदम्यी साहस का प्रदर्शन किया और अपने साथियों को अत्यधिक विषम परिस्थितियों में भी उन्हें दी गई जिम्मेदारी के प्रति अडिग रहने के लिए प्रेरित किया। इसके परिणामस्वरूप, उन्होंने दोनों आतंकवादियों को निष्क्रिय करने की चुनौती को संयुक्त रूप से समाप्त किया। बल संख्या 991370898 हेड कांस्टेबल विष्णु सिंह तथा बल संख्या 085340215 कांस्टेबल एज़ाज अहमद भट, 180 बटालियन सीआरपीएफ ने भी अपने कमांडरों को निराश नहीं किया और उन पर किए गए विश्वास पर वे खरे उतरे। उन्होंने, स्पष्ट आसन्न खतरे के समक्ष उत्कृष्ट कोटि की प्रतिबद्धता, उत्तरदायित्व की भावना बोध एवं असाधारण साहस का प्रदर्शन किया तथा यह सुनिश्चित किया कि चुनौती का डट कर मुकाबला करें तथा आतंकवादियों को निष्क्रिय कर दिया।

इस अभियान में, सर्व/श्री देवेंद्र कुमार, सेकंड-इन-कमांड, विजय सिंह, सहायक कमांडेंट, बिष्णु सिंह, हेड कांस्टेबल तथा एज़ाज अहमद भट, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.05.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 156-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	राजेश कुमार, कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
02.	संजय कुमार, उप कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार)
03.	राजेश कुमार बर्नेला, सहायक कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04.	संदीप सिंह, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05.	श्री रंजन कुमार साह, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
06.	नज़ीर अहमद, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

14 जुलाई, 2017 को लगभग 1530 बजे, जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले में थाना त्राल के अंतर्गत सतूरा गांव में वान्तिवन पर्वतमाला के वान्तिवन चोटियों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन के खूंखार आतंकवादी के छिपने के संदिग्ध ठिकाने के बारे में अवन्तीपोरा के एसएसपी से विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। वान्तिवन चोटी समुद्र तल से 2405 मी. ऊपर स्थित है। लक्षित क्षेत्र की 65 डिग्री ढलान, सुरक्षा बलों के लिए एक चुनौती थी क्योंकि दुश्मन प्रभावशाली स्थिति में था तथा आती हुई सैन्यटुकड़ियों को दूर से ही देख सकता था। लक्षित क्षेत्र, त्राल से 20 कि.मी. की दूरी तथा रोड-हेड से लगभग 2 कि.मी. की दूरी पर त्राल-अरीपाल-सतूरा-जुहीस्थान सड़क पर त्राल के उत्तर में अवस्थित था।

भू-भाग की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, श्री राजेश कुमार, कमांडेंट, 180 बटालियन, सीआरपीएफ द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) की योजना बनाई गई। यह जंगल युद्ध की रणनीति में मिले प्रशिक्षण को प्रभावकारी ढंग से अमल में लाने का एक अवसर था। तदनुसार, 15 जुलाई को लगभग 0330 बजे पौ फटने के ठीक पहले, सीआरपीएफ, 42 आरआर तथा सिविल पुलिस के संयुक्त बलों द्वारा क्षेत्र की घेराबंदी की गई। तत्पश्चात, 'ए' कंपनी, 180 बटालियन की क्विक एक्शन टीम (क्यूएटी), डी/42 आरआर तथा सिविल पुलिस की पार्टी से बना एक तलाशी दल, रणनीतिक रूप से लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ा। विगत रात की निरंतर बारिश ने चढ़ाई को और भी अधिक फिसलन भरा एवं कठिन बना दिया। परंतु, सभी विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए सुरक्षा बल लगभग 0645 बजे लक्षित क्षेत्र में पहुंचने में सफल रहे।

श्री संजय कुमार, उप-कमांडेंट, 180 बटालियन ने श्री राजेश कुमार, कमांडेंट के साथ यथोचित रूप से विचार-विमर्श करने तथा त्वरित रूप से मोर्चा संभालने की आवश्यकता को भांपते हुए तथा आतंकवादियों द्वारा अपनी सुबह की गतिविधियां शुरू करने से पहले, सैन्यटुकड़ियों को छिपने के संदिग्ध ठिकाने, जो कि वान्तिवन चोटी के ऊपर एक प्राकृतिक गुफा थी, के आसपास तैनात कर दिया। इस गुफा के पीछे एक बड़ी चट्टान थी, जो उस तरफ घेरा डालने के प्रयासों को वस्तुत: असंभव बन रही थी; अत: 'यू' आकार की घेराबंदी की गई। श्री राजेश कुमार, कमांडेंट ने अपने साथी कांस्टेबल रंजन कुमार साह के साथ स्वयं को लगभग सीधी ढलान के थोड़ा नीचे तैनात कर दिया। गुफा के सामने कोई प्राकृतिक आड़ न होने के कारण सैन्यटुकड़ियों को आगे बढ़कर गुफा के मुहाने के नजदीक जाने में और बाधा उत्पन्न हो रही थी।

लगभग 0750 बजे, दो नवयुवक अपने चारों तरफ घेराबंदी से पूर्णत: अनभिज्ञ होकर गुफा के मुहाने पर आए। सैन्यटुकड़ियों ने यह पता लगाने के लिए कि वे आतंकवादी हैं या स्थानीय चरवाहे, उन्हें चुनौती दी। उस चुनौती का जवाब गोलियों की बौछार से मिला। उनमें से एक भागने का प्रयास करने के दौरान क्यूएटी मोर्चाबंदी पर गोली चलाते हुए ढलान पर नीचे दौड़ रहा था। स्वयं को पूर्णत: घिरा

हुआ पाकर, उसने हताशा में हाथ में हथगोला लेकर घेराबंदी की तरफ आने का प्रयास किया तथा सैन्यटुकड़ियों को आतंकित करने के उद्देश्य से गालियां दे रहा था। चूंकि श्री राजेश कुमार ने अपने साथी कांस्टेबल रंजन कुमार साह के साथ अत्यंत रणनीतिक रूप से पोजिशन ले रखी थी, इसलिए वे आतंकवादी की गतिविधि पर बारीकी से नजर रख सकते थे। यह भांपते हुए कि आतंकवादी गंभीर क्षति पहुंचाने में सक्षम है, राजेश कुमार, कमांडेंट सच्चे अर्थों में एक नायक की तरह असाधारण सूझबूझ दिखाते हुए स्वयं को इस हद तक सामने लाए कि उन उन्हें स्पष्ट नजर आने लगा, उन्होंने सटीक गोलीबारी की तथा आतंकवादी को वहीं पर ढेर कर दिया।

गुफा में फंसे शेष आतंकवादी यूबीजीएल तथा छोटे हथियारों से निरंतर भारी गोलीबारी करते रहे। बिना उचित आड़ के गुफा के पास जाना गंभीर जोखिम एवं खतरे से भरा हुआ था। बिना डरे, श्री राजेश कुमार बर्नेला, सहायक कमांडेंट 180 बटालियन, जो गुफा के सामने थोड़ी दूरी पर मोर्चा संभाले हुए थे, यूबीजीएल तथा अन्य आग्नेयास्त्रों से गुफा पर हमला करते रहे और इस प्रकार, आतंकवादियों के बचकर भागने के प्रयास को विफल कर दिया।

लगभग 1300 बजे, पांच घंटे तक चली लम्बी गोलाबारी के बाद, अभियान की निगरानी कर रहे आरआर के सेक्टर कमांडर ने सैन्य टुकड़ियों को बिना समय गंवाए छिपने के ठिकाने की ओर बढ़ने का आदेश दिया, क्योंकि उनकी राय थी कि अंतिम हमला करने में कोई और विलम्ब करने से आतंकवादियों को अंधेरा होने पर भागने का अवसर मिल सकता है। श्री राजेश कुमार, कमांडेंट ने इस मुद्दे पर अपनी असहमति व्यक्त की तथा सेक्टर कमांडर को सूचित किया कि पर्याप्त आड़ के अभाव में यह कदम खतरनाक साबित हो सकता है क्योंकि आतंकवादी प्रभावशाली स्थिति में थे। उन्होंने एक वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव किया जो उन्हें छिपने के ठिकाने के काफी करीब ले जाएगा। तत्पश्चात, उन्होंने सलाह दी कि आंसू गैस तथा ग्रेनेड की मदद से धुंआ करके आतंकवादियों को बाहर निकाला जाए। सेक्टर कमांडर श्री संजय कुमार द्वारा इस योजना की प्रशंसा की गई तथा इसे सहजता से लिया गया और उन्होंने इस हमला दल का स्वेच्छा से नेतृत्व करने की इच्छा व्यक्त की, जिसे 180 बटालियन के कमांडेंट द्वारा प्रस्तावित अत्यधिक चुनौतीपूर्ण एवं कठिन मार्ग अपनाकर चोटी के शीर्ष पर भारी किलाबंद छिपने के लिए ठिकाने को नष्ट करने का कार्य सौंपा गया था। सीआरपीएफ, 42 आरआर तथा एसओजी (जेकेपी) के कुल 12 जवानों से बने इस हमला दल का नेतृत्व श्री संजय कुमार, उप कमांडेंट ने किया और वे रस्सी तथा अन्य पर्वतारोहण उपकरण की सहायता से चोटी पर धीरे-धीरे ऊपर की ओर बढ़ते गए तथा छिपने के ठिकाने के पीछे पहुंच गए। उन्होंने अत्यधिक विस्मय बनाए रखते हुए चतुराई से मोर्चा संभाल लिया। तत्पश्चात, संजय कुमार अपने साथी कांस्टेबल संदीप सिंह के साथ गुफा की तरफ सतर्कतापूर्वक रेंगते हुए गए। कोई भी गलत कदम उनकी मौत की घंटी बजा देता, लेकिन वे सफलता के लिए कृतसंकल्प थे और इस तरह धैर्यपूर्वक आगे बढ़े। जब वे उचित मारक दूरी पर थे, तो संजय कुमार ने अपने साथी कांस्टेबल संदीप सिंह को गुफा के अंदर आंसू गैस छोड़ने का निर्देश दिया ताकि आतंकवादियों को अपने छिपने के ठिकाने से बाहर निकलने के लिए बाध्य किया जा सके। संदीप सिंह रेंगते हुए और आगे गए तथा गुफा के मुहाने के नजदीक पहुंच गए और गुफा के दायीं तरफ मुहाने से 10 मीटर की दूरी पर स्थित चट्टान के पीछे मोर्चा संभाल लिया। तत्पश्चात संदीप गुफा में आंसू गैस के गोले छोड़ने लगे। यह अभिनव रणनीति फलीभूत हुई जब गुफा में आंसू गैस के गोले छोड़ने के लगभग 15 मिनट के बाद दो आतंकवादी पत्थर से बनी दीवार के पीछे आए और संजय कुमार, उप कमांडेंट एवं उनके साथी संदीप सिंह की ओर गोली चलाने लगे। चतुराई से चट्टान की आड़ लेते हुए, उन्होंने गोलीबारी का जवाब दिया। संजय कुमार ऐसी स्थिति के लिए नए नहीं थे और विगत में भी कई बार आतंकवादियों के प्रचंड हमले का दृढ़ता और जोश के साथ सामना किया था जिससे उन्हें उनके शौर्य के लिए पुरस्कार प्राप्त हुए थे। अपने दुश्मन की ओर से गोलीबारी की बौछार से विचलित हुए बिना, उन्होंने सावधानीपूर्वक निशाना साधा और जवाबी गोलीबारी की। वे उनमें से एक को मारने में कामयाब रहे, जिससे दूसरा आतंकवादी गुफा में वापस जाने के लिए मजबूर हो गया। लेकिन उन्होंने पुन: अपना स्थान बदला और गुफा में आंसू गैस के गोले छोड़े। यह महसूस करते हुए कि अधिकारी गुफा के काफी नजदीक आ गए हैं, गुफा के अंदर छिपे आतंकवादी ने हथगोला फेंका, जिससे बाहर विस्फोट हुआ, जिसमें संजय बाल-बाल बच गए लेकिन स्प्लिंटर से उनका घुटना जख्मी हो गया। परंतु वे इस इस तरह के व्यक्ति नहीं थे कि काम बीच में ही छोड़ देते। अदम्य दृढ़संकल्प, मजबूत इरादा और अड़िग प्रतिबद्धता दिखाते हुए संजय कुमार अपने मोर्चे पर डटे रहे। इस समय तक टीम के आंसू गैस का गोलाबारूद(टीएसएम) समाप्त हो चुका था और उन्होंने आंसू गैस के और अधिक गोलाबारूद की मांग की। श्री राजेश कुमार बर्नेला, सहायक कमांडेंट ओर उनके साथी कांस्टेबल नज़ीर अहमद एवं कांस्टेबल संजय कुमार साह को टीएसएम के साथ आगे बढ़ने के लिए कहा गया। सभी तीनों रणनीतिक रूप से आगे बढ़े और गुफा के मुहाने तक पहुंच गए। श्री राजेश कुमार बर्नेला ने एक ऊंची चट्टान पर मोर्चा संभाल लिया और गुफा के मुहाने को कवर कर दिया। तत्पश्चात उन्होंने कांस्टेबल नज़ीर अहमद को छिपने के ठिकाने के अंदर आंसू गैस के कुछ गोले दागने का निर्देश दिया। ऐसी स्थिति में, छिपने के ठिकाने के सामने वाले भाग को कवर करने के लिए, कांस्टेबल रंजन कुमार साह को छिपने के ठिकाने के सामने थोड़ी दूर पर स्थित पेड़ के नजदीक मोर्चा संभालने का निर्देश दिया गया। कांस्टेबल रंजन कुमार साह ने अपनी उम्र से अधिक असाधारण परिपक्वता, अटल प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए तथा अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना अपने निर्धारित स्थान पर मोर्चा संभाल लिया। आतंकवादियों ने उनकी गतिविधियां देख लीं और उनकी दिशा में गोलीबारी की, लेकिन राजेश कुमार बर्नेला ने प्रभावकारी ढंग से जवाबी गोलीबारी करके उन्हें पीछे खदेड़ दिया। मौके का फायदा उठाते हुए,

रंजन कुमार साह ने गुफा के अंदर यूबीजीएल के 04 राउंड दागे, लेकिन गुफा के टेढ़े-मेढ़े ढांचे के कारण इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इसलिए कांस्टेबल रंजन कुमार साह, आरआर के मेजर शक्ति सिंह के साथ छिपने के ठिकाने के नजदीक पहुंचे और यूबीजीएल की सहायता से गुफा में लगभग 20 मी. की दूरी से और अधिक ग्रेनेड फेंके। इसके जवाब में आतंकवादी ने गुफा से एक हथगोला फेंका जो फट गया और धूल एवं धुंए का गुबार उठने से सैन्यटुकड़ियों को कुछ दिखाई नहीं दिया। इस अफरातफरी का फायदा उठाते हुए, एक आतंकवादी राजेश कुमार बर्नेला एवं उसके साथी कांस्टेबल नज़ीर अहमद की ओर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए गुफा से बाहर भागा। अपनी सुरक्षा को पूरी तरह धता बताते हुए तथा सारी सावधानियों को ताक पर रखकर अपने कवर से बाहर निकलते हुए राजेश कुमार, सहायक कमांडेंट, उनके साथी कांस्टेबल नजीर अहमद एवं कांस्टेबल रंजन कुमार साह ने एक साथ गोलीबारी की और गुफा के बाहर लगभग 5 मीटर की दूरी पर आतंकवादी को निष्क्रिय कर दिया। यह पता लगाने के लिए कि कोई और आतंकवादी गुफा के अंदर छिपे हुए नहीं हैं, कांस्टेबल रंजन कुमार साह द्वारा गुफा के अंदर यूबीजीएल के कुछ और गोले दागे गए लेकिन इसका कोई जवाब नहीं मिला। लगभग 1745 बजे, अभियान को अंजाम तक पहुंचाने के लिए तलाशी दल आगे बढ़ा। रंजन कुमार साह, एसओजी के जवानों के साथ तलाशी दल को कवर फायर देते रहे। 12 घंटे से अधिक समय तक चले इस अभियान से जेईएम के 3 कट्टर आतंकवादियों का खात्मा हुआ। बाद में तलाशी के दौरान, यह पाया गया कि गुफा की कुल लम्बाई लगभग 45 फुट थी तथा इसका आकार वक्रीय था और इसके विशिष्ट आकार एवं विशेष आकृति के कारण समतल प्रक्षेप पथ के हथियार एवं अस्त्र प्रभावकारी साबित नहीं हुए। आंसू गैस के गोलों और ग्रेनेडों का प्रभावकारी प्रयोग पासा पलटने वाला साबित हुआ। मारे गए आतंकवादियों की पहचान, हसन भाई श्रेणी 'क' जेईएम तथा निवासी पाकिस्तान, परवेज अहमद पुत्र गुलाम कादिर मीर, श्रेणी 'ग' जेईएम, निवासी पुहू, काकापुरा, पुलवामा और मुख्तार अहमदलोन, श्रेणी 'ग' जेईएम, पुत्र मोहम्मद अकरम लोन, निवासी गांव अमीराबाद, त्राल पुलवामा के रूप में की गई। सैन्यटुकड़ियों ने 03 ए.के. राइफलें, 14 एके मैगजीन, एके 47 के 80 राउंड, 01 यूबीजीएल, 06 यूबीजीएल राउंड, एंटीना के साथ 01 वायरलेस सेट एवं गोलाबारूद के थैले भी बरामद किए गए। यह भी पता चला कि ये आतंकवादी त्राल में जून, 2017 के महीने में 180 बटालियन सीआरपीएफ एवं 42 आरआर के कैम्प पर हुए हमले के लिए भी जिम्मेदार थे।

इस अभियान में, सर्व/श्री राजेश कुमार, कमांडेंट, संजय कुमार, उप कमांडेंट, राजेश कुमार बर्नेला, सहायक कमांडेंट, संदीप सिंह, कांस्टेबल, रंजन कुमार साह, कांस्टेबल और नज़ीर अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15.07.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 157-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. राज कमल बर्धन,
सहायक कमांडेंट

02. गायकवाड़ आशीष भास्कर,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलवामा जिले का काकापोरा गांव, जुलाई, 2016 में शीर्ष आतंकवादी लीडर के मारे जाने के बाद अपने पुनरूत्थान के समय से दक्षिण कश्मीर में आतंकवाद का अड्डा बन गया है। अब यह लश्करे तैयबा के एक मजबूत गढ़ के रूप में विकसित हो गया है। हाल ही में, यह गांव जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कट्टर आतंकवादियों को शरण देता रहा है। लश्करे तैयबा का ओजीडब्ल्यू नेटवर्क गांव में बहुत मजबूत है तथा कई अवसरों पर शरारती तत्वों/आतंकवादियों के हमदर्दों द्वारा भारी पत्थरबाजी के कारण काकापोरा में लश्करे तैयबा के आतंकवादियों के विरूद्ध अभियान असफल हुए हैं।

21 जून, 2017 को लगभग 1715 बजे, एसएसपी पुलवामा ने पुलवामा जिले के काकापोरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत न्यू कालोनी, काकापोरा में लश्करे तैयबा के 2 या 3 आतंवादियों की मौजूदगी के बारे में एक सूचना सीआरपीएफ की 182 एवं 183 बटालियनों के कमांडरों तथा 50 आरआर के साथ साझा की गई। एक संयुक्त अभियान की योजना बनाई गई तथा शुरूआती ब्रीफिंग के बाद, संयुक्त बल उक्त गांव की ओर चल पड़ा। श्री राज कमल बर्धन, सहायक कमांडेंट, 183 बटालियन सीआरपीएफ की कमान में 183 बटालियन की डी कंपनी मेजर कार्तिकेय मनराल (आईसी- 72229पी) की कमान में 50 आरआर तथा श्री सतीश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की कमान में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) काकापोरा के संयुक्त सैन्य दलों द्वारा लगभग 15 संदिग्ध घरों के चारों ओर घेराबंदी कर दी गई। तत्पश्चात, सीआरपीएफ, सेना तथा सिविल पुलिस के अतिरिक्त दलों द्वारा घेराबंदी को और मजबूत किया गया।

बाहरी और भीतरी घेराबंदी पूरी तरह लगाने के बाद, तलाशी के लिए छह संदिग्ध बहुमंजिला घरों की पहचान की गई। घरों के ये समूह बहुत नजदीक स्थित थे और बाउंड्री की सामान्य दीवार से एक दूसरे से जुड़े हुए थे। तदनुसार, श्री राज कमल बर्धन की कमान में 183 बटालियन की डी कंपनी की क्विक एक्शन टीम (क्यूएटी) तथा मेजर कार्तिकेय मनराल की कमान में 50 आरआर को मिलाकर एक संयुक्त तलाशी दल बनाया गया। अपने को गंभीर खतरे में डालते हुए, अधिकारियों के अलावा 4 कार्मिकों से बने तलाशी दल ने चार संदिग्ध घरों की तलाशी पूरी की थी तथा पांचवें घर के भू-तल की युक्तिपूर्वक छानबीन की। जैसे ही दल युक्तिपूर्वक प्रथम तल की ओर बढ़ा, प्रथम तल से दल के ऊपर गोलियों की बौछार शुरू हो गई। 50 आरआर के मेजर कार्तिकेय मनराल के दाहिने कंधे में गोली लगी और वे गिर गए। श्री राज कमल बर्धन अपने साथी-युगल बल सं. 115258242 कांस्टेबल गायकवाड़ आशीष भास्कर, 183 बटालियन के साथ, जो मेजर के साथ थे, तुरंत घायल मेजर कार्तिकेय मनराल के बायीं ओर बढ़े और अपनी जान को गंभीर खतरे में डालते हुए आतंकवादी पर गोली चलाई और उन्हें प्रथम तल पर जाने के लिए बाध्य कर दिया। अपने घायल साथी के प्रति सच्चा भाईचारा एवं वास्तविक चिंता दर्शाते हुए, राज कमल बर्धन एवं उनके साथी गायकवाड़ आशीष दोनों ने स्वयं को गंभीर खतरे में डालते हुए 50 आरआर के मेजर कार्तिकेय मनराल को निकाल कर सुरक्षित स्थान पर ले आए।

मेजर कार्तिकेय को सुरक्षित स्थान पर निकाल लाने के बाद, राज कमल बर्धन एवं कांस्टेबल गायकवाड़ आशीष वापस चले गए और अपनी रणनीति बदलते हुए पास के घर की ओर बढ़े क्योंकि वहां से वे आतंकवादियों द्वारा भागने का प्रयास करने पर उनके ऊपर पैनी नजर रख सकते थे। तथापि, जब राज कमल बर्धन और गायकवाड़ आशीष पास के घर की ओर बढ़ रहे थे, तो आतंकवादियों ने गोलियों की दूसरी बौछार शुरू कर दी। वे दोनों चमत्कारिक ढंग से बच गए। घर पहुंचने पर, उन्हें सिविलयन मिले। यह अच्छी तरह से जानते हुए कि सुरक्षा बल घर में मौजूद हैं, आतंकवादियों ने घर पर गोलीबारी जारी रखी। सिविलियनों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के बाद, उन दोनों ने घर के प्रथम तल पर युक्तिपूर्वक मोर्चा संभाल लिया ताकि आतंकवादी को भागने से रोका जा सके क्योंकि भागने का केवल एक ही रास्ता था और इस बात की कमोबेश पुष्टि हो गई थी कि आतंकवादी केवल उस विशिष्ट घर में मौजूद है।

बल, घर पर यूबीजीएल और एमजीएल से तब तक गोलीबारी करते रहे, जब तक उसमें आग लगकर लपटे नहीं निकलने लगीं। अगले दिन लगभग 0100 बजे आग बुझाने के बाद, बलों द्वारा लक्षित घर की संयुक्त रूप से तलाशी ली गई। तीन आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। आतंकवादियों की पहचान माजिद मीर पुत्र अब्दुल हमीद मीर श्रेणी 'क', शाकिर अहमद पुत्र बशीर अहमद, श्रेणी 'ख', निवासी काकापोरा, पुलवामा तथा इरशाद अहमद डार पुत्र मोहम्मद सुल्तान डार निवासी पडगामपोरा, अवन्तीपुरा श्रेणी 'ग' के रूप में की गई। ये सभी लश्करे तैयबा आतंकवादी संगठन के थे। सैन्य दल ने एक एके 56 असॉल्ट राइफलें, 03 एके-56 मैगजीनें तथा मैगजीन के साथ एक टी-65 पिस्टल भी बरामद की।

उक्त अभियान में, श्री राज कमल बर्धन, सहायक कमांडेंट और उनके साथी कांस्टेबल गायकवाड़ आशीष ने असाधारण पहल तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए कमरे में प्रवेश करने वाले दल का हिस्सा बनने की इच्छा जताई। जब मेजर कार्तिकेय अपना जोखिम भरा काम करने के दौरान गोली लगने से घायल हो गए, तो दोनों ने सौहार्द, भाईचारे की भावना एवं असाधारण साहस का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी पर तत्क्षण गोली चलाकर उसे पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया और अपने साथी की बहुमूल्य जान बचाई तथा जोखिम उठाते हुए उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और साथ ही फंसे हुए नागरिकों को भी सुरक्षित बचा लिया। तत्पश्चात, आसन्न खतरे से भयभीत हुए बिना, सहायक कमांडेंट राज कमल बर्धन अपने साथी कांस्टेबल गायकवाड़ आशीष के साथ पास के भवन, जिस पर आतंकवादी निरंतर गोलीबारी कर रहे थे, में मोर्चा संभाला तथा आतंकवादियों को भागने से रोक दिया। यह बिना किसी संपार्श्विक नुकसान के एक सफल अभियान था, जो अभियान चलाने वाले बलों के बीच सामंजस्य एवं तालमेल का द्योतक है।

इस अभियान में, सर्व/श्री राज कमल बर्धन, सहायक कमांडेंट तथा गायकवाड़ आशीष भास्कर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21.06.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 158-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. श्री अजय राठी,
सहायक कमांडेंट

02. अनिल सिंह राणा,
कांस्टेबल

03. एफ. कांता सिंघा,
कांस्टेबल

04. संजय कुमार राय,
कांस्टेबल

05. रूवंगशेल बुंगसोंग,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

डीआईजीपी (ऑप्स) उत्तरी श्रीनगर से सूचना प्राप्त होने पर, श्री अजय राठी, सहायक कमांडेंट, 144 बटालियन की कमान में अपर एस.जी., (एसओजी) श्रीनगर तथा जोनल क्यूएटी (25 कार्मिक) द्वारा दिनांक 05.12.2014 को 0900 बजे एसओजी (कार्गो) के क्षेत्र में एक अभियान की योजना बनाई गई और इसे आरंभ किया गया। श्री अजय राठी की कमान में जोनल क्यूएटी ने एसओजी की टीम के साथ अवन्ता भवन के सामने 90 फीट पर की सड़क एक रणनीतिक नाका डाल दिया।

लगभग 1345 बजे, जब सैन्य टुकड़ियां रास्ते पर आवाजाही की सतर्कतापूर्वक जांच कर रही थीं, तभी अचानक 02 सशस्त्र आतंकवादी आतंकवादी सामने आए और अपने स्वचालित हथियारों से सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्यटुकड़ियां इस आकस्मिक हुई गोलियों से बाल-बाल बचे क्योंकि ये उनके बिल्कुल नजदीक से गुजर गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए, जोनल क्यूएटी तथा एसओजी ने जवाबी गोलीबारी की और आतंकवादियों को अवन्ता भवन के बगल वाली गली की ओर भागने के लिए मजबूर कर दिया। जोनल क्यूएटी कमांडर, श्री अजय राठी, सहायक कमांडेंट ने आतंकवादियों के इरादे को भांप लिया और अपनी टीम के साथ उनका पीछा किया। सुरक्षा बलों को अपने पीछे आता हुआ देख कर, आतंकवादियों ने गली के मोड़ पर मोर्चा संभाल लिया और आगे बढ़ रही सैन्यटुकड़ियों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे उनका आगे बढ़ना मुश्किल हो गया।

आतंकवादी सुरक्षा बलों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए भारी गोलीबारी कर रहे थे ताकि उन्हें उस क्षेत्र से भागने का समय मिल सके। तथापि, श्री अजय राठी, सहायक कमांडेंट तथा उनके शूरवीर उन्हें भागने देने के मूड में नहीं थे। इस दुर्लभ अवसर का फायदा उठाते हुए, श्री अजय राठी, सहायक कमांडेंट ने आगे बढ़ने और आतंकवादियों को चुनौती देने का निर्णय लिया। भारी गोलीबारी के बीच, वे सं. 060065153 सीटी/जीडी संजय कुमार राय तथा सं. 095150384 सीटी/जीडी आर. बुंगसोंग के साथ आगे बढ़े और एचसी/जीडी पी सेंगर, सीटी/जीडी ज्ञानेंद्र कुमार तथा सीटी/जीडी श्रवण कुमार को कवर फायर देने का निर्देश दिया। घातक खतरे को धता बताते हुए, श्री अजय राठी, सहायक कमांडेंट अपने दो शूरवीरों के साथ तेजी से आतंकवादियों की ओर बढ़े। उक्त तीनों को अपनी तरफ आते देख कर, आतंकवादियों ने गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी और उनकी गतिविधि को रोकने के लिए ग्रेनेड भी फेंके। तथापि, कोई भी बाधा एवं खतरा उक्त तीनों के हौसले को डिगा नहीं पाया। कठिनाइयों को दरकिनारे करते हुए, वे तीनों आगे बढ़े और सटीक गोलीबारी से आतंकवादियों पर हमला बोल दिया और गली के अंत में एक आतंकवादी को ढेर कर दिया।

सुरक्षा बलों की साहसिक कार्रवाई ने आतंकवादियों के बुरे मंसूबों को नाकाम कर दिया क्योंकि उन्हें भागने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाया और इसलिए अन्य आतंकवादियों ने आसपास के भवनों में शरण ले ली। छिपे आतंकवादी की तलाश करने के लिए, टीम कमांडर ने दो दल बनाए और क्षेत्र लगभग 4 घंटों तक आसपास के क्षेत्र एवं घरों में उनकी तलाशी शुरू कर दी। जब सुरक्षा बल गवर्नमेंट बॉयज मॉडल स्कूल के नजदीक पहुंचे, तो छिपे हुए आतंकवादी ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिसका सैन्यटुकड़ियों ने माकूल जवाब दिया।

आतंकवादी को भवन से बाहर निकालने के लिए सीटी/जीडी अनिल सिंह राणा, सीटी/जीडी एफ. कांता सिंह, सीटी/जीडी संजय कुमार राय तथा सीटी/जीडी आर. बुंगसोंग तथा एसओजी की सैन्यटुकड़ियों के साथ कमरे में दाखिल होने के लिए एक पार्टी बनाई गई और उसे भवन की तलाशी लेने का काम सौंपा गया। सर्वप्रथम, सैन्यटुकड़ियों ने स्कूल भवन, जहां आतंकवादी छिपा हुआ था, के समीपवर्ती क्षेत्र की पीछे की तरफ से घेराबंदी की ताकि आतंकवादी को बाहर निकलने से रोका जा सके। इसी बीच, आतंकवादी सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए एक समीपवर्ती गौशाला भवन में चले गए। आतंकवादी को घेरने के बाद, सैन्यटुकड़ियों ने आत्मसमर्पण करने की अपील की, इसी बीच, कवरिंग पार्टी की मदद से कमरे में दाखिल होने वाली पार्टी के 04 शूरवीरों ने गौशाला के समीप स्थित घर की दीवार के पीछे अपना मोर्चा संभाल लिया। सुरक्षा बलों की अपील पर का आतंकवादी ने उन पर भारी गोलीबारी से जवाब दिया। सक्रिय रूप से कार्रवाई करते हुए, सीटी/जीडी अनिल सिंह राणा, सीटी/जीडी एफ. कांता सिंह रेंगते हुए आतंकवादी की ओर गए तथा सीटी/जीडी संजय कुमार राय एवं सीटी/जीडी आर. बुंगसोंग के कवर फायर की सहायता से उनके निकट पहुंच गए। अपना धैर्य बनाए रखते हुए और अदम्य साहस प्रदर्शित करते हुए, उन्होंने आतंकवादी की ओर एक ग्रेनेड फेंका और उसके बाद सटीक गोलीबारी की। उक्त दोनों के द्वारा बिल्कुल पास से प्रचंड एवं अप्रत्याशित हमले ने आतंकवादी को हतप्रभ कर दिया तथा इससे पहले कि वह इस स्थिति का कोई जवाब दे पाता, उसे ढेर कर दिया गया।

भीषण गोलीबारी में, लश्करे तैयबा के दो आतंकवादी नामत: कारी असरार (जिला कमांडर (लश्करे तैयबा) पाक मूल के, जिस पर 5 लाख रूपये का इनाम था) और शहिदुल इस्लाम मलिक (लश्करे तैयबा) को सैन्य टुकड़ियों द्वारा ढेर कर दिया गया तथा मारे गए आतंकवादियों से 03 हथगोलों के साथ 02 एके 47 राइफले-02, एके 47 की 05 मैगजीन भी बरामद की गईं।

इस अभियान में, सर्व/श्री अजय राठी, सहायक कमांडेंट, अनिल सिंह राणा, कांस्टेबल, एफ. कांता सिंघा, कांस्टेबल, संजय कुमार राय, कांस्टेबल तथा रूवंगशेल बुंगसोंग, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.12.2014 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 159-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. पुष्पेंद्र कुमार,
कमांडेंट

02. अप्पामोनी रॉय,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन बासागुडा के अंतर्गत पुवर्ती, भट्टीगुडा और कोंडापल्ली गांवों के सामान्य क्षेत्र में 100-150 सशस्त्र सीपीआई (माओवादी) के साथ केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उईक की मौजूदगी के बारे में एक खुफिया सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, माओवादियों को पकड़ने के लिए श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट, 204 कोबरा द्वारा 03 दिन एवं 03 रात के लिए एक संयुक्त तलाशी एवं विध्वंस अभियान की योजना बनाई गई। उपर्युक्त क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध अभियान हमेशा से ही चुनौतीपूर्ण रहा है, फिर भी श्री पुष्पेंद्र कुमार,

कमांडेंट, 204 कोबरा ने माओवादियों को उनके गढ़ में ही चुनौती देने का साहस किया। उन्होंने इस कठिन काम के लिए 204 कोबरा की 4 टीमों तथा बासागुडा के एक पुलिस घटक को मिलाकर अपना दस्ता बनाया। अभियान की भावी चुनौतियों को भांपते हुए, श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट ने अभियान का नेतृत्व करने का निर्णय लिया।

सभी अवसरों एवं खतरों का आकलन करके, पार्टी कमांडर ने अपनी सैन्यटुकड़ियों के साथ आधार शिविर से दिनांक 15.11.2016 को लगभग 1930 बजे प्रस्थान किया। सैन्यटुकड़ियां गोपनीयता बनाए रखते हुए चांदनी रात में जंगल से होते हुए गांव के कच्चे रास्ते का उपयोग करके लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ते हुए पोलमपल्ली, कोंजर, टेकलगुडम तथा तमिलगुडा गांवों को पार कर गईं। दिनांक 17.11.2016 को लगभग 0600 बजे, जब सैन्यटुकड़ियां क्षेत्र की सावधानीपूर्वक तलाशी ले रही थीं, तो दल के स्काउट ने 40-50 सशस्त्र माओवादी कैडरों के एक गुप्त ठिकाने को देखा। उन्होंने तत्काल सैन्यटुकड़ियों को सतर्क कर दिया तथा अभियान के कमांडर श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट, जो टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे, को सूचना संप्रेषित कर दी। यह कमांडर के लिए एक महत्वपूर्ण समय था क्योंकि उन्होंने अंत में अपने लक्ष्य का पता लगा लिया था, जो उनके सामने था। उन्हें यह समझ में आ गया कि यही वह समय है जिसका वे लम्बे समय से इंतजार कर रहे थे, अर्थात माओवादियों को उनके ही गढ़ में हराना। एक भी पल गंवाए बिना पार्टी कमांडर श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट ने माओवादियों को दबोचने के लिए एक योजना तैयार की। उन्होंने अपनी सैन्यटुकड़ियों को 03 छोटे दलों में विभाजित कर दिया तथा पार्टी सं. 1 एवं 3 के पार्टी कमांडर को बचकर क्रमश: दायीं एवं बायीं ओर से भागने के मार्ग को अवरूद्ध करने का निर्देश दिया, जबकि माओवादियों का सामने से मुकाबला करने के लिए पार्टी सं. 2 को अपने पास रख लिया।

योजना के अनुसार, पार्टी सं. 1 एवं 3 गोपनीयता बरकरार रखते हुए सावधानीपूर्वक अपने संबंधित लक्ष्यों की ओर गुप्त रूप से आगे बढ़ी। इसी बीच, श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट ने गोपनीयता बरकरार रखते हुए एक उपयुक्त रणनीतिक पोजिशन लेने के लिए माओवादियों के यथासंभव नजदीक पहुंचने का निर्णय लिया। यह एक साहसिक कार्य था, क्योंकि एक भी गलती भारी हथियारों से लैस माओवादियों का ध्यान आकर्षित कर सकती थी, जो आगे बढ़ रही सैन्यटुकड़ियों के लिए घातक हो सकता थी। तथापि, श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट ने एक कमांडर के स्वाभाविक धैर्य एवं साहस का प्रदर्शन करते हुए अपनी सैन्यटुकड़ियों का सामने से नेतृत्व किया और वे अपने साथी सीटी/जीडी अप्पामोनी रॉय के साथ रेंगते हुए माओवादियों के मोर्चे की ओर बढ़े। अपने धैर्य एवं जमीन पर मजबूत पकड़ को बरकरार रखते हुए, दोनों लोग माओवादियों के बहुत नजदीक पहुंच गए। साथी सैन्यटुकड़ी भी अपने कमांडर के पीछे आ रही थी और उनके पीछे मोर्चा संभाल लिया। अपनी सैन्यटुकड़ियों की मोर्चाबंदी सुनिश्चित करने के बाद, श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट ने माओवादियों को उनके समक्ष आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी। सुरक्षा बलों को अपने इतना करीब पाकर माओवादी एक बार हतप्रभ हो गए। तथापि, उन्होंने अगले ही पल स्थिति का सामना किया तथा आत्मसमर्पण के प्रस्ताव का मजाक उड़ाते हुए श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट की टीम की ओर गोलियों की बौछार शुरू कर दी। गोलियों की बौछार अपने लक्ष्य को भेदने से बाल-बाल चूक गई तथा माओवादियों की गोलीबारी की पहली तपिश से सैन्यटुकड़ियां चमत्कारिक ढंग से बच गईं।

त्वरित कार्रवाई करते हुए, श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट ने माओवादियों की गोलीबारी का जवाब दिया। शीघ्र ही उनके साथी कांस्टेबल अप्पामोनी रॉय भी अन्य सैन्यटुकड़ियों के साथ अपने कमांडर से जा मिले और माओवादियों के विरूद्ध जवाबी हमले को बढ़ाया। माओवादियों ने अति सुरक्षित स्थान के पीछे रणनीतिक स्थान पर मोर्चा संभल रखा था, जिसके कारण सुरक्षा बलों की गोलीबारी प्रभावकारी साबित नहीं हो रही थी। दूसरी ओर, माओवादी अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे तथा सुरक्षा बलों को मारने और उनके हथियार छीनने के लिए उन्हें घेरने की कोशिश कर रहे थे। यह स्थिति सुरक्षा बलों के विरूद्ध जा रही थी। माओवादियों के विरूद्ध साहसिक एवं निर्भीक जवाबी कार्रवाई समय की मांग थी। मौके पर खरा उतरते हुए, श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट ने अपना स्थान बदलने का निर्णय लिया, क्योंकि माओवादियों के अति सुरक्षित स्थान पर होने के कारण इस स्थान से गोलीबारी करना व्यर्थ जा रहा था। उन्होंने अपने स्थान से आगे एक जगह का पता लगाया जहां से वे माओवादियों पर प्रभावकारी ढंग से गोलीबारी कर सकते थे। लेकिन, यह कार्य तूफान में नाव चलाने जैसा होने वाला था। गोलीबारी की बौछार के बीच आगे बढ़ना एक घातक कदम था, फिर भी कमांडर ने मौत से डरने के बजाय गौरव एवं वीरता का चुनाव किया। उन्होंने अपनी निजी सुरक्षा को पूर्णत: दरकिनार करते हुए सामने से नेतृत्व किया तथा माओवादियों के नजदीक मारक स्थिति में पहुंचने के लिए प्रतिकूल परिस्थिति में अविश्वनीय रफ्तार से रेंगते हुए गए। गोलीबारी के बीच निर्भीक रूप से आगे बढ़ते हुए कमांडर ने स्वयं मोर्चा संभाल लिया तथा अपनी सटीक गोलीबारी से माओवादियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। इसी बीच, उनके साथी पीछे से उनके साथ शामिल हो गए तथा जवाबी हमले की तीव्रता को और भी बढ़ा दिया।

श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट के नेतृत्व में प्रचंड एवं साहसिक जवाबी कार्रवाई ने माओवादियों को स्तब्ध कर दिया। इससे पहले कि माओवादी इस झटके से उबर पाते, उन दोनों ने एक माओवादी को अपनी प्रभावकारी गोलीबारी से ढेर कर दिया। कमांडर एवं उनके साथी की साहसिक कार्रवाई ने उनके सहकर्मी सैन्यटुकड़ियों को उत्प्रेरित किया और उन्होंने भी माओवादियों पर ताबड़तोड़ हमला किया। इसी बीच, पार्टी सं. 1 और 3 भी घटना स्थल पर पहुंच गई और पार्टी सं. 2 के साथ मिलकर माओवादियों को घेरना शुरू कर दिया। अपने आपको घिरा हुआ तथा सुरक्षा बलों की प्रभावकारी गोलीबारी के हमले के दबाव में पाकर, माओवादियों ने कोई अन्य विकल्प न होने पर घने पेड़-पौधे तथा ऊबड़-खाबड़ स्थलाकृति का फायदा उठाते हुए भागना शुरू कर दिया।

भीषण गोलीबारी लगभग 30 मिनट तक जारी रही। मुठभेड़ के पश्चात तलाशी के दौरान, सैन्यटुकड़ियों ने सीपीआई(माओवादी) अर्थात मोचाकामासा, जनमिलिशिया सदस्य 01 शव के साथ एसबीएमएल राइफल-02, पाइप बम-02, डेटोनेटर-04, खाली केस-13 (एके-47-09, इंसास-04), बेयोनेट (चाकू)-01, पिट्ठू बैग-04, कम्बल-10, धनुष एवं बाण, मोबाइल फोन, नक्सल साहित्य/बैनर, 1910/- रुपये की नकद धनराशि तथा दैनिक उपयोग की अन्य विविध सामग्रियां भी बरामद की गईं। इस क्षेत्र में खून के बहुत से धब्बे भी देखे गए जो इस बात की ओर संकेत करते थे कि अन्य माओवादियों को भी गोलियां लगी हैं, लेकिन वे सभी भागने में सफल हो गए हैं। कथित तौर पर, दो घायल माओवादियों ने बाद में पामेड एवं धर्मवरम गांव में अपने जख्मों की वजह से दम तोड़ दिया।

आधार शिविर की ओर लौटते समय नक्सलियों ने सैन्यटुकड़ियों को मारने एवं माओवादी का शव को छीनने के लिए 3 भिन्न-भिन्न स्थानों पर हमला किया, लेकिन सैन्यटुकड़ियों की ठोस जवाबी कार्रवाई के कारण उन्हें अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ा। जब सैन्यटुकड़ियां गांव पोलमपल्ली के सामान्य क्षेत्र में थीं, तो एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे सीटी/जीडी अप्पामोनी रॉय ने 02 आईईडी देखी, जिसे घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। अच्छी सामरिक निगरानी, सतर्कता एवं सूझबूझ के कारण, सीटी/जीडी अप्पामोनी रॉय आईईडी का पता लगा सके और इस प्रकार से न केवल अप्रिय घटना घटित होने से बचा लिया, बल्कि अपने सहकर्मियों के बहुमूल्य जीवन को भी बचा लिया। मार्ग में सभी विषम परिस्थितियों पर काबू पाते हुए अभियान दल माओवादी के शव एवं बरामद सामग्रियों के साथ दिनांक 17.11.2016 को सकुशल बासागोडा आधार शिविर पहुंच गया।

अभियान के दौरान, श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट, 204 कोबरा ने अपने कार्मिकों की जिंदगी बचाने एवं कार्य को पूरा करने के लिए निश्चित मौत के सामने अपनी जान को जोखिम में डालते हुए असाधारण नेतृत्व क्षमता, अदम्य साहस एवं मनोबल का प्रदर्शन किया। माओवादियों के प्रबल आक्रमण से भयभीत हुए बिना अपने स्थान पर डटकर उन्होंने सामने से अपनी सैन्यटुकड़ियों का नेतृत्व किया और निरंतर गोलीबारी करते रहे जिससे माओवादियों के पास भागने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा। उन्होंने उत्कृष्ट श्रेणी के शौर्य तथा नेतृत्व के उच्च गुणों का अमिट उदाहरण प्रस्तुत किया, जो बल की उत्कृष्ट परंपरा के अनुरूप है। सीटी/जीडी अप्पामोनी रॉय ने वीरतापूर्वक संघर्ष किया तथा कठिन समय में अपने कमांडर का साथ दिया। माओवादियों को निष्क्रिय करने तथा उन्हें क्षति पहुंचाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। इसके अतिरिक्त, वापसी के दौरान, उन्होंने विस्फोट से पहले दो आईईडी का पता लगाया तथा अपने साथियों की बहुमूल्य जान बचाई।

इस अभियान में, सर्व/श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमांडेंट और अप्पामोनी रॉय, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.11.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 160-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अनिल कुमार चौरसिया,
सहायक कमांडेंट

02. कौशिक मंडल,
कांस्टेबल

03. इंगले लखन प्रकाश,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री अमरनाथजी यात्रा के शुरू होने से कुछ समय पूर्व की अवधि के दौरान दक्षिणी कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति ने दिनांक 03 जून को लोवर मुंडा, काजीगुंड में सेना के काफिले पर हमले, दिनांक 16 जून को ठाजीवाड़ा में एसएचओ, अचाबल के नेतृत्व वाले पुलिस दल पर घात लगाकर किए कायरतापूर्ण हमले, सरनाल में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अत्तर के आवासीय सुरक्षाकर्मियों से हथियार छीनने और कई एटीएम को लूटने सहित अनेक घटनाओं के साथ विकृत मोड़ ले लिया। इन कायरतापूर्ण कृत्यों का मुख्य अपराधी खूंखार लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) कमांडर बशीर लश्कर था। कुछ विदेशी आतंकवादियों द्वारा उसकी सहायता भी की जा रही थी जिसने उसे दुर्जेय और खतरनाक बना दिया। सर्वप्रथम, उसे, दक्षिण कश्मीर के एलईटी कमांडर अबू दुजाना द्वारा श्री अमरनाथजी की यात्रा करने वाले यात्रियों पर हमला करने का कार्य सौंपा गया था। इसलिए उसे समाप्त करना सुरक्षा बलों के लिए अत्यधिक आवश्यक और यात्रा की सुरक्षा के लिए अधिक महत्वपूर्ण था।

दिनांक 01 जुलाई, 2017 को लगभग 0300 बजे श्री मोहसेन शाहेदी, उप-महानिरीक्षक (अभियान) सीआरपीएफ, अनंतनाग को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), अनंतनाग से ब्रिंटी, दायलगाम, अनंतनाग में संभावित विदेशी आतंकवादी (एफटी) के साथ-साथ बशीर लश्कर की मौजूदगी के संबंध में आसूचना संबंधी जानकारी प्राप्त हुई। एसएसपी ने इस अभियान में रेंज क्यूएटी और सीआई (अभियान) प्लाटून की भागीदारी के लिए अनुरोध किया। डीआईजी, सीआरपीएफ, अनंतनाग ने 40वीं बटालियन की बी कम्पनी के कम्पनी कमांडर, श्री अनिल कुमार चौरसिया, जो यंग प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे, को तत्काल इसकी जानकारी प्रदान की और उन्हें तैयार रहने का निदेश दिया और रेंज क्यूएटी को भी सतर्क कर दिया। इसके साथ-साथ, उन्होंने कानून एवं व्यवस्था संबंधी कम्पनी और रिजर्व को भी आगे आने वाली संभावित मुश्किल स्थिति से निपटने के लिए तैनात कर दिया। यंग प्लाटून को बिना समय गवाएं एसओजी, जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ भेज दिया गया और 40वीं बटालियन के कमांडेंट, जिन्हें नुंवान यात्रा बेस कैंप में कैंप कमांडर के रूप में रखा गया था, की अनुपस्थिति में श्री मोहसेन शाहेदी स्वयं अत्यधिक संवेदनशील आसन्न अभियान, जिसमें प्रभावशाली नेतृत्व की आवश्यकता थी, के बारे में पूर्ण रूप से जानते हुए रेंज क्यूएटी के साथ आगे बढ़े। 96वीं बटालियन के कमांडेंट को मुठभेड़ स्थल पर और उसके आसपास कानून एवं व्यवस्था की स्थिति से निपटने वाले सैन्य-दलों के लिए कानून एवं व्यवस्था समन्वयक के रूप में नामोद्दिष्ट किया गया।

उस स्थान पर पहुंचने पर तत्काल श्री मोहसेन शाहेदी, डीआईजी ने जमीनी स्थिति का शीघ्र जायजा लिया और ब्रीफिंग के पश्चात 40वीं बटालियन की यंग प्लाटून और रेंज क्यूएटी को एसओजी, जम्मू कश्मीर पुलिस और 19 आरआर के साथ मजबूत भीतरी घेराबंदी करने में लगा दिया। लक्षित घर के आसपास का क्षेत्र दुर्गम था क्योंकि उसके एक ओर तेज बहने वाला झरना था और शेष हिस्सा ऐसा एक खुला क्षेत्र था जो कहीं-कहीं पर पेड़ों से आच्छादित था और कम घना होने के कारण छिपने के लिए बहुत कम आड़ उपलब्ध करा रहा था। इसलिए सैन्य-दलों ने एसओजी के साथ सामने और बायीं ओर के उबड़-खाबड़ क्षेत्र में लक्षित घर से लगभग 40 मीटर दूर पोजीशन ले ली। आर आर को लक्षित घर के दायीं ओर और इसके पीछे तैनात किया गया था। श्री मोहसेन शाहेदी ने रेंज क्यूएटी के कांस्टेबल इंगले लखन प्रकाश और श्री अनिल चौरसिया ने कांस्टेबल कौशिक मंडल के साथ लक्षित घर के ठीक सामने की ओर पोजीशन ले ली।

शीघ्र ही यह पता चला की आतंकवादियों ने किसी बशीर अहमद गनी के घर में लगभग 17 नागरिकों को बंधक बना रखा है। श्री मोहसेन शाहेदी, डीआईजी ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को गोली नहीं चलाने और बंधकों की आड़ में आतंकवादियों के बच निकलने की कोशिश के मामले में अत्यधिक सतर्क रहने का निर्देश दिया। यह अत्यधिक विकट स्थिति थी। सीआरपीएफ, आरआर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एक रणनीति तैयार की गई, जिसमें गांव के मुखिया और स्थानीय मस्जिदों के इमामों की सेवाएं ली गईं और आतंकवादियों से बंधकों को छोड़ने के लिए कहा गया। प्रारंभ में कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। काफी अनुनय-विनय और तनावपूर्ण क्षणों के पश्चात्, बंधक महिलाओं में से एक महिला लक्षित घर की छत पर चढ़ गई और संकेत दिया। श्री मोहसेन शाहेदी कुछ हलचल देखकर शीघ्र भीतरी घेराबंदी में अपनी मूल पोजीशन पर आ गए और सैन्य- दलों को सतर्क कर दिया। शीघ्र ही बंधक बनाए गए लोगों ने बाहर आना शुरू कर दिया और उनको शीघ्र सुरक्षित क्षेत्र में जाने का संकेत दे दिया गया। बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के तुरंत बाद, आतंकवादियों ने सैन्य-दलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। श्री अनिल चौरसिया, कांस्टेबल इंगले लखन प्रकाश और कांस्टेबल कौशिक मंडल के साथ श्री मोहसेन शाहेदी, जिन्होंने लक्षित क्षेत्र के सामने की ओर पोजीशन ले रखी थी, ने गोलियों की बौछारों का सामना किया जो उनके पास से गुजर गईं। श्री मोहसेन शाहेदी ने ठीक समय पर आड़ ले ली और तत्काल 3-4 गोलियां चलाते हुए अपनी पोजीशन से जवाबी कार्रवाई की तथा अपने सामने के दल को प्रभावशाली गोलीबारी से जवाब देने को कहा। प्रारंभ में वे थोड़े हिचकिचाए, परंतु अपने कमांडर को खतरे के समक्ष गोलीबारी करते हुए देखकर उन्होंने भी जवाबी कार्रवाई की। सीधी गोलीबारी से स्वयं को गंभीर खतरा होने के बावजूद श्री मोहसेन शाहेदी, श्री अनिल चौरसिया, इंगले लखन प्रकाश और कौशिक मंडल की रणनीतिक पोजीशन और समय पर जवाबी कार्रवाई ने आतंकवादियों को घर में पीछे हटने को विवश कर दिया। शायद उन में से एक आतंकवादी इस जवाबी कार्रवाई में जख्मी हो गया था क्योंकि उसे भीतर लड़खड़ा कर चलते हुए देखा गया।

आरआर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के कमांडरों के साथ श्री मोहसेन शाहेदी ने बिना समय गंवाए शीघ्र ही एक योजना तैयार की। तदनुसार, यह निर्णय लिया गया कि आरआर दीवार को भेदने के लिए यूबीजीएल फायर करेगी और सीआरपीएफ दो तरफ से कवर फायर देगी। इस समय रेंज क्यूएटी के कांस्टेबल इंगले लखन प्रकाश के साथ श्री मोहसेन शाहेदी और यंग पिट के कांस्टेबल कौशिक मंडल के साथ श्री अनिल चौरसिया, सहायक कमांडेंट स्वयं थोड़ा और आगे लक्षित घर के निकट आ गए। यह एक कठिन पोजीशन थी क्योंकि वहां छोटे पेड़ों, जहां कोई व्यक्ति केवल अगल-बगल ही पोजीशन ले सकता था, के अलावा उचित कवर नहीं था। तथापि, उनके पास जोखिम उठाने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं था, सभी तरफ से कानून एवं व्यवस्था की समस्या के बढ़ने और रात में अभियान को जारी रखने में निहित प्रत्यक्ष जोखिम के मद्देनजर अभियान को शीघ्र समाप्त करना अत्यधिक महत्वपूर्ण था। इस अवधि के दौरान पुनः भारी गोलाबारी शुरू हो गई जिसका श्री मोसेने शाहेदी, इंगले लखन प्रकाश, श्री अनिल चौरसिया और कौशिक मंडल ने सामने की ओर से प्रभावशाली ढंग से जवाब दिया जबकि गोलियां उनके पास से निकल गई और कुछ गोलियां आड़ के रूप में प्रयोग किए जा रहे पेड़ के तनों में जाकर लगी। अपने व्यक्तिगत जीवन के प्रति गंभीर और निरंतर खतरे के बावजूद, वे आतंकवादियों पर एकसाथ गोलीबारी करते रहे और उन्हें ऐसी कोई रणनीतिक पोजीशन नहीं लेने दी, जहां से वे सैन्य दलों को भारी नुकसान पहुंचा सकते थे।

दीवार को सफलतापूर्वक भेदने के पश्चात, आईईडी लगाई गई और लक्षित घर में विस्फोट किया गया। तथापि, वह भवन पूरी तरह से नष्ट नहीं हुआ। इसलिए आरआर/एसओजी के सहयोग से रूम इंटरवेशन/तलाशी के लिए संयुक्त हमला दल तैयार किए गए। श्री मोहसेन शाहेदी, डीआईजी ने श्री अनिल चौरसिया, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल इंगले लखन प्रकाश और कांस्टेबल कौशिक मंडल को योजना की रूपरेखा और उन आतंकवादियों, जो अभी भी जीवित हो सकते थे, के संभावित प्रतिशोध के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। ऐसा घटित हुआ कि तलाशी प्रक्रिया के दौरान एक आतंकवादी जो अभी भी जिन्दा था, ने सैन्य-दलों पर गोलीबारी की, परंतु उसे सैन्य दल द्वारा तुरंत मार गिराया गया।

अंततः, मलबे की गहन तलाशी के पश्चात, दो एके-47 राइफलों और 02 मैगजीनों के साथ दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। आतंकवादियों की पहचान अनंतनाग के बशीर अहमद वानी उर्फ उकाशा और बशीर लश्कर (एलईटी) जिला कमांडर (श्रेणी-ए++) और अबू माज, एक विदेशी आतंकवादी (पाकिस्तानी) के रूप में की गई। लश्कर के सिर पर 10 लाख रु. का इनाम था और वह दक्षिण कश्मीर में अत्यधिक वांछित आतंकवादी था।

यह एक भली प्रकार से समन्वित, व्यावसायिक और बहादुरीपूर्ण ढंग से निष्पादित सफल अभियान था जिसे सैन्य-दलों के हताहत और गोली से जख्मी हुए बगैर समय पर पूरा किया गया। इस अभियान का श्रेय श्री मोहसेन शाहेदी, डीआईजी (अभियान) सीआरपीएफ अनंतनाग, श्री अनिल चौरसिया, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल इंगले लखन प्रकाश और कांस्टेबल कौशिक मंडल को दिया जाता है। श्री मोहसेन शाहेदी ने बंधक बनाए गए 17 नागरिकों को रिहा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने इस अभियान में सामने से नेतृत्व किया और अपने व्यक्तिगत जीवन के प्रति गंभीर और निरंतर खतरे, जिसमें उन्होंने कई बार नजदीक से आतंकवादियों की गोलियों की बौछार का सामना किया, के बावजूद वे निडरतापूर्वक डटे रहे और आतंकवादियों को लक्षित घर से बच निकलने अथवा सैन्य-दलों को हताहत करने का कोई अवसर दिए बिना जोरदार ढंग से जवाबी कार्रवाई की। इस प्रक्रिया में उन्होंने अपनी एके-47 राइफल से प्रभावशाली ढंग से 23 राउंड गोलीबारी की। श्री अनिल कुमार चौरसिया, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल इंगले लखन प्रकाश और कांस्टेबल कौशिक मंडल ने श्री मोहसेन शाहेदी, डीआईजी के साथ कार्रवाई में आगे बने रहकर एक दुर्जेय दल का गठन किया और किसी उचित कवर के बिना गंभीर रूप से आतंकवादियों की गोलीबारी के सामने होने के बावजूद आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए प्रभावशाली ढंग से जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने उस घर की सफलतापूर्वक तलाशी भी ली और दो अत्यधिक वांछित आतंकवादियों को मार गिराया। इस प्रक्रिया में, उन्होंने अपनी एके-47 राइफल से दक्षतापूर्वक क्रमशः 52, 14 और 31 राउंड गोलीबारी की।

इस अभियान में, सर्व/श्री अनिल कुमार चौरसिया, सहायक कमांडेंट, कौशिक मंडल, कांस्टेबल और इंगले लखन प्रकाश, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01/07/2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 161-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. जतिन्दर कुमार,
उप-निरीक्षक

02. सतविन्दर पाल भुम्बला,
कांस्टेबल

03. अभय कांत,
कांस्टेबल

04. पवन कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 16 जून, 2017 को लगभग 0730 बजे विशेष अभियान दल (एसओजी), जम्मू एवं कश्मीर पुलिस (जेकेपी), अनंतनाग से इस आशय की एक विश्वसनीय आसूचना संबंधी जानकारी प्राप्त होने पर कि 02-03 आतंकवादियों ने पुलिस स्टेशन बिजबेहरा, जिला अनंतनाग (जे एंड के) के अंतर्गत गांव-अरवानी के मलिक मोहल्ला में शरण ले रखी है, हसनपोरा में स्थित 90वीं बटालियन, सीआरपीएफ की जी कम्पनी का त्वरित कार्रवाई दल (क्यूएटी) और संगम में स्थित 90वीं बटालियन, सीआरपीएफ की सी कम्पनी की क्यूएटी तत्काल उस स्थान की ओर निकल पड़ी। 1 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और एसओजी, अनंतनाग के सैन्य दल भी उस स्थान पर पहुंच गए और मलिक मोहल्ला में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। आरवानी एक अत्यधिक जनसंख्या वाला गांव है और मलिक मोहल्ला इस गांव के भीतर एक छोटी सी कॉलोनी है जिसमें लगभग 50 आवासीय इकाइयां बनी हुई हैं। यह गांव कुख्यात है और गांव के कुछ युवकों के आतंकवादियों के साथ मिले होने के कारण यहां के लोग आतंकवादियों की सहायता करते हैं और सुरक्षा बलों द्वारा शुरू किए गए किसी भी अभियान का कड़ा विरोध किया जाता है।

निर्धारित स्थान पर पहुंचने के बाद यह लगभग निश्चित हो गया कि आतंकवादी मलिक मोहल्ला के निवासी किसी मोहम्मद शफी मलिक के घर में छिपे हुए हैं। तदनुसार, उप-निरीक्षक जतिन्दर कुमार की कमान में 90वीं बटालियन की क्यूएटी ने लक्षित घर के बायीं ओर पोजीशन ले ली और आरआर के सैन्य दलों ने लक्षित घर; एक मंजिला भवन के दायीं ओर पोजीशन ले ली। सीआरपीएफ के सैन्य दलों द्वारा अपनी पोजीशन ले लेने पर, एसओजी के सैन्य दल मोहम्मद शफी के घर पहुंच गए जिसने अपने घर में तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि की। घर के सदस्यों को सुरक्षा के लिए तुरंत बाहर ले जाया गया। तत्पश्चात, लोक संबोधन प्रणाली के माध्यम से आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए एक घोषणा की गई। इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। चूंकि, अब लक्षित घर की निश्चित रूप से पहचान हो गई थी, अतः अपने साथी कांस्टेबल अभय कांत के साथ उप-निरीक्षक जतिन्दर कुमार ने स्वयं बायीं ओर लक्षित मकान से लगभग 20 मीटर दूर दो मंजिला मकान में रणनीतिक ढंग से पोजीशन ले ली। इस पोजीशन से, सामने के प्रवेश द्वार के साथ-साथ बायीं ओर की एक खिड़की साफ-साफ दिखाई देती थी और इनमें से किसी भी स्थान से आतंकवादियों द्वारा बच निकलने के प्रयास को विफल किया जा सकता था। जैसी कि प्रवृत्ति रही है, पड़ोसी गांवों से बड़ी भीड़ मुठभेड़ स्थल के आसपास इकट्ठी हो गई और आतंकवादियों को बच निकलने में मदद करने के लिए, उन्होंने वहां पर तैनात सैन्य दलों पर भारी पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसी बीच, किसी कानून और व्यवस्था संबंधी मामले से निपटने के लिए सीआरपीएफ का अतिरिक्त सैन्य दल भी वहां पहुंच गया। वेसु नदी लक्षित घर के बिल्कुल पीछे बहती थी, जो आतंकवादियों को बच निकलने का एक अच्छा मार्ग प्रदान करती थी, बशर्ते कि वे लक्षित घर से बाहर निकल सकें और सैन्य बलों को चकमा दे सकें। आतंकवादियों के इस प्रकार के प्रयासों को विफल करने के लिए, क्यूएटी के कुछ सदस्यों के साथ कांस्टेबल (बगलर) सतविन्दर पाल भुम्बला ने लक्षित घर के दायीं ओर एक सुरक्षित स्थान पर पोजीशन ले ली ताकि लक्षित घर के दायीं ओर से भी किसी प्रकार के निकास, जो नदी की ओर भी जाता था, को अच्छी प्रकार से अवरूद्ध किया जा सके। कुछ जवानों के साथ एक और कांस्टेबल पवन कुमार ने बायें कोने में पोजीशन ले ली जहां से वे लक्षित घर के पीछे की ओर निगरानी कर सकते थे। इस प्रकार बच निकलने के सभी मार्गों को बंद कर दिया गया। ये सभी कार्मिक हमला करने की दूरी के भीतर थे और इसलिए अत्यधिक असुरक्षित सुभेद्य थे।

लगभग 0815 बजे, आतंकवादियों ने अपने छिपने के स्थान के आसपास सुरक्षा बलों की गतिविधि को भांप कर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिसका सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावशाली ढंग से जवाब दिया गया। दोनों ओर से रूक-रूक कर गोलाबारी होती रही। लक्षित घर के नजदीक पहुंचने के किसी प्रकार के प्रयास को भारी गोलाबारी से बाधित किया जाता था। लगभग 1400 बजे, मोलोटोव

कोकटेल्स और फ्लेम थ्रोवर की मदद से लक्षित घर में आग लगा दी गई। इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा और आतंकवादी पोजीशन बदलते हुए लगातार गोलीबारी करते रहे। यह महसूस करते हुए कि यह चाल काम नहीं कर रही है, सुरक्षा बलों ने लक्षित घर को उड़ाने के लिए रणनीतिक ढंग से एक आईईडी लगा दी, जिसने लक्षित घर के बायीं ओर के हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया। उसी समय एक आतंकवादी, जो लक्षित घर के बाथरूम में छिपा हुआ था, ने खिड़की से बाहर कूदकर दायीं ओर से बच निकलने का प्रयास किया। कांस्टेबल (बगलर) सतविन्दर पाल, जो विहंगम दृष्टि बनाए हुए थे और जिन्होंने स्वयं रणनीतिक ढंग से पोजीशन ले रखी थी, ने बच कर भाग रहे आतंकवादी पर गोलीबारी शुरू कर दी। उसने सैन्य दलों पर दबाव बनाने के लिए भारी गोलाबारी के साथ जवाबी कार्रवाई की। तथापि, सतविन्दर पाल ने अपना मोर्चा संभाले रखा और दृढ़तापूर्वक जवाबी कार्रवाई की। उप-निरीक्षक जतिन्दर कुमार, कांस्टेबल अभय कांत और कांस्टेबल पवन कुमार ने भी साथ-साथ गोलीबारी करके उनकी सहायता की। इसने आतंकवादी को जल्दी से पीछे हटने के लिए विवश कर दिया। लगभग 1600 बजे लक्षित घर के दायीं ओर पुनः एक आईईडी लगाई गई क्योंकि उस भवन का वह हिस्सा अभी भी अक्षुण्ण था। विस्फोट की गई आईईडी ने दायीं ओर के हिस्से को भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। तथापि, लक्षित घर से लगातार गोलीबारी होती रही। चूंकि, तेजी से अंधेरा हो रहा था, इसलिए एक और आईईडी की सहायता से लक्षित घर को गिराने का संयुक्त रूप से निर्णय लिया गया। लगभग 1845 बजे, लक्षित घर के पीछे के हिस्से, जो आंशिक रूप से गिर चुका था, से प्रवेश करके एक और आईईडी लगाई गई। यह आईईडी उस घर को गिराने के लिए काफी शक्तिशाली थी। चूंकि, विरोधियों की ओर से और गोलीबारी नहीं हो रही थी, लगभग 2000 बजे सीआरपीएफ, एसओजी और आरआर के संयुक्त दल, जिसमें उप-निरीक्षक जतिन्दर कुमार, कांस्टेबल अभय कांत, सतविन्दर पाल और पवन कुमार शामिल थे, उस घर की तलाशी शुरू कर दी। चूंकि, सभी ओर मलबे का ढेर था, अतः मलबे को हटाने के लिए जेसीबी लगाई गई। लगभग 0030 बजे मलबे से मारे गए एक आतंकवादी का शव बरामद किया गया। दिनांक 17 जून को लगभग 0230 बजे एक आतंकवादी जो शायद विस्फोट से बच गया था और मलबे में फंसा हुआ था, ने अचानक अपने हथियार को उठा लिया और तलाशी दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस अप्रत्याशित प्रतिक्रिया से बिना डरे और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, सैन्य दल ने अत्यधिक सजगता का प्रदर्शन करते हुए जवाबी कार्रवाई की और आतंकवादी को मार गिराया। इस तलाशी में, 02 एके-47 राइफलों और 03 मैगजीनों के साथ तीन मृत आतंकवादियों के शव बरामद हुए। यह अभियान लगभग 24 घंटे तक चला। मृत आतंकवादियों की पहचान कुलगाम के निवासी खूंखार एलईटी जिला कमांडर जुनैद अहमद माटू (श्रेणी ए++) पुत्र मंजूर अहमद, सोफिया के निवासी नसीर अहमद शेख (श्रेणी ए+) पुत्र हसन और पुलवामा के निवासी आदिल मुश्ताक मीर (श्रेणी सी) पुत्र मुश्ताक अहमद मीर के रूप में की गई।

इस अभियान में, सर्व/श्री जतिन्दर कुमार, उप-निरीक्षक, सतविन्दर पाल भुम्बला, कांस्टेबल अभय कांत, कांस्टेबल और पवन कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16/06/2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 162-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोंपरांत) सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक	
सर्व/श्री	
01. नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
02. राम कुमार, उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03. मोहम्मद यासीन ताली, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक) (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 07 दिसम्बर, 2016 को कमांडेंट-90 बटालियन को पुलिस स्टेशन बिजबेहरा, जिला अनंतनाग (जम्मू एवं कश्मीर) के अंतर्गत अरवानी गांव में आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में आसूचना संबंधी जानकारी प्राप्त हुई। इस सूचना की आगे पुलिस

अधीक्षक ऑप्स अनंतनाग से पुष्टि कराई गई और उन्होंने भी इसकी पुष्टि की। अरवानी गांव और उसके आसपास के क्षेत्र अत्यधिक कट्टरवादी हैं जहां आतंकवादियों की नियमित गतिविधि और स्थानीय लोगों के आतंकवादियों के प्रति झुकाव के कारण सैन्य दलों की आवाजाही अत्यधिक मुश्किल है।

सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, कमांडेंट-90 बटालियन, सीआरपीएफ ने उपर्युक्त गांव में एक घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) की योजना बनाई। कमांडेंट-90 बटालियन ने अपने क्यूएटी कमांडर, एफ/सं.830763144 उप निरीक्षक राम कुमार को तत्काल लक्षित गांव की ओर यूनिट क्यूएटी ले जाने और उस क्षेत्र की घेराबंदी करने का कार्य सौंपा। उप निरीक्षक राम कुमार एक भी क्षण गवाएं बिना 90 बटालियन की यूनिट क्यूएटी के साथ लक्षित गांव की ओर निकल पड़े और एसओजी तथा पुलिस स्टेशन बिजबेहरा, जिला अनंतनाग (जम्मू एवं कश्मीर) के अंतर्गत अरवानी गांव में स्थानीय पुलिस के साथ संदिग्ध घर के आसपास भीतरी घेराबंदी कर दी। बाद में, श्रीनगर सेक्टर सीआरपीएफ की वैली क्यूएटी भी इस अभियान में शामिल हो गयी। सीआरपीएफ सैन्य दलों द्वारा क्षेत्र को सुरक्षित किए जाने के पश्चात् सेना का घटक दल इस अभियान में शामिल हो गया। सुरक्षा बलों द्वारा घेरे जाने पर, आतंकवादियों ने अपनी उपस्थिति को छिपाने का भरसक प्रयास किया और सुरक्षा बलों द्वारा की गई शुरूआती छानबीन संबंधी गोलीबारी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की। चूंकि, अंधेरा हो गया था, इसलिए अभियान को सुबह तक रोकने का निर्णय लिया गया। सीआरपीएफ, आरआर एवं सिविल पुलिस द्वारा सारी रात कड़ी घेराबंदी भी की गई।

अगले दिन अर्थात् दिनांक 08 दिसम्बर, 2016 को, लगभग 0830 बजे उग्रवादियों ने अंततः चुप्पी तोड़ी और सैन्य दलों पर भारी गोलीबारी करते हुए घटना स्थल से बच निकलने का प्रयास किया। सैन्य दलों ने भी आतंकवादियों की गोलीबारी का जवाब दिया और इसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों तथा सुरक्षा बलों के बीच एक भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। उप-निरीक्षक राम कुमार ने स्वयं लक्षित घर के सामने एक मकान में पोजीशन ले रखी थी और वे आतंकवादियों की गोलीबारी की बिल्कुल सीध में थे। गोलियों की बौछार से बिना डरे, उप-निरीक्षक राम कुमार ने उग्र रूप से जवाबी गोलीबारी की और अपनी पोजीशन से नहीं हिले। उन्होंने निडरता, धैर्य और एक सैनिक के दृढ़ निश्चय और ठोस युक्ति का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादियों को उलझाए रखा और उनको घेरकर रखने में सफल रहे। उन्होंने आतंकवादियों को घटना स्थल से बचकर भागने नहीं दिया। इसी बीच, नजदीकी गांवों से हजारों की संख्या में आम लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने सभी ओर से पत्थर फेंकना तथा भारत-विरोधी नारे लगाना शुरू कर दिया। अंधेरा होने के पश्चात् अभियान रोक दिया गया, फिर भी पूरी रात रूक-रूक कर गोलीबारी होती रही।

9 तारीख की सुबह, आरआर द्वारा उस घर के आसपास आईईडी लगा दी गई, परन्तु इससे केवल कमरे का एक छोटा हिस्सा ही क्षतिग्रस्त हुआ। इसी बीच, मुठभेड़ स्थल और निकटवर्ती गांवों में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई। क्षेत्र की संवेदनशीलता और कानून एवं व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को ध्यान में रखते हुए, बिना किसी विलम्ब के कमरे में प्रवेश करने का निर्णय लिया गया। कुछ पूर्ववर्ती घटनाओं, जिनमें सुरक्षा बलों को नुकसान उठाना पड़ा था, के कारण अंतर्निहित खतरों की वजह से कमरे में प्रवेश करने में कुछ हिचकिचाहट थी। इस अवसर पर, एसएसपी अनंतनाग ने सीआरपीएफ की वैली क्यूएटी की क्षमता पर भरोसा किया और अभियान को समाप्त करने के आखिरी उपाय के रूप में श्री नरेश कुमार, वैली क्यूएटी के कमांडर को कमरे में प्रवेश करने की जिम्मेदारी सौंपी। श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट ने चुनौती को स्वीकार किया और कमरे में प्रवेश करने से पहले उसकी अंतिम रेकी की। उपर्युक्त काम को करने के लिए श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट एवं एसओजी अनंतनाग की कमान में वैली क्यूएटी, सीआरपीएफ वाला एक दल तैयार किया गया। कमरे में प्रवेश करने वाले दल को प्रभावशाली कवर प्रदान करने के लिए, उप-निरीक्षक राम कुमार के नेतृत्व में एक दल लक्षित घर के सामने की ओर तैनात किया गया।

योजना के अनुसार, अपने दल के साथ उप-निरीक्षक राम कुमार ने लक्षित घर के सामने पोजीशन ले ली और कमरे में प्रवेश करने वाले दल के लिए रास्ता बना दिया। तत्पश्चात् श्री नरेश कुमार सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में कमरे में प्रवेश करने वाला दल सभी घातक खतरों को नजरअंदाज करते हुए लक्षित घर के पास पहुंच गया। सभी सावधानियां बरतते हुए, सैन्य दल भू-तल पर पहुंच गया और युक्तिपूर्वक कमरे की छानबीन की, जिसमें उन्हें एक आतंकवादी का शव मिला। श्री नरेश कुमार और उनके साथी कांस्टेबल/जीडी मो. यासीन ताली अन्य कमरों की छानबीन करने के लिए एक-दूसरे को कवर फायर देते हुए आगे बढ़े। अगले कमरे के नजदीक पहुंचने पर उन्होंने कमरे के भीतर कुछ हलचल महसूस की। वे दोनों सतर्क हो गए और एक बहादुरीपूर्ण तथा सटीक निर्णय लिया जिसमें उन्होंने कमरे के भीतर एक ही समय में दो हैंड ग्रेनेड फेंके और जब वे कमरे में प्रवेश करने लगे, तो विस्फोट के प्रभाव से कमरे की छत ढह गई। पहले से क्षतिग्रस्त, ऊपरी तल के अचानक गिर जाने से श्री नरेश कुमार और उनके साथी पीछे हटने पर विवश हो गए। तत्पश्चात्, तलाशी दल ने भवन के शेष कमरों की छानबीन की।

श्री नरेश कुमार की कमान वाले दल ने बिना किसी सम्पार्श्विक क्षति के छिपने के स्थान की सफलतापूर्वक छानबीन की। कमरे की छानबीन की प्रक्रिया के दौरान, कांस्टेबल/जीडी मो. यासीन ताली के होठों पर ग्रेनेड के विस्फोट के कारण दीवार से गिरने वाले सीमेंट के मलबे से चोट लग गई। (बाद में, उन्होंने फिदायीन के विरुद्ध लड़ते हुए शहादत प्राप्त की)।

मलबे की सफाई के दौरान, दो खूंखार आतंकवादियों नामतः माजिद अहमद जारगर, जिला-कुलगाम में एलईटी के डिवीजनल कमांडर और राहिल अमीन डार, जिला अनंतनाग में एलईटी के जिला कमांडर के शव और 02 एके-47 राइफलें, 01 यूबीजीएल अटैचमेंट, 01 मैगजीन और रिकॉयलिंग राड बरामद हुई।

इस अभियान में श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट, उप-निरीक्षक/जीडी राम कुमार स्व. कांस्टेबल/जीडी मो. यासीन ताली ने गंभीर और आसन्न खतरे के समक्ष कुशल रणनीतिक दक्षता, अनुकरणीय साहस और उच्च कोटि की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। दो शीर्ष एलईटी आतंकवादियों के सफाए ने अनंतनाग और कुलगाम जिलों में उग्रवाद की कमर तोड़ दी।

इस अभियान में सर्व/श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट, राम कुमार, उप-निरीक्षक और स्व. मोहम्मद यासीन ताली, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07/12/2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 163-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अशोक जाखड़,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जुलाई, 2016 में एक शीर्ष हिजबुल मुजाहिद्दीन कमांडर के मारे जाने से सामान्य तौर पर कश्मीर घाटी में और विशेष तौर पर दक्षिण कश्मीर में उग्रवाद में अचानक वृद्धि हो गई। अचानक हुई इस वृद्धि ने दक्षिण कश्मीर विशेष तौर पर शोपियां और पुलवामा जिले में विद्रोह-रोधी और कानून एवं व्यवस्था संबंधी मामलों से निपटने के कार्य में लगे सुरक्षा बलों के लिए नई चुनौतियां उत्पन्न कर दीं। परन्तु, कुछ समयावधि में, सुरक्षा बलों ने स्वदेशी आसूचना नेटवर्क के साथ-साथ स्थानीय पुलिस की सहायता से शत्रुओं की महत्वपूर्ण आसूचना एकत्र कर ली, जिसके परिणामस्वरूप शत्रुओं के विरुद्ध एक सुनियोजित और सर्जिकल अभियान चलाया जा सकता था। दिनांक 3 जुलाई, 2017 को लगभग 0800 बजे राज्य पुलिस से जम्मू एवं कश्मीर (जे एंड के) में ग्राम-बामनू, पुलिस स्टेशन-राजपोरा, जिला पुलवामा के क्षेत्र में 5-6 उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में इस प्रकार की एक आसूचना संबंधी जानकारी प्राप्त हुई। बामनू एक सघन जनसंख्या वाला गांव है, जिसमें मकान आपस में सटे हुए हैं। वहां के निवासी विशेष तौर पर सुरक्षा बलों के विरुद्ध हैं और उनका झुकाव स्पष्ट रूप से आतंकवादियों की तरफ है।

तदनुसार, एसएसपी पुलवामा के परामर्श से श्री नरेन्द्र पाल सिंह, कमांडेंट, 182 बटालियन और श्री आनंद कुमार, सेकंड-इन-कमांड, 183 बटालियन द्वारा एक विशेष संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ) की योजना बनाई गई। कमांडेंट, 182 बटालियन के द्वारा प्रारंभिक जानकारी दिए जाने के पश्चात, सीआरपीएफ और विशेष अभियान दल (एसओजी), पुलवामा के सैन्यदल रणनीतिक ढंग से ग्राम-बामनू की ओर निकल पड़े। मार्ग में 44-आरआर के सैन्यदल उनमें शामिल हो गए। उक्त गांव में पहुंचने के बाद, सैन्यदलों, जो पहले ही तीन दलों में विभाजित हो गए थे, ने गांव की घेराबंदी शुरू कर दी। चूंकि, ग्रामीणों ने अपनी पहचान आतंकवादियों द्वारा समर्थित उद्देश्य से जुड़े होने के रूप में दी, इसलिए सुरक्षा बलों को कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। कानून और व्यवस्था संबंधी घटकों द्वारा समुचित ढंग से सहायता प्राप्त होने पर, सैन्यबल आगे बढ़े और आतंकवादियों के बच निकलने के प्रयास को विफल करने के लिए घेराबंदी की गई। एक बार बाहरी घेराबंदी कर देने और बचकर निकलने के सभी मार्गों को अवरुद्ध कर देने पर, जब सुरक्षा बलों ने संदिग्ध घरों के आसपास घेराबंदी को कड़ा करना शुरू कर दिया, तो आतंकवादियों ने आगे बढ़ रहे सैन्यदलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। आतंकवादियों का तीन घरों में छुपे होने का संदेह था। वे सैन्यदलों को उलझाने के लिए इन घरों के बीच स्थान बदल रहे थे। सर्वप्रथम इन घरों में मौजूद कुछ नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। तत्पश्चात् लोक संबोधन प्रणाली पर घोषणा करके आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसका उनके द्वारा गोलियों की बौछार से उत्तर दिया गया।

सैन्य दलों ने भी उनको घेरने के उद्देश्य से उन्हें एक घर में धकेलने के इरादे से भारी गोलाबारी के साथ उनको जवाब दिया। आतंकवादी सुरक्षा बलों की रणनीति को भांपते हुए काफी चालाकी से एक घर में फंसने से बचते रहे और लगातार एक घर से दूसरे घर के बीच आते-जाते रहे तथा सैन्य दलों को उलझाये रखा। आतंकवादियों की प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट था कि वे एक लम्बी बंदूक की लड़ाई के लिए पूर्ण रूप से तैयार थे। उसी समय कमांडरों ने लम्बी चलने वाली लड़ाई की निरर्थकता को महसूस किया। इसलिए, एसएसपी पुलवामा, कमांडेंट 182 बटालियन सीआरपीएफ, सेकंड-इन-कमांड 183 बटालियन सीआरपीएफ और 44 आरआर के कमांडिंग अधिकारी ने संयुक्त रूप से कमरे में प्रवेश करने का निर्णय लिया। तीन घरों में एक साथ भीतर प्रवेश करने के लिए तीन दल गठित किए गए। पहले दल में नरेन्द्र पाल सिंह, कमांडेंट 182 बटालियन सीआरपीएफ, उनके साथी कांस्टेबल उज्ज्वल भुजेल और 44 आरआर के सैन्यदल शामिल थे, दूसरे दल में आनंद कुमार, सेकंड-इन-कमांड 183 बटालियन सीआरपीएफ, उनके साथी और 44 आरआर के सैन्यदल शामिल थे। तीसरे दल में 44 आरआर के मेजर शुक्ला, उप-निरीक्षक अशोक जाखड़ और 44 आरआर के सैन्यदल शामिल थे। सभी तीनों दल स्वयं को गंभीर खतरे में डालते हुए अपने संबंधित लक्षित घरों की ओर पहुंच गए और उनकी घेराबंदी कर दी। दृढ़ संकल्प और पूर्ण दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन करते हुए नरेन्द्र पाल सिंह और उनके दल ने ग्रेनेड फेंक कर और नियंत्रित गोलीबारी करते हुए पहले घर में प्रवेश किया। आतंकवादियों ने उस दल पर गोलीबारी करना जारी रखा, परन्तु नरेन्द्र पाल और उनके साथी उज्ज्वल भुजेल, जो इस हमले का नेतृत्व कर रहे थे, ने आतंकवादियों को एक कोने में धकेल दिया। वे उनमें से एक को घेरने में सफल रहे, परन्तु तभी दो आतंकवादियों, जो प्रथम तल पर फंसे हुए थे, ने अचानक निकट दूरी से सैन्यदल पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस अप्रत्याशित हमले से डरे बिना, नरेन्द्र पाल सिंह, कमांडेंट और कांस्टेबल उज्ज्वल भुजेल ने अनुकरणीय साहस और विलक्षण धैर्य का प्रदर्शन करते हुए, सभी प्रकार की सावधानी को ताक पर रखते हुए दोनों आतंकवादियों को मारने के लिए भयंकर रूप से एक जोरदार जवाबी हमला किया। परन्तु इन कुछ मिनटों की लगातार गोलीबारी से आतंकवादियों को अपना स्थान बदलने में सहायता मिली। उन्होंने बचने के इरादे से लक्षित घर के पीछे, जहां उप-निरीक्षक अशोक जाखड़ के साथ मेजर शुक्ला के दल ने पोजीशन ले रखी थी, तैनात सैन्य दलों पर एक के बाद एक ग्रेनेड फेंके। उसी समय दो आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए उस भवन के प्रथम तल से छलांग लगा दी। त्वरित प्रतिक्रिया का प्रदर्शन करते हुए, कमांडेंट नरेन्द्र पाल सिंह, कांस्टेबल उज्ज्वल भुजेल और उप-निरीक्षक अशोक जाखड़ अपने कवर से बाहर आ गए और उन दोनों को मार गिराने के लिए गोलियों की बौछार करने लगे। इस नजदीकी लड़ाई में, उप-निरीक्षक अशोक जाखड़ और तीन सैन्य कर्मियों को स्पिलंटर से चोट लग गई। तथापि, उस घर से रूक-रूक कर गोलीबारी होती रही।

इसी बीच, श्री आनंद कुमार, सेकंड-इन-कमांड, जो संदिग्ध घरों की तलाशी कर रहे थे, ने घायल कार्मिकों को देखा और तत्काल उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए दौड़ पड़े। वे अपने साथी सैन्यदलों की सहायता से अपनी जान की परवाह किए बिना भारी गोलाबारी के बीच सभी घायल कार्मिकों को एक सुरक्षित स्थान पर ले गए। तत्पश्चात्, जब श्री आनंद कुमार, सेकंड-इन-कमांड संदिग्ध घरों की तलाशी करने के लिए लौटे, तो उनकी ओर गोलियों की भारी बौछार आई। गोलियों का निशाना जरा सा चूक गया, फिर भी इससे आतंकवादियों की स्थिति का पता चल गया। श्री आनंद कुमार, सेकंड-इन-कमांड ने इस अवसर का लाभ उठाया और बड़े रणनीतिक ढंग से लक्षित घर की ओर आगे बढ़ गए, ताकि अंधेरा होने से पहले इस अभियान को समाप्त किया जा सके। उग्रवादियों ने अपनी ओर बढ़ रहे सुरक्षा बलों की गतिविधि को भांप लिया और उनको आगे बढ़ने से रोकने के लिए ग्रेनेड फेंकना शुरू कर दिया। गंभीर खतरे से डरे बिना और एक कमांडर के सच्चे धैर्य का प्रदर्शन करते हुए, श्री आनंद कुमार, सेकंड-इन-कमांड धीरे-धीरे परन्तु दृढ़ता से अपने सैन्यदलों को घर के भीतर ले गए। तथापि, आतंकवादियों ने कड़ा विरोध करना जारी रखा और लगातार गोलीबारी करते रहे। इसी बीच, अंधेरा हो गया और कमरों की तलाशी के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। इसी समय उन्होंने जमीन पर लेटने की आवश्यकता भी महसूस की क्योंकि किसी भी अनावश्यक गतिविधि से उनके कार्मिक दिखाई दे जाते। इसलिए आनंद कुमार अपने दल के साथ घर के भीतर डटे रहे और हमला करने के अवसर का इंतजार करते रहे। तथापि, आतंकवादियों की ओर से पूरी रात कोई भी गतिविधि नहीं हुई। पौ फटने पर श्री आनंद कुमार, सेकंड-इन-कमांड और उसके दल ने पुनः उस घर की तलाशी शुरू कर दी। जब दल एक कमरे में पहुंचा, तो छिपे हुए आतंकवादियों ने अचानक बहुत निकट दूरी से गोलीबारी शुरू कर दी। अत्यधिक धैर्य और अनुकरणीय बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए श्री आनंद कुमार, सेकंड-इन-कमांड ने तीव्र प्रतिक्रिया की और उग्रवादी पर गोलीबारी की। इसी बीच, उस घर में आग लग गई। अपने सैन्यदलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, श्री आनंद कुमार, सेकंड-इन-कमांड रणनीतिक ढंग से घर से बाहर आ गए परन्तु वे आतंकियों को बच निकलने से रोकने के लिए उनकी ओर गोलीबारी करते रहे। बाद में आग बुझाई गई और उस घर से आतंकवादी का शव बरामद किया गया। मुठभेड़ के बाद तलाशी के दौरान, मुठभेड़ स्थल से एक मैगजीन के साथ एके-47, दो मैगजीनों के साथ एक इंसास राइफल और एक मैगजीन के साथ एक एसएलआर के साथ-साथ मृत आतंकवादियों के कुल तीन शव बरामद किए गए, बाद में, जिनकी पहचान हिजबुल मुजाहिद्दीन के किफायत अहमद खांडे (श्रेणी ख), जहांगीर अहमद खांडे (श्रेणी ग) और मोहम्मद अख्तर उर्फ तैयब (श्रेणी ग) के रूप में की गई।

यह अभियान श्री नरेन्द्र पाल सिंह, कमांडेंट 182 बटालियन और 183 बटालियन सीआरपीएफ के श्री आनंद कुमार, सेकंड-इन-कमांड दोनों की ओर से एक गतिशील नेतृत्व का उदाहरण था। दक्ष व्यावसायिक कौशल और रणनीतिक कुशाग्रता का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने सच्चे नीडर की तरह सामने से नेतृत्व किया। विपरीत परिस्थितियों में बहादुरी दिखाते हुए और जीवन के प्रति आसन्न खतरे का सामना करते हुए, उप-निरीक्षक अशोक जाखड़ और कांस्टेबल उज्ज्वल भुजेल की विधिवत सहायता से दोनों अधिकारियों ने आतंकवादियों को ढेर करना सुनिश्चित किया। उप-निरीक्षक अशोक जाखड़ और कांस्टेबल उज्ज्वल भुजेल ने अभियान के दौरान अत्यधिक जोखिम और जीवन के प्रति खतरे का सामना किया परन्तु वे अंतिम लक्ष्य के प्रति धैर्यवान और दृढ़ निश्चय बने रहे। यह अभियान फील्ड कमांडरों द्वारा प्रदान किए गए बहादुरीपूर्ण, साहसिक और गतिशील नेतृत्व के कारण पूर्णरूपेण सफल हुआ।

इस अभियान में श्री अशोक जाखड़, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च- कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.07.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 164-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. राजेन्द्र नाथ मलिक, सहायक कमांडेंट — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2. मुशकूर अहमद लोन, हेड कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. बिष्णु सिंह, हेड कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
4. भोई शैलेषकुमार, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
5. एजाज अहमद भट कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
6. मनीष वर्मा, कांस्बेटल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 08 अगस्त, 2017 को 180 बटालियन की सी और जी कम्पनियां वूयान, पम्पोर में जम्मू एवं कश्मीर के माननीय मुख्यमंत्री के दौरे के संबंध में कानून और व्यवस्था संबंधी कार्य पूरा करने के पश्चात् अपने शिविरों में लौट रहे थे। जब वे लगभग 12 बजे चक गांव के निकटवर्ती क्षेत्र में से गुजर रहे थे, तो श्री राजेन्द्र नाथ मलिक, सहायक कमांडेंट, सी/180 कम्पनी के कम्पनी कमांडर को गांव गुलाब बाग, पुलिस स्टेशन त्राल, जिला- पुलवामा में कुछ आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर शीघ्रता से कार्रवाई करते हुए, वे 180 बटालियन के कमांडेंट को सूचित करने के पश्चात् लक्षित गांव की ओर निकल पड़े।

गुलाब बाग एक घनी आबादी वाला गांव है, जो त्राल में 180 बटालियन के मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर स्थित है। गांव के दक्षिण दिशा के किनारे एक 100 मीटर चौड़ा नाला बहता है। जब सी कम्पनी गुलाबबाग गांव में पहुंची, तो 42 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) का दल गांव की दक्षिण दिशा की घेराबंदी कर रहा था। 42 आरआर के कम्पनी कमांडर के साथ संक्षिप्त विचार विमर्श के

पश्चात्, श्री राजेन्द्र नाथ मलिक, सहायक कमांडेंट ने गांव की उत्तरी दिशा की ओर अपना दल तैनात कर दिया। लगभग 1300 बजे, जब घेराबंदी की जा रही थी, तो आतंकवादियों ने यह सोचते हुए कि उनको सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिया गया है, सैन्यदलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इसी बीच, श्री राजेश कुमार, कमांडेंट-180 बटालियन भी अपने त्वरित कार्रवाई दल (क्यूएटी) के साथ लक्षित गांव में पहुंच गए और इस अभियान में शामिल हो गए।

आतंकवादियों की गोलीबारी का जवाब देते हुए, सुरक्षा बलों ने भी किसी सम्पार्श्विक क्षति से बचने के लिए सटीक और नियंत्रित जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। लगभग 1345 बजे दोनों ओर से भारी गोलाबारी के बीच, तीन आतंकवादी नाले से बच निकलने के प्रयास में सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए गांव से बाहर आ गए। उन्होंने अपने बच निकलने के प्रयास को सफल बनाने के लिए नाले के भीतर छलांग लगा दी। चूंकि, इस समय ग्रीष्म ऋतु थी, अतः नाले में बहुत कम पानी बहने से वह काफी हद तक सूख गया था और वे इसमें से आसानी से बचकर निकल सकते थे। नाले में प्राकृतिक चट्टानें/उखड़े हुए पेड़ आदि भी थे, जिससे आतंकवादियों को प्राकृतिक कवर मिल गया। उपर्युक्त के कारण सुरक्षा बलों की गोलीबारी विफल हो रही थी, इस बीच प्राकृतिक कवर का प्रयोग करते हुए आतंकवादी सुरक्षा बलों को पीछा करने से रोकने के लिए उन पर गोलीबारी करते रहे।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर, कमांडेंट-180 बटालियन ने श्री राजेन्द्र नाथ मलिक, सहायक कमांडेंट को आतंकवादियों का सामना करने तथा उन्हें बच निकलने से रोकने का निर्देश दिया। श्री राजेन्द्र नाथ मलिक, सहायक कमांडेंट ने हेड कांस्टेबल मुशकूर अहमद लोन, हेड कांस्टेबल बिष्णु सिंह, कांस्टेबल भोई शैलेषकुमार बाबूभाई, कांस्टेबल एजाज अहमद भट और कांस्टेबल मनीष वर्मा वाले अपने छोटे दल के साथ तुरंत नाले में प्रवेश किया और गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति अपनाते हुए एवं प्राकृतिक कवर का प्रयोग करते हुए आतंकवादियों की ओर आगे बढ़े। इसी बीच, 42 आरआर और एसओजी के सैन्यदल भी इनमें शामिल हो गए और अपने हमले को तेज कर दिया।

आतंकवादी, बीच-बीच, में आगे बढ़ रहे सैन्यदलों की ओर गोलीबारी कर रहे थे। इसी बीच मलिक दल के दो जवानों ने आतंकवादियों के आगे की ओर नाले को पार कर लिया और बचकर भाग रहे आतंकवादियों के रास्ते में रणनीतिक ढंग से मोर्चा संभाल लिया, जबकि मलिक और उनके दल के शेष सदस्य आतंकवादियों के बिल्कुल पीछे थे। निकट दूरी से पीछा करते समय, श्री राजेन्द्र नाथ मलिक, सहायक कमांडेंट ने दो आतंकवादियों को देखा जिन्होंने एक गिरे हुए पेड़ की छाल के पीछे कवर ले रखा था। उनमें से एक आतंकवादी ने निराशा में अपनी पोजीशन को छोड़ दिया और बच निकलने के लिए नाले के किनारे की ओर दौड़ पड़ा। अब तक, अपने शेष तीन बहादुर सैनिकों के साथ श्री राजेन्द्र नाथ मलिक, सहायक कमांडेंट ने भी नाले को पार कर लिया।

श्री राजेन्द्र नाथ मलिक, सहायक कमांडेंट और उनके साथी कांस्टेबल भोई शैलेषकुमार बाबूभाई ने आतंकवादी को किनारे की ओर आते हुए देखकर सभी सावधानियों को ताक पर रखकर बिल्कुल नजदीक से आतंकवादी पर हमला कर दिया और उसे मौके पर ही मार गिराया।

शेष दो आतंकवादियों ने स्वयं को बचाने के प्रयास में एक बड़े उखड़े हुए पेड़, जो नाले में तिरछा पड़ा हुआ था, के पीछे कवर ले लिया। आतंकवादियों ने नाले के किनारे की ओर आगे बढ़ते हुए सैन्यदलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करना जारी रखा। आगे बढ़ रहे सैन्यदलों की दूर रखने के लिए, एक आतंकवादी, जो किनारे के नजदीक पहुंच गया था, ने एक ग्रेनेड फेंका और हेड कांस्टेबल बिष्णु सिंह और उनके साथी एजाज अहमद भट पर गोलीबारी की। ग्रेनेड कुछ दूरी पर फट गया और चूंकि दोनों ने पेड़ों के पीछे कवर ले रखा था, अतः वे सुरक्षित लगने से बच गए। तथापि, उन्होंने अवसर का फायदा उठाया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अपने संबंधित कवर से बाहर आ गए और उन्होंने विलक्षण बहादुरी, अदम्य साहस और अत्यधिक व्यावसायिक दक्षता का प्रदर्शन करते हुए सशस्त्र आतंकवादी पर हमला कर दिया। दोनों ने अपनी सधी हुई गोलीबारी से दूसरे आतंकवादी को मार गिराया।

तीसरे आतंकवादी ने नाले में उखड़े हुए पेड़ की आड़ के पीछे से बीच-बीच में गोलीबारी करना जारी रखा। चूंकि, उसे घेर लिया गया था और यह महसूस करते हुए कि उसके दोनों सहयोगी पहले ही मारे जा चुके हैं, उसने अपने कवर को नहीं छोड़ा। वह अपनी ओर बढ़ने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति पर गोलीबारी करते हुए अपनी पोजीशन पर डटा रहा। इस अवसर पर, हेड कांस्टेबल मुशकूर अहमद लोन और उनके साथी कांस्टेबल मनीष वर्मा ने दुश्मन द्वारा सुरक्षा बलों को चोट पहुंचाए जाने से पहले उससे आमने सामने लड़ने का निर्णय लिया। वे दोनों गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति अपनाते हुए तीसरे आतंकवादी की ओर आगे बढ़े। अपनी जान को अत्यधिक आसन्न खतरे में डालते हुए, दोनों बहादुर जवान हमला करने की दूरी पर पहुंच गए और छिपे हुए आतंकवादी पर गोलीबारी की, और उसे मौके पर ही मार गिराया। इन बहादुर सैनिकों ने मुठभेड़ को अत्यधिक साहसिक ढंग से समाप्त किया।

इस अभियान के दौरान, सैन्यदलों द्वारा तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया, जिनकी पहचान बाद में पुलिस स्टेशन त्राल, जिला-पुलवामा के अंतर्गत बाटागुंड के निवासी अंसार-गजावत-उल-हिंद गुट के इशाक अहमद भट, श्रेणी 'क' पुत्र अब्दुल सलाम भट, पुलिस

स्टेशन त्राल, जिला-पुलवामा के अंतर्गत ग्राम-नावडाल के निवासी जाहिद अहमद, श्रेणी 'ख' पुत्र अब्दुल राशिद भट और पुलिस स्टेशन त्राल, जिला-पुलवामा के अंतर्गत ग्राम त्रिच के निवासी मोहम्मद अशरफ, श्रेणी 'ग' पुत्र गुलाम मोहम्मद डार के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों से 02 एके-47 राइफलें, 04 एके मैगजीन, एके गोलाबारूद के 105 राउंड, एक चाइनीज पिस्तौल, एक पिस्तौल की मैगजीन, पिस्तौल की गोलियों के 02 राउंड, 02 गोलियों के पाउच और एक ब्लैक कैन्वस की बेल्ट बरामद की गई।

इस अभियान के दौरान, श्री राजेन्द्र नाथ मलिक, सहायक कमांडेंट और उनके छोटे दल ने अनुकरणीय युद्ध कौशल एवं रणनीति, चतुराईपूर्ण रणनीतिक सूझबूझ, असाधारण साहस और धैर्य का प्रदर्शन किया। उन्होंने भारी विपरीत परिस्थितियों का सामना होने के बावजूद अपने सैन्यदलों को किसी प्रकार की समपार्श्विक क्षति या नुकसान के बगैर बिल्कुल नजदीक से कुशलता के साथ लड़ी गई लड़ाई में तीन आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया गया।

इस अभियान में, सर्व/श्री राजेन्द्र नाथ मलिक, सहायक कमांडेंट, मुशकूर अहमद लोन, हेड कांस्टेबल, बिष्णु सिंह, हेड कांस्टेबल, भोई शैलेषकुमार, कांस्टेबल, एजाज अहमद भट, कांस्टेबल और मनीष वर्मा, कांस्बेटल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09.08.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

———

सं. 165-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सिकन्दर यादव,
   सहायक कमांडेंट
2. सुरेन्द्र कुमार शर्मा,
   हेड कांस्टेबल
3. नवीन कुमार,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 1 अगस्त, 2017 को लगभग 0330 बजे, ग्राम-हाकरीपोरा, पुलिस स्टेशन एवं जिला-पुलवामा क्षेत्र में 2-3 आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में राज्य पुलिस से एक विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, श्री सिकन्दर यादव, सहायक कमांडेंट की कमान में 183 बटालियन की बी कम्पनी के त्वरित कार्रवाई दल (क्यूएटी), मेजर अखिल की कमान में 55 आरआर के दो युद्ध संबंधी कार्रवाई दलों (सीएटी) और जम्मू और कश्मीर पुलिस (जेकेपी) के उप-निरीक्षक नूरबो ओनपो के नेतृत्व में विशेष अभियान दल तथा एसओजी नेवा द्वारा एक विशेष संयुक्त घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) की योजना तैयार की गई तथा तत्पश्चात् इसे शुरू किया गया।

हाकरीपोरा एक घनी आबादी वाला गांव है जिसमें सीआरपीएफ की 183 बटालियन की बी कम्पनी के मुख्यालय से लगभग 5 किमी. की दूरी पर 160 के आस-पास घर स्थित हैं। यह गांव घने बगीचों से घिरा हुआ है और यहां प्रायः खूंखार एलईटी आतंकवादी कमांडर अबु दुजाना आता-जाता रहता था। यहां के ग्रामीण पूर्ण रूप से आतंकवादियों के समर्थक हैं और वे विशेषतौर पर सैन्य बलों के विरोधी हैं। गांव के एक घर में, जो एक मंजिला घर था, 2-3 आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना से अत्यधिक वांछित एलईटी आतंकवादी अबु दुजाना की उपस्थिति के बारे में भी पता चला, जो काफी लम्बे समय से सुरक्षा बलों को बड़ी चालाकी से चकमा दे रहा था। यह घर एक छोटे से परिसर में स्थित था जो एक चारदीवारी से घिरा हुआ था जिसमें एक और घर भी मौजूद था और यह जामा मस्जिद के सामने स्थित था।

संयुक्त योजना के पश्चात, बी/183 की क्यूएटी, एसओजी नेवा के साथ-साथ 55 आरआर के दो युद्ध संबंधी कार्रवाई दल (सीएटी) लगभग 20 मिनट में ग्राम- हाकरीपोरा पहुंच गए और लक्षित घर के निकटवर्ती लगभग 12 घरों के चारों ओर कड़ी घेराबंदी कर दी। संदिग्ध घर से लगभग 20 मीटर की दूरी पर स्थित गली के प्रवेश पर बीपी बंकर स्थापित कर दिया गया। सिकन्दर यादव ने लक्षित घर के सामने की दिशा के साथ-साथ दायीं ओर रणनीतिक ढंग से अपनी क्यूएटी को तैनात कर दिया। वे स्वयं अपने साथी कांस्टेबल नवीन कुमार के साथ इधर-उधर चक्कर लगाते रहे और लक्षित घर पर कड़ी निगरानी रखी। मेजर अखिल के नेतृत्व में आरआर के सैन्यदलों न लक्षित घर के पीछे की ओर पोजीशन ले ली और एसओजी नेवा ने स्वयं लक्षित घर के दायीं ओर पोजीशन ले ली। चूंकि, सुरक्षा बल संख्या में अपर्याप्त थे, इसलिए सीआरपीएफ की 182 और 183 बटालियनों, जेकेपी और आरआर से अतिरिक्त सैन्यदल की मांग की गई। प्रभात होने पर, श्री कुमार मयंक, सेकंड-इन-कमांड-182 बटालियन और श्री आनंद कुमार, सेकंड-इन-कमांड-183 बटालियन की कमान में सीआरपीएफ की 182 और 183 बटालियनों की यूनिट क्यूएटी, 55 आरआर के अतिरिक्त सैन्यदलों और सिविल पुलिस वाले सहायक सैन्यदल वहां पहुंच गए और उन्होंने घेराबंदी को मजबूत कर दिया। कुमार मयंक और उनके साथी सहायक उप-निरीक्षक गंगाराम और श्री राज वर्धन, सहायक कमांडेंट, 183 बटालियन और उनके साथी हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार शर्मा भी भीतरी घेराबंदी में शामिल थे। संदिग्ध घरों की तलाशी करने के लिए सेना, जेकेपी और सीआरपीएफ के चुनिंदा अधिकारियों और जवानों, जिनमें श्री सिकन्दर यादव और उनके साथी भी शामिल थे, का एक दल तैयार किया गया। यह भलीभांति जानते हुए की इन घरों में आम लोग मौजूद हैं, सुरक्षा की दृष्टि से उनको बाहर निकालने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, तलाशी दल रणनीतिक ढंग से संदिग्ध घर के समीप पहुंच गया और उसने खिड़की से भीतर प्रवेश किया तथा एक नागरिक को बचाया, जिसने घर के भीतर अत्याधुनिक हथियारों के साथ दो आतंकवादियों की उपस्थिति की पुष्टि की। इसी बीच, सार्वजनिक सूचना प्रणाली पर बार-बार आतंकवादियों से अपने हथियार डालने की घोषणा की गई, परन्तु इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। सुरक्षा बलों की बढ़ती हुई गतिविधि को देखते हुए, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिसका लक्षित घर के आसपास रणनीतिक ढंग से पहले से ही मौजूद सैन्यदलों द्वारा प्रभावशाली ढंग से जवाब दिया गया। कवर फायर की उपयुक्त सहायता से तलाशी दल अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आगे बढ़ता रहा। यह एक मंजिला भवन था और आतंकवादी अटारी पर सुरक्षित रूप से बैठे हुए थे और इसलिए बाहरी गतिविधियों पर नजर रख सकते थे। जब तलाशी दल लक्षित घर के बिल्कुल निकट पहुंचा, तो उन पर भारी गोलीबारी की गई। सिकन्दर यादव और उनके साथी बाल-बाल बच गए। उपयुक्त कवर लेते हुए सैन्यदल ने जोरदार जवाबी हमला किया। परस्पर भारी गोलीबारी के कारण, मुख्य रूप से लकड़ी की बनी हुई अटारी में आग लग गई, जिससे आतंकवादी नीचे उतरने के लिए मजबूर हो गए। बाहर निकलने के दुस्साहसिक प्रयास में वे सुरक्षा बलों पर जोरदार ढंग से गोलीबारी करते रहे। परस्पर भारी आपसी गोलीबारी के कारण तलाशी दल आगे नहीं बढ़ सका। वे पीछे हट गए और उन्होंने रणनीतिक ढंग से घर के आसपास मोर्चा संभाल लिया। अंतिम प्रयास में, आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए घर के बाहर आ गए। वे हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार शर्मा की दिशा में आगे बढ़ रहे थे, जो आरआर और एसओजी के अन्य सदस्यों के साथ भीतरी घेराबंदी में मौजूद थे। सुरेन्द्र कुमार शर्मा आतंकवादियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहे थे। उनको अपनी ओर आते हुए देखकर, उन्होंने मौके का फायदा उठाते हुए आतंकवादियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई से चकित होकर, वे सुरक्षा के लिए पीछे हट कर घर के अन्दर चले गए। इस आपसी गोलीबारी में शायद एक आतंकवादी को चोट लग गई। रूक-रूक कर यह गोलीबारी लगभग 4 घंटे तक चली। तत्पश्चात् अचानक सन्नाटा छा गया। जब लक्षित घर से कोई और गोलीबारी नहीं हुई, तो आईईडी की सहायता से घर को उड़ाने का निर्णय लिया गया। आईईडी लगाने के लिए संयुक्त दल तैयार किए गए जिसमें आरआर और सीआरपीएफ के सैन्यदल शामिल थे। सिकन्दर यादव और उनके साथी ने आईईडी को सफलतापूर्वक लगाने और बाद में घर को उड़ाने के लिए जाने वाले इन दलों को कवर फायर प्रदान किया। उस इमारत के ढह जाने और लपटें शांत हो जाने के पश्चात, सिकन्दर यादव के नेतृत्व वाले सीआरपीएफ, जेकेपी और आरआर के रूम इंटरवेंशन दल ने खिड़की से घर में प्रवेश किया। वह घर जले हुए अवशेषों के अंगारों के कारण कढ़ाई जैसा लग रहा था। जब तलाशी दल नजदीक गए, तो एक आतंकवादी, जिसने स्वयं को अपने हमवतन के शव के पीछे चालाकी से छिपा रखा था, ने तलाशी दल पर अचानक गोलियों की बौछार कर दी। सिकन्दर यादव और उनका साथी, जो नेतृत्व कर रहे थे, इस अप्रत्याशित हमले से बाल-बाल बच गए। एकाएक सिकन्दर यादव, नवीन कुमार के संयुक्त दल ने अपनी स्वयं की सुरक्षा की परवाह न करते हुए भीषण जवाबी हमला किया और आतंकवादी पर जोरदार गोलीबारी की और उसे निष्क्रिय कर दिया।

तलाशी के दौरान दो आतंकवादियों जिनकी पहचान अबु दुजाना, श्रेणी 'क++', डिविजनल कमांडर, निवासी पाकिस्तान और आरिफ नबी डार उर्फ रेहान पुत्र गुलाम नबी डार निवासी लेलहार काकापोरा श्रेणी 'ख' के रूप में की गई, के शवों के साथ-साथ एक एके-56 राइफल, चार एके-56 मैगजीन, 7.62x39 गोलाबारूद के 50 राउंड, मैगजीन के साथ चाइनीज पिस्तौल और समकक्ष गोलाबारूद बरामद किए गए।

इस अभियान में, सर्व/श्री सिकन्दर यादव, सहायक कमांडेंट, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल और नवीन कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01.08.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 166-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री प्रदीप कुमार पाठक,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30 नवम्बर, 2017 को भोर में, जिला-बारामुला में पुलिस स्टेशन बोमई, पीडी-सोपोर के अंतर्गत ग्राम सागीपोरा के क्षेत्र में एक पहाड़ी पर आतंकवादियों की गतिविधियों के बारे में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, सेना के 9 पैरा द्वारा एक विशेष अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान, आतंकवादियों ने 09 पैरा के सैन्यदलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके फलस्वरूप एक जवान गोली लगने से घायल हो गया। जब 9 पैरा के सैन्यदलों ने जवाबी कार्रवाई की, तो आतंकवादी पहाड़ी से उतर कर सागीपोरा गांव के कुमार मोहल्ला की दिशा में भाग गए। यह सूचना एसएसपी सोपोर द्वारा लगभग 1000 बजे कमांडेंट, 92 बटालियन, सीआरपीएफ के साथ टेलीफोन पर साझा की गई, जिन्होंने श्री एस.एस. देव, उप-कमांडेंट की कमान में अपने त्वरित कार्रवाई दल (क्यूएटी) को लक्षित क्षेत्र की ओर जाने का निदेश दिया। इस पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए, 92 बटालियन की क्यूएटी लक्षित क्षेत्र में पहुंच गई और इस अभियान में जम्मू एवं कश्मीर पुलिस और 22 आरआर के विशेष अभियान दल में शामिल हो गई।

92 बटालियन की क्यूएटी के सागीपोरा गांव में पहुंचने के पश्चात, संयुक्त सैन्यदलों ने गांव और निकटवर्ती पहाड़ियों की तलाशी शुरू कर दी। इसी बीच, 92 बटालियन, 172 बटालियन एवं 179 बटालियन के अतिरिक्त सैन्यदल भी घटना स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने आतंकवादियों को बच निकलने से रोकने के लिए गांव के चारों ओर कड़ी घेराबंदी कर दी। जब तलाशी जारी थी, तो एक आतंकवादी, जिसने नाले में पोजीशन ले रखी थी, डराने और सुगमता से बच निकलने के इरादे से भारी गोलीबारी करते हुए 92 बटालियन के तलाशी दल की ओर दौड़ा। तथापि, सैन्यदल सतर्क थे और उन्होंने प्रभावशाली ढंग से जवाबी कार्रवाई की और इस प्रकार उसकी योजना को विफल कर दिया। इसके परिणामस्वरूप आतंकवादी और सुरक्षा बलों के बीच परस्पर भारी गोलीबारी शुरू हो गई। उस आतंकवादी ने अपने फायदे के लिए उबड़-खाबड़ क्षेत्र और नाले के प्राकृतिक कवर का चतुराई से प्रयोग किया और वह सुरक्षा बलों की गोलीबारी से बचने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर आता-जाता रहा।

कुछ समय पश्चात, रूक-रूक हो रही गोलीबारी के दौरान, क्यूएटी 92 बटालियन के कांस्टेबल प्रदीप कुमार पाठक ने यह देखा कि वह आतंकवादी घटनास्थल से बच निकलने के लिए नाले में रेंगकर चलने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आतंकवादी की ओर सधी हुई गोलीबारी की जो उनकी पोजीशन से प्रभावशाली साबित नहीं हुई, क्योंकि लक्ष्य की दिशा अधिक स्पष्ट नहीं थी। बहादुर व्यक्ति ऐसे अवसरों को व्यर्थ नहीं जाने देते। जोशपूर्ण ढंग से, अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, कांस्टेबल प्रदीप कुमार अपने कवर से बाहर आकर दौड़े और रेंगकर आतंकवादी की ओर गए तथा शत्रु की चाल का अनुमान लगाते हुए उपयुक्त पोजीशन ले ली। इस पोजीशन से, उन्हें यह विश्वास था कि वे भाग रहे आतंकवादी को प्रभावशाली ढंग से रोकने में सफल रहेंगे। जैसा कि अनुमान था, आतंकवादी लगातार गोलीबारी करते हुए कांस्टेबल प्रदीप कुमार की दिशा में आगे बढ़ा। जैसे ही आतंकवादी हमला करने की सीमा में आया, तो कांस्टेबल प्रदीप कुमार अपने कवर से बाहर आ गए और अपने हथियार से सधी हुई भारी गोलीबारी शुरू कर दी तथा आतंकवादी को मौके पर ही मार गिराया।

जब सबकुछ शांत हो गया और परस्पर कोई गोलीबारी नहीं हुई, तो उस क्षेत्र की पूरी तलाशी की गई, जिसके परिणामस्वरूप एक एके-47 राइफल, 01 यूबीजीएल, 05 मैगजीनों, गोलाबारूद के 124 राउंड, 03 यूबीजीएल राउंड और 01 पाउच के साथ-साथ एक मारे गए आतंकवादी का शव बरामद हुआ। मृत आतंकवादी की पहचान मुज्जामिल (श्रेणी-ए++), निवासी पाकिस्तान के रूप में की गई। वह उत्तर कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का डिवीजनल कमांडर था।

इस अभियान में, श्री प्रदीप कुमार पाठक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.11.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 167-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)/पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक	
सर्व/श्री	
1. शरीफ-उद-दीन गनाई, कांस्टेबल	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)
2. मो. तफैल, हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)
3. अमर सिंह नेगी, उप महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4. नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
5. एस. प्रकाश, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
6. जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
7. लोकराकपम इबोम्चा सिंह, सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
8. उत्तम राज, सहायक उप-निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
9. बुधी सिंह, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
10. जुल्फकार अहमद, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

वर्ष 2017 कश्मीर घाटी में विद्रोह-रोधी अभियानों के लिए महत्वपूर्ण था, जिसमें घाटी में आतंकवाद के अशांतिपूर्ण इतिहास में एक कैलेंडर वर्ष में पहली बार 200 से अधिक आतंकवादियों को निष्क्रिय किया गया। वर्ष के अंत तक, सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियानों ने वस्तुतः दो प्रमुख आतंकवादी संगठनों नामतः लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) की कमर तोड़ दी। इस आघात से उबरने के लिए जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) गुट ने वर्ष की अंतिम तिमाही में बड़ी मात्रा में विदेशी आतंकवादियों (एफटी), जिनकी संख्या लगभग 36 थी, को शामिल करके शीर्ष स्थान हासिल कर लिया था जिसमें उन्हें सैन्यदलों को अधिक से अधिक हताहत करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ सुरक्षा बलों के शिविरों पर फिदायीन हमले करने का कार्य सौंपा गया था।

दक्षिण कश्मीर में अवंतीपुरा के नजदीक सीआरपीएफ का लेथपोरा शिविर, एक संवेदनशील शिविर है, उस क्षेत्र के बड़े सुरक्षा बल प्रतिष्ठानों में से एक है, जो 131 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग से लगभग तीन किमी. अंदर की ओर स्थित है। वर्तमान में, इसमें दो सर्विस कम्पनियों के साथ-साथ 185 बटालियन सीआरपीएफ का यूनिट मुख्यालय है। इस शिविर में जवानों के बैरक, पुरुष क्लब, एसओ मेस, कार्यालय परिसर, आवासीय क्वार्टरों, अस्पताल ब्लॉक आदि सहित कई बहु-मंजिला भवन हैं। इस स्थान का उपयोग कश्मीर ऑप्स सेक्टर सीआरपीएफ के प्रशिक्षण नोड के रूप में भी किया जा रहा है, जिसमें ऑप्स सेक्टर के यूनिटों के कार्मिकों के लिए नियमित आधार पर भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण और अन्य पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। खतरे की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए, 4.5 किमी. लम्बी चारदीवारी के दायरे में बाड़ लगाने और परिधि में रोशनी की व्यवस्था करने सहित सुरक्षा संबंधी अवसंरचना के स्तरोन्नयन का कार्य सीपीडब्ल्यूडी के साथ प्रक्रिया में है। आतंकवादियों द्वारा शिविर पर हमला किए जाने की सुभेद्यता के कारण, शिविर की सुरक्षा के लिए दैनिक आधार पर बड़ी संख्या में सैन्यदल तैनात किए जाते हैं।

दिनांक 23 दिसम्बर, 2017 को, सिविल पुलिस से रात में शिविर पर एक फिदायीन हमले की संभावना के संबंध में आसूचना संबंधी जानकारी प्राप्त हुई। तदनुसार, सुरक्षा को मजबूत कर दिया गया और संरचनात्मक अपर्याप्तता के बावजूद, सम्पूर्ण शिविर को हाई अलर्ट पर रख दिया गया। एहतियाती उपाय के रूप में स्थाई त्वरित कार्रवाई दलों को भी अतिरिक्त रूप से तैनात कर दिया गया। सभी सुरक्षापायों के बावजूद, लगभग 0200 बजे, जेईएम गुट के तीन भारी हथियारबंद आतंकवादी मोर्चा सं. 11 और 12 के बीच परिधि की दीवार को तोड़ते हुए पूर्वोत्तर पहाड़ी की ओर से चोरी-छिपे उस परिसर में घुसे और उबड़-खाबड़ क्षेत्र तथा झाड़ियों का फायदा उठाते हुए आवासीय क्वार्टरों की ओर आगे बढ़े। बाउंडरी को पार करने के पश्चात, आतंकवादियों ने संतरियों और गश्त दल पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका तुरंत जवाब दिया गया। तथापि, शिविर के भीतर कम रोशनी और परिधि की बाड़ के भीतर उबड़-खाबड़ क्षेत्र और झाड़ियों के बड़े हिस्से का लाभ उठाते हुए, आतंकवादी थोड़ा और भीतर जाने में सफल हो गए तथा बैरकों के बाहर तैनात संतरी को निशाना बनाते हुए वे टाइप-2 और टाइप-4 क्वार्टरों के चार मंजिला भवन के अंदर जाने में सफल हो गए। 185 बटालियन सीआरपीएफ के संख्या 065343211 कांस्टेबल शरीफ-उद-दीन गनाई जो सुरक्षा चेतावनी के कारण अपने साथियों के साथ टाइप-2 क्वार्टर के ब्लॉक संख्या-1 में सहायता के लिए खड़े हुए थे, बंदूक की गोलियों की आवाज सुनकर तुरंत हरकत में आ गए। बड़े परिसर के कारण, उस वास्तविक स्थान की पहचान करना मुश्किल था, जहां से गोलीबारी और विस्फोटों की आवाज आ रही थी। तथापि, भवन की सुरक्षा करने की अत्यावश्यकता के कारण, शरीफ-उद-दीन गनाई अपनी जान की परवाह किए बिना आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक ढंग से क्वार्टर से बाहर आ गए। जब वे बाहर निकल रहे थे, तो सामने स्थित टाइप-4 क्वार्टर में मौजूद आतंकवादियों ने टाइप-2 क्वार्टर की ओर गोलीबारी की। कांस्टेबल शरीफ-उद-दीन गनाई तुरंत सीढ़ियों के खुले क्षेत्र में रेंगने लगे और उस दिशा में जवाबी गोलीबारी की जहां से गोलीबारी की गई थी। आतंकवादी इस अचानक जवाबी कार्रवाई से स्तब्ध हो गए। शरीफ-उद-दीन गनाई इस पर नहीं रूके। उन्होंने अपने साथियों को कमरों से बाहर न आने का निर्देश देते हुए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की और आतंकवादियों के स्थान की स्पष्ट रूप से पहचान करने के लिए साहसपूर्ण ढंग से अकेले ही सीढ़ियों की लोहे वाली रेलिंग के नजदीक आ गए और आतंकवादियों को सामने वाले बैरक में देखते ही उन्होंने अपनी राइफल से कई गोलियां चलाईं। तथापि, इस आगामी बंदूक की लड़ाई में आतंकवादी ने सीढ़ियों पर एक यूबीजीएल से फायर किया। इसके परिणामस्वरूप, शरीफ-उद-दीन गनाई स्प्लिंटर की चोट से गंभीर रूप से घायल हो गए, लेकिन वे निडरता के साथ उस समय तक गोलीबारी करते रहे, जब तक कि वे बेहोश होकर सीढ़ियों पर नहीं गिर गए। आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और वे टाइप-2 और 4 क्वार्टरों के ऊपरी मंजिल की अटारी पर चले गए, जबकि बैरकों में रह रहे कार्मिकों ने अपने दरवाजे बन्द कर लिए ताकि आतंकवादियों को जबरन प्रवेश करने से रोका जा सके।

185 बटालियन सीआरपीएफ के सं. 903040734 सहायक उप-निरीक्षक उत्तम राज के साथ-साथ सात जवानों को मोर्चा संख्या 9 और बट्ट रेंज सं. 1 के बीच वाले खुले क्षेत्र में क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बंकर पर तैनात किया गया था। टाइप 2 और 4 क्वार्टर वाले क्षेत्र में गोलीबारी और विस्फोट की आवाज सुनने पर उत्तम राज तुरंत उस क्षेत्र की ओर गए तथा कांस्टेबल मालमे समाधान को आतंकवादियों की गोलीबारी से जख्मी हालत में पाया गया। आतंकवादियों की पोजीशन स्पष्ट नहीं होने के बावजूद, उत्तम राज ने खुले क्षेत्र में निकलकर स्वयं को गंभीर खतरे में डाल दिया और बिना समय गंवाए घायल जवान को प्राथमिक सहायता पहुंचाने के लिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। तत्पश्चात्, उन्होंने बंकर को रणनीतिक ढंग से टाइप 4 और 5 के क्वार्टरों के बीच लगा दिया। आतंकवादियों ने वाहन को देखकर उसकी पोजीशन की तरफ गोलीबारी जारी रखी, जिसका उत्तम राज और उनके दल ने अतिरिक्त सहायता पहुंचने तक प्रभावशाली ढंग से जवाब दिया। इस तरीके से, उन्होंने शुरूआती तौर पर काफी समय तक आतंकवादियों को उलझाए रखा, जिससे कार्मिकों को कवर लेने तथा स्वयं को क्वार्टरों में सुरक्षित करने का समय मिल गया।

सीआरपीएफ कैंप पर फिदायीन हमले के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर तत्काल, श्रीनगर से वैली क्यूएटी और दक्षिण कश्मीर ऑप्स रेंज (एसकेओआर) और अनंतनाग की रेंज क्यूएटी की मांग की गई तथा उन्होंने लगभग 0400 बजे लेथपोरा में रिपोर्ट किया। शिविर कमांडर द्वारा ब्रीफिंग और क्यूएटी द्वारा जमीनी स्थिति का शीघ्र मूल्यांकन करने के पश्चात, क्यूएटी को कक्ष में प्रवेश करने और छानबीन करने का कार्य सौंपते हुए सर्वप्रथम टाइप 2 और 4 क्वार्टरों में फंसे हुए कार्मिकों को बाहर निकालने का निर्णय लिया गया।

तदनुसार, रेंज क्यूएटी, अनंतनाग को टाइप 4 क्वार्टरों के ब्लॉक 1 और 2 को खाली कराने का कार्य सौंपा गया जिसमें 185 बटालियन के दो कार्मिक फंसे हुए थे और उन्हें बचाने की आवश्यकता थी। अपने स्काउट के नेतृत्व वाले दल, 163 बटालियन के सं. 125075282 कांस्टेबल जुल्फकार अहमद (रेंज क्यूएटी, अनंतनाग से सम्बद्ध) ने सावधानीपूर्वक तलाशी ली और भूतल से ऊपरी मंजिल तक 8 क्वार्टरों को खाली कराया तथा कुछ कार्मिकों को सुरक्षित बाहर निकाला। अब यह स्पष्ट था कि टाइप 4 क्वार्टर के भीतर वाला आतंकवादी ब्लॉक 1 में ही था और उसने अटारी को पार नहीं किया था। कांस्टेबल जुल्फकार अहमद ने अपने साथी के साथ स्वयं ब्लॉक 2 और 3 के जंक्शन पर रणनीतिक रूप से मोर्चा संभाल लिया ताकि आतंकवादी की गतिविधि पर नजर रखी जा सके और उसे ब्लॉक 3 से ब्लॉक 2 में जाने से रोका जा सके तथा इस प्रकार की किसी संभावित घटना की स्थिति में उसे देखते ही मारा जा सके। यह बहुत ही संवेदनशील पोजीशन थी क्योंकि यह सीढ़ियों पर बिल्कुल खुला हुआ क्षेत्र था और इस बात की बहुत अधिक संभावना थी कि आतंकवादी अपने बच निकलने का मार्ग बनाने के लिए अटारी से गोलीबारी करेगा। तथापि, उस स्थान पर डटे रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं था और जुल्फकार अहमद अपने काम पर डटे रहे।

इस अवधि के दौरान, श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट और श्री एल. इबोम्चा सिंह, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व वाली वैली क्यूएटी के साथ-साथ 44 बटालियन, सीआरपीएफ के कांस्टेबल बुधी सिंह सं. 045232487 और 43 बटालियन, सीआरपीएफ के कांस्टेबल एस. प्रकाश सं.115031994 (दोनों वैली क्यूएटी से सम्बद्ध) ने 185 बटालियन के कांस्टेबल शरीफ-उद-दीन गनाई, जिनकी बहादुरी के साथ आतंकवादियों की गोलीबारी का जबाव देते समय घायल होने के कारण मृत्यु हो गई थी, का शव निकालने के लिए एक साथ टाइप-।। क्वार्टर के प्रथम ब्लॉक के भूतल में प्रवेश किया। यह एक मुश्किल काम था, क्योंकि कार्मिकों को खुली सीढ़ियों से होकर आगे बढ़ना था, जिसको ब्लॉक के ठीक सामने वाले टाइप 4 क्वार्टर के ब्लॉक 3 में छिपे आतंकवादियों द्वारा आसानी से निशाना बनाया जा सकता था। सतत् प्रयासों और उपयुक्त कवर फायर देने के पश्चात ही यह दल अंततः शहीद कांस्टेबल शरीफ-उद-दीन गनाई के शव को बरामद करने में सफल हो सका। इस कठिन निकासी के पश्चात, नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट, एल. इबोम्चा सिंह, सहायक कमांडेंट के साथ-साथ कांस्टेबल बुधी सिंह और कांस्टेबल एस. प्रकाश सं.115031994 यूनिट नियंत्रण कक्ष, सिग्नल सेन्टर, ऑप्स शाखा और एमआई कक्ष वाले टाइप 4 क्वार्टरों के ब्लॉक 3 के पहले दो तलों में फंसे हुए लगभग 5-6 कार्मिकों को बचाने के लिए आगे बढ़े। यह अत्यधिक जोखिम से भरा हुआ काम था क्योंकि दल को दोनों ओर के दो क्वार्टरों के बीच से होकर गुजरना था जिसमें आतंकवादी स्पष्ट निगरानी के साथ तैनात थे और हमला करने की लाभपूर्ण पोजीशन में थे। ऐसा हुआ कि जब सैन्यदल टाइप 4 क्वार्टर के बिल्कुल नजदीक पहुंच रहा था, तो टाइप 4 क्वार्टर में पोजीशन लिए हुए आतंकवादी ने उन पर यूबीजीएल से हमला किया और ग्रेनेड फेंका, जिससे इस प्रक्रिया में बीपी जिप्सी पंक्चर हो गई। सैन्यदल को वह वाहन मजबूरन छोड़ना पड़ा और वे अपने जीवन के प्रति गंभीर खतरे के बावजूद बिना किसी कवर के खुले में टाइप 4 क्वार्टर की ओर आगे बढ़े। कक्ष में प्रवेश और उसकी की छानबीन संबंधी कठिन प्रक्रिया के पश्चात, भारी कठिनाइयों का सामना करते हुए निरीक्षक/क्रिप्टो कुलदीप रॉय, जो बेहोशी की हालत में पाए गए थे और जिनकी बाद में दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई थी, के साथ-साथ फंसे हुए कार्मिकों को बाहर निकालने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। सुरक्षित बाहर निकालने का कार्य पूरा हो जाने पर, टाइप 4 क्वार्टर के ब्लॉक 3, जहां आतंकवादी लगातार तीसरे तल पर दिया हुआ था, के ठीक सामने टाइप 5 क्वार्टर में कमान पोस्ट स्थापित की गई। तत्पश्चात् सैन्यदलों ने सीजीआरएल और एमजीएल से गोलीबारी करते हुए जवाबी हमला किया।

इसी बीच, टाइप 4 के पीछे स्थित टाइप 2 क्वार्टरों के ब्लॉक 2 में भी कुछ लोग थे, जिनको बचाए जाने की आवश्यकता थी। उन्हें बाहर न निकलने का निर्देश दिया गया क्योंकि उस ब्लॉक में आतंकवादियों की पोजीशन और संख्या स्पष्ट नहीं थी। 185 बटालियन, सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल मो. तफैल अहमद सं.920200102 को आतंकवादियों की किसी भी घुसपैठ को रोकने और कक्षों में मौजूद उन सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक 2 के तीसरे तल की सुरक्षा करने का कार्य सौंपा गया। उनकी पोजीशन असुरक्षित थी क्योंकि यह बिना किसी कवर के थी और इस पर हमलों की संभावना थी। वे आसपास की सभी गतिविधियों को बारीकी से देख रहे थे और उसे सुन भी रहे थे। लगभग 1030 बजे, उन्होंने अटारी में कुछ गतिविधि देखी। वे बिना किसी डर के बहादुरी के साथ अपने दो साथियों सहित अटारी की छानबीन करने और उसे सुरक्षित करने के लिए आगे बढ़े। जब वे सामने की पोजीशन की ओर गए, तो उन्होंने अटारी पर छिपे हुए एक आतंकवादी को देखा और उसे चुनौती दी। यह एक विलक्षण आमने-सामने की लड़ाई थी, जिसमें हेड कांस्टेबल मो. तफैल अहमद डटे रहे। दोनों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, आतंकवादी ने चोटी पर लाभप्रद पोजीशन में होने के कारण मो. तफैल अहमद, जो अपनी अंतिम सांस तक बहादुरीपूर्ण ढंग से लड़ते रहे, को गंभीर चोटें पहुंचाई। इस वीरतापूर्ण कार्रवाई में, मो. तफैल अहमद ने छिपे हुए आतंकवादी की पोजीशन को उजागर कर दिया और उसके द्वारा योजनाबद्ध गुप्त हमले से बहुत से कार्मिकों को बचा लिया।

टाइप 2 क्वार्टर के ब्लॉक 2 की अटारी में छिपे आतंकवादी को तत्काल निष्क्रिय करना अब अत्यधिक महत्वपूर्ण था, क्योंकि वह दोनों ओर के कमरों में फंसे हुए कार्मिकों को निशाना बनाने की पोजीशन में था। इस स्थिति से निपटने के लिए, लगभग 1045 बजे, रेंज क्यूएटी एसकेओआर और अनंतनाग को टाइप 2 क्वार्टर से फंसे हुए लगभग 20 कार्मिकों को बाहर निकालने बचाने का कार्य सौंपने का

निर्णय लिया गया। तदनुसार, दोनों क्यूएटी कमांडरों को लक्षित भवन से लगभग सौ मीटर दूर स्थित पुरुष के क्लब के नजदीक डीआईजी एसकेओआर और अनंतनाग द्वारा पूर्ण जानकारी दी गई। रेंज क्यूएटी अनंतनाग को भवन के ब्लॉक 1 और 2 को सुरक्षित करने का कार्य सौंपा गया तथा रेंज क्यूएटी एसकेओआर को ब्लॉक 3 को सुरक्षित करने का कार्य सौंपा गया। पूर्ण जानकारी प्राप्त होने के पश्चात दोनों क्यूएटी ने अपने संबंधित कमांडरों की कमान में अपना कार्य शुरू कर दिया। एसकेओआर की रेंज क्यूएटी ब्लॉक 3 से ऊपर की ओर बढ़ी और रेंज क्यूएटी अनंतनाग इसी ढंग से ब्लॉक 1 से ऊपर की ओर बढ़ी। एसकेओआर क्यूएटी कमांडर श्री जिले सिंह, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार नैन (जो एक भारी बुलेट प्रूफ (बीपी) शील्ड ले जा रहे थे) और 180 बटालियन के कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार सं.145081561 के साथ सबसे आगे थे। ब्लॉक 3 के दूसरे और तीसरे तल से लगभग 10 कार्मिकों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने के पश्चात, जिसमें कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, दल ने ब्लॉक 2 में जाने का निर्णय लिया। जब एसकेओआर क्यूएटी तीसरे तल पर अटारी की ओर जाने वाले दरवाजे पर पहुंची, तो भीतर छिपे आतंकवादी ने अपनी एके-47 राइफल से गोली चला दी। दोनों ओर से परस्पर गोलीबारी शुरू हो गई और क्यूएटी कमांडर और उनके साथी ने बहादुरी के साथ इसका जबाव दिया। तथापि, आतंकवादी के द्वारा चलाई गई एक गोली जो कि संभवतः कवचभेदी (एपीआई) गोली थी, राजेन्द्र कुमार नैन, जो सबसे आगे थे, की बीपी शील्ड में घुस गई और उनकी छाती के ऊपरी हिस्से में जा लगी। बीपी शील्ड फर्श पर गिर गई और कांस्टेबल नैन अटारी के दरवाजे के ठीक सामने फर्श पर गिर गए। कोई समय बरबाद किए बिना और अपनी जान की परवाह किए बिना, जितेन्द्र कुमार दरवाजे के निकट पहुंच गए और आतंकवादी को कांस्टेबल राजेन्द्र नैन को और अधिक चोट पहुंचाने से रोकने के लिए कवर गोलीबारी शुरू कर दी और इस प्रक्रिया में क्यूएटी कमांडर उन्हें खींचकर सीढ़ियों पर सुरक्षित स्थान पर ले जाने में सफल हो गए। कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार ने अपनी जोखिमपूर्ण पोजीशन नहीं छोड़ी और उन्होंने आतंकवादी को उलझाए रखा, जिसके कारण वह सीढ़ियों पर यूबीजीएल अथवा ग्रेनेड फेंककर हमला नहीं कर सका, जिससे कार्रवाई के लिए वहां तैनात सैन्यदलों को गंभीर क्षति हो सकती थी। इसी बीच, क्यूएटी कमांडर ने तत्काल वायरलेस सेट पर सहायता मांगी। सभी ओर आंतक फैला हुआ था। यह एक अत्यधिक कठिन स्थिति थी क्योंकि आतंकवादी ने छोटी सी अवधि में दो बार चोट पहुंचा दी थी। हर व्यक्ति अशांत और बेचैन था।

इस अवसर पर, श्री ए. एस. नेगी, उप-महानिरीक्षक एसकेओआर और रेंज क्यूएटी के प्रभारी उस भवन में गंभीर खतरा मंडराने के बावजूद तुरंत आगे बढ़े, अपने निजी हथियार को लिया, बीपी पटका पहना और क्यूएटी कमांडर की सहायता करने के लिए शीघ्रता से ब्लॉक 3 की सीढ़ियों पर गए। बीच में वे जिले सिंह से मिले, उसका मनोबल बढ़ाया और वे एक साथ आगे ऊपरी तल पर गए। सर्वप्रथम, श्री ए. एस. नेगी, डीआईजी ने कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार के साथ अति आवश्यक चिकित्सा सहायता के लिए घायल कांस्टेबल राजेन्द्र नैन को बाहर निकाला। स्थिति का तत्काल जायजा लेने के पश्चात, उन्होंने पहल की और जितेन्द्र कुमार द्वारा दी गई कवर गोलीबारी में श्री जिले सिंह के साथ बहादुरी से अटारी के दरवाजे की ओर आगे बढ़े। यह एक खतरनाक कार्य था, क्योंकि आतंकवादी ग्रेनेड फेंक सकता था अथवा यूबीजीएल से हमला कर सकता था। तथापि, उसके वास्तविक स्थान का पता लगाने और उसे निष्क्रिय करने के लिए उसके नजदीक जाने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं था क्योंकि वह अटारी पर एक सीमेंट के बने हुए बैरिकेड के पीछे छिपा हुआ था और लगातार गोलीबारी कर रहा था। तत्काल सोची गई अंतिम कार्रवाई में श्री ए. एस. नेगी ने गोलियों की बौछार कर दी और वे अपनी जान की परवाह किए बिना शीघ्रता से अटारी के भीतर पानी की टंकी के नजदीक चले गए। इस कार्रवाई से घायल आतंकवादी का ध्यान कुछ क्षण के लिए भंग हो गया और जब वह अपनी पोजीशन से हिला तो क्यूएटी कमांडर ने उसको लक्ष्य बनाने के लिए अवसर का फायदा उठाया। इस संयुक्त कार्रवाई में उसे कुछ सेकंड में ही मार गिराया गया। ऐसी उत्तेजनापूर्ण स्थिति में किसी भी देखने वाले के लिए यह एक विलक्षण वीरता का कार्य था, क्योंकि इसने तनावपूर्ण स्थिति के स्वरूप को बदल दिया और सैन्यदल आतंकवादी को मार गिराने पर उत्साहित थे। इसने आगे की जवाबी कार्रवाई के लिए मार्ग प्रशस्त कर दिया। मारे गए आतंकवादी की पहचान मंजूर अहमद बाबा निवासी ड्राबगाम, पुलवामा के रूप में की गई। क्यूएटी ने आगे अपना काम जारी रखा और अटारी से गुजरकर ऊपरी मंजिल से नीचे उतरने के पश्चात ब्लॉक 2 को सुरक्षित किया। इस प्रक्रिया में जितेन्द्र कुमार के साथ श्री ए.एस. नेगी के नेतृत्व वाले दल ने हेड कांस्टेबल मो. तफैल अहमद के शव को निकाला जिनकी अटारी में छिपे आतंकवादी के साथ बहादुरी से लड़ने के पश्चात चोटों के कारण मृत्यु हो गई।

अभी यह कठिन परीक्षा समाप्त ही हुई थी कि लगभग 1230 बजे मोर्चा संख्या 12 के नजदीक वाले दायरे के भीतर के क्षेत्र में एक आतंकवादी के दिखाई देने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। वैली क्यूएटी दल को उस स्थान पर पहुंचने तथा आतंकवादी को उलझाए रखने का निर्देश दिया गया। नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट, एल. इबोम्चा सिंह, सहायक कमांडेंट के साथ-साथ कांस्टेबल बुधी सिंह, कांस्टेबल एस. प्रकाश और सहायक उप-निरीक्षक उत्तम राज वाले दल ने इस उद्देश्य के लिए तत्काल कार्रवाई की। जब वे उस स्थान के नजदीक गए, तो आतंकवादी ने अपने स्वचालित हथियार से बीपी बंकर पर विस्फोट कर दिया जिसमें बीपी बंकर के भीतर एक एपीआई राउंड घुस गया और भीतर तैनात 49 बटालियन के कांस्टेबल मल्ला राम को लग गया और इस प्रक्रिया में उनको मामूली चोटें आईं। दल तुरंत उस वाहन से उतर गया, क्योंकि उबड़-खाबड़ क्षेत्र के कारण यह और आगे नहीं जा सकता था। आतंकवादी फायरिंग रेंज के असमतल खुले क्षेत्र में छिपा हुआ था और लगातार गोलीबारी कर रहा था। जीवन के प्रति गंभीर खतरे के बगैर उस तक पहुंचने के लिए कोई

प्रभावशाली कवर उपलब्ध नहीं था। कठिन जमीनी वास्तविकताओं की परवाह किए बिना, नरेश कुमार, एल इबोम्चा सिंह के साथ-साथ बुधी सिंह, एस. प्रकाश और उत्तम राज गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति अपनाते हुए और क्षेत्र में उपलब्ध छोटे-मोटे कवर का प्रयोग करते हुए खुले क्षेत्र में आगे बढ़े। जब वे नजदीक पहुंचे, तो आतंकवादी ने ग्रेनेड फेंकें। बुधी सिंह ने आतंकवादी के छिपने की पोजीशन की ओर एमजीएल से हमला किया जिसके कारण उसे मजबूरन बाहर आना पड़ा। ज्योंही वह दिखाई दिया, श्री नरेश कुमार और एस. प्रकाश ने एल. इबोम्चा सिंह, उत्तम राज और बुधी सिंह द्वारा दी गई कवर गोलीबारी की सहायता के साथ अपनी जान की परवाह किए बिना इस अवसर का लाभ उठाया, वे और नजदीक चले गए और तत्काल आतंकवादी को मार गिराया। मारे गए आतंकवादी की पहचान फरदीन अहमद खांडे पुत्र गुलाम मोहिउद्दीन खांडे निवासी त्राल, पुलवामा के रूप में हुई।

यह काम निपटाने के पश्चात् वैली क्यूएटी वापस क्वार्टर सं. 4 की ओर चली गयी, जहां फंसे हुए कार्मिकों को बचाने का कार्य पूरा हो गया था, परंतु आतंकवादी तीसरे ब्लॉक की ऊपरी मंजिल पर कब्जा किए हुए था। उस भवन के एक हिस्से को आईईडी की सहायता से गिराए जाने के प्रयास किए गए, परन्तु इससे वांछित परिणाम प्राप्त नहीं हुआ। तत्पश्चात, फ्लेम थ्रोवर (अग्नि वर्षा) की भी सेवा ली गई, परंतु कमरों में किसी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ न होने के कारण आग नहीं लग पाई। इसलिए, लगभग 1700 बजे एक सोचे-समझे निर्णय के पश्चात, नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट, एल. इबोम्चा सिंह, सहायक कमांडेंट के साथ-साथ कांस्टेबल बुधी सिंह, एस. प्रकाश और पी. के. पंडा वाले दल को कमरे में प्रवेश करने और भूतल से ऊपरी मंजिल तक इसे सुरक्षित करने संबंधी कठिन कार्य सौंपा गया। दल एक कठिन प्रक्रिया से गुजरा, जिसमें भूतल और प्रथम दो तलों को सुरक्षित किया गया। तत्पश्चात्, कांस्टेबल पी. के. पंडा ने अपने साथी कांस्टेबल एस. प्रकाश के साथ कमरे के भीतर एक ग्रेनेड फेंकने के पश्चात बहादुरी से ऊपरी मंजिल की बायीं ओर के ब्लॉक में प्रवेश किया। तथापि, जब वे दूसरे कमरे में घुसे, तो एक कोने में छिपे आतंकवादी ने सर्वप्रथम कांस्टेबल पी. के. पंडा को निशाना बनाते हुए उनकी ओर गोलीबारी शुरू कर दी, जिन्होंने तुरंत जवाबी गोलीबारी की। इस अचानक हमले से विचलित हुए बिना, श्री नरेश कुमार और कांस्टेबल एस. प्रकाश ने भी आतंकवादी को मार गिराने के लिए उस दिशा में गोलियों की बौछार करके तुरंत जवाबी कार्रवाई की। इसी दौरान, एल. इबोम्चा सिंह और बुधी सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना घायल पी. के. पंडा को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए कई प्रयास किये। अंत में दल के संयुक्त प्रयास ने आतंकवादी को ऐसे किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचने से रोकने में सहायता की, जहां से वह कांस्टेबल पी. के. पंडा की तरह अन्य लोगों को भी और चोटें पहुंचा सकता था। तथापि, इस परिस्थिति में, दल के पास रणनीतिक ढंग से पीछे हटने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं था।

सुरक्षा बलों द्वारा ग्रेनेड हमले का अंदेशा लगाते हुए, आतंकवादी जल्दी से टॉयलेट ब्लॉक में घुस गया और दीवार में बने छोटे से छेद से गोलीबारी करता रहा। टॉयलेट ब्लॉक की दीवार को रॉकेट लॉन्चर (आरएल) चलाकर तोड़ दिया गया, परन्तु शत्रु और आगे बढ़कर भवन के पीछे चला गया और अपनी सुरक्षित पोजीशन को बनाए रखने के लिए शांत बना रहा। चूंकि, अब तक दृश्यता कम हो गई थी और रात होने वाली थी, इसलिए घटना स्थल पर रोशनी करने और लक्षित भवन के आसपास कट ऑफ के रूप में बीपी बंकर, जिनमें सैन्यदलों को तैयार पोजीशन में रखा गया था, लगाने के पश्चात अभियान को रोक दिया गया।

भोर होने के पश्चात, अगली सुबह अर्थात् 1 जनवरी, 2018 को अभियान पुनः शुरू किया गया। रेंज क्यूएटी कमांडर, अनंतनाग ने टाइप 2 क्वार्टर के ब्लॉक 1 की दूसरी मंजिल पर दो श्रेष्ठ निशानेबाजों को तैनात कर दिया जहां से टाइप 4 क्वार्टर का तीसरा ब्लॉक दिखाई दे रहा था जहां आतंकवादी छिपा हुआ था। सामने टाइप 5 क्वार्टर से आरएल चलाए जाने के जोखिम से बचने के लिए आतंकवादी के पीछे की ओर जाने की प्रबल संभावना थी। इसलिए क्यूएटी कमांडर ने कांस्टेबल जुल्फकार अहमद के साथ उनके साथी को इस कार्य के लिए तैनात कर दिया। तदनन्तर, टाइप 4 क्वार्टर के तीसरे ब्लॉक को उड़ाने के लिए एक दिशापरक आईईडी लगाई गई, जिसमें जुल्फकार अहमद ने अपने साथी के साथ प्रभावशाली कवर फायर प्रदान किया। तथापि, आईईडी विस्फोट का अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ा फिर भी, नींव कमजोर हो गई। तत्पश्चात्, दीवार को तोड़ने के लिए आर एल चलाया गया। कुछ प्रयास के पश्चात कमरे के भीतर वाली दूसरी दीवार को भी तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई के पश्चात, यूएवी की सेवा ली गई और जब यह लक्षित घर के निकट पहुंचा, तो इस पर आतंकवादी द्वारा गोलीबारी की गई जिससे उसकी पोजीशन का पता चल गया। इस प्रक्रिया में, उसको भवन के पीछे की ओर जाने पर विवश होना पड़ा, जिससे उसको मुश्किल से 20 मीटर दूर कांस्टेबल जुल्फकार अहमद द्वारा ली हुई पोजीशन दिखाई दे गई। खतरे को भांपते हुए उसने उस पोजीशन पर गोलीबारी की। तथापि, जुल्फकार अहमद, जिनकी आंखे बालकनी पर टिकी हुई थीं, ने ठीक समय पर अपना सिर नीचे झुका लिया और स्वयं को गोलियों की बौछार से बचा लिया परन्तु उसी तत्परता से अपनी जान की परवाह किए बगैर उन्होंने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और आतंकवादी पर गोलियां चलाईं। इसके परिणामस्वरूप, आतंकवादी जमीन पर गिर पड़ा और उसने वापस गोली चलाने का प्रयास किया परन्तु वह दोनों ओर से दोहरी गोलीबारी में फंस गया।

दिनांक 1 जनवरी, 2018 को लगभग 1300 बजे, उस भवन में मृत आतंकवादी के शव की पुष्टि हुई। तत्पश्चात् श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व वाली वैली क्यूएटी ने भीतर प्रवेश किया और रणनीतिक ढंग से शहीद कांस्टेबल पी. के. पंडा और एक विदेशी आतंकवादी, जिसकी पहचान नहीं हो पाई, का शव बरामद किया। इसके पश्चात, क्यूएटी को कार्य सौंप कर सभी भवनों की पूर्ण

तलाशी ली गई और कार्रवाई स्थल को 'परिधि से बाहर' के रूप में चिह्नित कर दिया गया क्योंकि वहां पर जिन्दा गोलाबारूद होने की संभावना थी जिसे बाद में बीडीडी दल द्वारा ही हटाया जा सकता था। मुठभेड़ स्थल से हुई बरामदगियों में 03 एके-47 राइफल, 11 एके-47 मैगजीनें, 01 यूबीजीएल, 04 एचई ग्रेनेड, कुछ जिन्दा गोलाबारूद, पाउच और जेईएम का झंडा शामिल था। यह अभियान लगभग 1730 बजे पूरा हुआ।

लेथपोरा का अभियान अत्यधिक भयावह और चुनौतीपूर्ण था जो 36 घंटों से अधिक समय तक चला और इसे सीआरपीएफ द्वारा स्वयं सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह अभियान संभारकीय बाधाओं, विस्तृत और जटिल क्षेत्र, जिसमें आतंकवादियों से निपटने की आवश्यकता थी, भवनों में फंसे हुए अनेक बल कार्मिकों को कठिनाई और जोखिमपूर्ण ढंग से बचाने और प्रारंभिक क्षतियों से बचने सहित अनेक चुनौतियों से भरा हुआ था। बल द्वारा तीन खूंखार आतंकवादियों का सफाया करने की उपलब्धि का श्रेय सीआरपीएफ वैली क्यूएटी तथा अवंतीपोरा और अनंतनाग की रेंज क्यूएटी के सदस्यों के जबरदस्त धैर्य, दृढ़ निश्चय, अनुकरणीय साहस और कभी हार न मानने की भावना को दिया जा सकता है। इस यादगार अभियान के प्राथमिक योजनाकर्ता श्री अमर सिंह नेगी, डीआईजी दक्षिण कश्मीर ऑप्स रेंज (एसकेओआर), श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट, 79 बटालियन सीआरपीएफ, सं. 115031994 कांस्टेबल एस. प्रकाश, 43 बटालियन सीआरपीएफ, सं.145081561 कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, 180 बटालियन सीआरपीएफ, सं.065343211 स्व. कांस्टेबल शरीफ-उद-दीन गनाई, 185 बटालियन सीआरपीएफ और सं.920200201 स्व. हेड कांस्टेबल मो. तफैल अहमद, 185 बटालियन सीआरपीएफ थे। उपर्युक्त अधिकारियों/कार्मिकों ने इस अभियान में मुख्य हमला किया और अभियान को निर्णायक स्तर तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाई। वे वास्तव में इस अभियान के पुरोधा थे। इसके अतिरिक्त, श्री एल. इबोम्चा सिंह, सहायक कमांडेंट, 29 बटालियन सीआरपीएफ, सं.903040734 सहायक उप-निरीक्षक उत्तम राज, 185 बटालियन सीआरपीएफ, सं.045232487 कांस्टेबल बुधी सिंह, 44 बटालियन सीआरपीएफ और सं.125075282 कांस्टेबल जुल्फकार अहमद, 163 बटालियन सीआरपीएफ ने भी आवश्यक सहायता पहुंचाने और सैन्य बल के लिए अत्यधिक लाभपूर्ण स्थिति उत्पन्न करने में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अभियान में अंत तक आतंकवादियों की संख्या और उनकी पोजीशन के संबंध में लगातार अनिश्चितता बने रहने, इस तथ्य कि वे भारी हथियारबंद थे और एपीआई राउंड से लगातार गोलीबारी कर रहे थे, के बावजूद उपर्युक्त अधिकारी और कार्मिक अपनी जान और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना इस कार्रवाई में निडरतापूर्वक आगे डटे रहे। उनके साहसपूर्ण तरीके से कमरे में प्रवेश करने से बैरकों से बड़ी संख्या में कार्मिकों को समय पर बाहर निकालने में सहायता मिली जिससे बहुमूल्य जानें बच गईं।

इस अभियान में, सर्व/श्री स्व. शरीफ-उद-दीन गनाई, कांस्टेबल, स्व. मो. तफैल, हेड कांस्टेबल, अमर सिंह नेगी, उप महानिरीक्षक, नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट, एस. प्रकाश, कांस्टेबल, जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल, लोकरापम इबोम्चा सिंह, सहायक कमांडेंट, उत्तम राज, सहायक उप-निरीक्षक, बुधी सिंह, कांस्टेबल और जुल्फकार अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31.12.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 168-प्रेज़/2018—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. प्रतीक गुलिया,
   सहायक कमांडेंट
2. शिवपाल उइके,
